राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-139
लखनऊ, शनिवार 06 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





140 करोड़ देशवासियों की शक्ति का प्रतीक है सेना : सीएम योगी 03

अंतरिक्ष क्षेत्र में बढ़े स्टार्टअप की भागीदारी : एस सोमनाथ 12


# ईडी व सीआरपीएफ की टीम पर हमला

## टीएमसी नेता शेख शाहजहां और बोंगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष के घर रेड डालने पहुंची थी टीम

एजेंसी



जांच एजेंसी के दो वाहनों में 200 लोगों ने की तोड़फोड़, कुछ अफसरों के सिर में आईं चोटें

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में शुक्रवार को ईडी और सीआरपीएफ की टीम पर भीड़ ने जानलेवा हमला कर दिया। करीब 200 लोगों ने जांच एजेंसी के दो वाहनों में तोड़फोड़ की। इसमें कुछ अफसरों के सिर में चोट आई हैं। उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। श्रष्ठ की टीम शुक्रवार को राशन घोटाला मामले में राज्य के 15 ठिकानों पर रेड किया।

टीम साउथ 24 परगना जिले के संदेशखली गांव में तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां और बोंगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शंकर आध्या के घर रेड के लिए पहुंची थी। तो तृणमूल समर्थकों ने उन्हें घेर लिया और उन पर हमला कर दिया। शेख शाहजहां उत्तर 24 परगना जिला परिषद के मत्स्य एवं पशु संसाधन अधिकारी होने के साथ-साथ संदेशखाली का ब्लॉक अध्यक्ष भी है। वह राज्य के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का करीबी भी है। मल्लिक खुद राशन घोटाले में जेल में बंद हैं। श्रष्ठ के अफसरों ने बताया कि टीम पर हमला तब हुआ, जब शाहजहां के घर का ताला तोड़ा जा रहा था। टीम ने शाहजहां को कई बार फोन कर बुलाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं आए। जिले के स्क से भी बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने भी बात नहीं की। ईडी ने कथित राशन घोटाले मामले में 26 अक्टूबर 2023 को ममता सरकार के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक के ठिकानों पर रेड की थी। इसके बाद 27 अक्टूबर को उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। ज्योतिप्रिय मलिक वन मंत्री बनने से पहले खाद्य मंत्री रह चुके हैं। ज्योतिप्रिय की गिरफ्तारी के पहले श्रष्ठ ने इसी मामले में चावल मिल मालिक बकीबुर रहमान को गिरफ्तार किया था। 2004 में एक चावल मिल मालिक के रूप में अपना करियर शुरू करने वाले रहमान ने अगले दो वर्षों में तीन और कंपनियां खड़ी कर लीं थीं। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, रहमान ने कथित तौर पर कई सारी शेल कंपनियां बनाईं और पैसे निकाले। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद राज्य के गृह सचिव और ष्ठत्रक्कको तलब किया है। बोस ने कहा- यह एक भयानक घटना है। यह चिंताजनक और निंदनीय है। लोकतंत्र में बर्बरता और बर्बरता को रोकना एक सभ्य सरकार का कर्तव्य है। यदि कोई सरकार अपने मूल कर्तव्य में विफल रहती है, तो भारत का संविधान अपना काम करेगा।

### घटना की हो एनआईए जांच

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने ईडी की टीम पर हमले की निंदा करते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है। यह हमला दिखाता है कि रोहिंग्या राज्य में कानून-व्यवस्था के साथ क्या कर रहे हैं। मैंने गृह मंत्री अमित शाह से घटना की जांच एनआईए से करवाने की मांग की है। केंद्रीय मंत्री निशिथ प्रमाणिक ने कहा कि संदेशखाली में जो हुआ मैं उसकी निंदा करता हूं। किसी राज्य में जा रही केंद्रीय एजेंसी पर हमले से ज्यादा अपमानजनक कुछ नहीं हो सकता। यह सिर्फ टीम पर हमला नहीं है बल्कि पूरे संविधान, देश के संघीय ढांचे पर पर हमला है।

### विधायक रोहित पवार की कंपनी सहित छह जगहों पर छापा

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) शरद पवार के पौत्र और विधायक रोहित पवार की बारामती एग्रो कंपनी सहित छह जगहों पर शुक्रवार को सुबह से ही छापेमारी कर रहा है। शरद पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि यह कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है। इससे पहले उनके परिवार के वरिष्ठ सदस्यों को ईडी ने इसी तरह परेशान किया था, जब छापेमारी में कुछ नहीं निकला था। फिर भी रोहित पवार जांच में सहयोग करेंगे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश उपाध्यक्ष किरीट सोमैया की शिकायत पर ईडी की टीम आज सुबह से ही रोहित पवार के बारामती एग्रो कंपनी और कन्नड़ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्री सहित छह जगह छापेमारी कर रही है। किरीट सोमैया का आरोप है कि विधायक रोहित पवार ने बारामती एग्रो कंपनी को नीलामी में केवल 50 करोड़ रुपये में खरीदा। सोमैया ने इस नीलामी प्रक्रिया में हेरफेर किए जाने का आरोप लगाया है और इसकी छानबीन की मांग ईडी से की थी। इसी आधार पर ईडी की टीम आज सुबह से मुंबई, पुणे और संभाजीनगर में छह जगहों पर छापेमारी कर रही है। रोहित पवार ने इस कार्रवाई के बाद ट्विट कर कहा है कि यह स्वाभिमानी महाराष्ट्र के प्रगतिशील विचारों का चेहरा है। महाराष्ट्र की धरती पर संघर्ष का एक लंबा इतिहास है, क्योंकि इन महान विभूतियों ने हमें अन्याय के खिलाफ संघर्ष करना भी सिखाया है। इसलिए एक मराठी व्यक्ति के रूप में सभी को महाराष्ट्र धर्म को संरक्षित और बनाए रखने के लिए संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा।

# जावेद व छह साथी भारत के खिलाफ साजिश में शामिल

दिल्ली में हिज्बुल की गिरफ्तारी के बाद खुले कई राज



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम द्वारा हिज्बुल मुजाहिदीन आतंकी जावेद मट्टू को गिरफ्तार किए जाने के बाद लगातार कई खुलासे हो रहे हैं। मट्टू से पूछताछ में सामने आया है कि जावेद और उसके छह साथी करीब डेढ़ दशक से भारत के खिलाफ आतंकी साजिश में शामिल हैं। इन सभी को पाकिस्तान से ट्रेनिंग मिली थी। इसके छह साथियों में दो साथी बचकर पाकिस्तान भाग चुके हैं जबकि चार अलग-अलग समय में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं। इसके साथियों के नाम भी सामने आए हैं।

इसमें सबसे पहला नाम अब्दुल माजिद जरगर का है। यह मूलतः जम्मू कश्मीर के सोपोर का रहने वाला है, जो अभी पाकिस्तान में छुपा हुआ है और वहीं से हिज्बुल मुजाहिदीन कैडर के दूसरे ग्रुप को संभाल रहा है। वहीं से वह जावेद मट्टू को भी हैंडल करता था। यह आतंकी गतिविधियों के लिए वहीं से रुपये और जरूरत पड़ने पर बॉर्डर पार हथियार उपलब्ध कराने का भी काम करता था। आतंकियों में दूसरा नाम अब्दुल कयूम का है, जो प्रशिक्षित आतंकवादी है। यह भी सोपोर का रहने वाला है। यह सात आतंकवादियों को ऑपरेट करने वाले गैंग का इंचार्ज था। कुछ समय पहले सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़ में इसकी मौत हो गई थी। तीसरा आतंकवादी तारिक अहमद है, जो पाकिस्तान प्रशिक्षित है। यह जम्मू कश्मीर के हंदवाड़ा का रहने वाला था। सुरक्षाकर्मियों से बचने के लिए इसने नदी में छलांग लगा दी थी। उस घटना में इसकी मौत हो गई थी। इस क्रम में चौथे आतंकवादी का नाम इम्तियाज कुंडू है। यह जम्मू कश्मीर के सोपोर का रहने वाला है और यह भी पाकिस्तान प्रशिक्षित है। यह 2015-16 में भारत से भागकर पाकिस्तान पहुंच गया था और अभी वहीं से अब्दुल माजिद जरगर के साथ ऑपरेट कर रहा है। पांचवें आतंकी की पहचान मेराज के रूप में हुई है। यह जम्मू कश्मीर के शिवपुरी का रहने वाला था। पाकिस्तान द्वारा ट्रेंड आतंकी को सुरक्षा बलों ने पिछले दिनों मुठभेड़ के दौरान मार गिराया था। छठे आतंकी की पहचान वसीम गुरू के रूप में हुई है, जो कि सोपोर से रहने वाला है।

### चौटाला के समधी दिलबाग सिंह व करीबियों के ठिकानों से पांच करोड़ की नकदी बरामद

**यमुनानगर/चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत के आदेश पर सोनीपत से पूर्व कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार, करनाल के भाजपा नेता मनोज वधवा और यमुनानगर के इनेलो से पूर्व विधायक के ठिकानों पर छापा मारा था। ईडी के अधिकारियों ने दिलबाग सिंह के कार्यालय, फैजपुर स्थित फार्म हाउस सहित अन्य कारोबारी संजीव बिट्टा, इंद्रपाल सिंह बब्बल के घर और अन्य ठिकानों पर छापा मारा था। दिलबाग सिंह 2009 में विधायक का चुनाव जीते थे। 2014 में उन्हें भाजपा के घनश्याम दास अरोड़ा से हार का सामना करना पड़ा था। अभय चौटाला के समधी इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह का खनन और माझा ट्रांसपोर्ट के नाम से बड़ा कारोबारी नेटवर्क है। उनका नेटवर्क हरियाणा के अलावा राजस्थान और उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर फैला है। यह छापे अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के सिलसिले में मारे गए। 2022 में भी पूर्व विधायक के निवास पर आयकर विभाग ने छापा मारा था।



## संक्षिप्त समाचार

### यूपी बोर्ड 2024 की परीक्षा में 8264 केन्द्र निर्धारित

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड 2024 की परीक्षाओं के लिए इस वर्ष कुल 8264 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। इसमें हाईस्कूल के 29,47,324 एवं इण्टर में 25,77,964 पंजीकृत परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। यूपी बोर्ड के सचिव दिव्य कांत शुक्ल ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि सबसे ज्यादा परीक्षा केन्द्र प्रयागराज में 2408 हैं। मेरठ में 1528, बरेली में 893, वाराणसी में 2084 एवं गोरखपुर में 1351 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। हाईस्कूल में पंजीकृत 15,71,687 बालक एवं 13,75,637 बालिकाएं हैं। इण्टरमीडिएट में 14,28,731 बालक एवं 11,49,233 बालिकाएं यानी कुल 55,25,288 परीक्षार्थी हैं।

### मथुरा की शाही मस्जिद को हटाने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मथुरा की विवाद शाही मस्जिद हटाने और वहां भगवान श्री कृष्ण जन्म स्थल घोषित करने का निर्देश देने की मांग वाली एक जनहित याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने वकील महेक माहेश्वरी की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि इसमें दिए गए तथ्यात्मक विवादित सवालों के मद्देनजर इस मामले में अदालत का दखल देना उचित हीं होगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अक्टूबर 2023 में माहेश्वरी की इस याचिका खारिज कर दी थी।

### राष्ट्रपति से मिले पांच देशों के राजदूत, परिचय पत्र स्वीकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में अजरबैजान, लेसोथो, जाम्बिया, श्रीलंका और ग्रीस के राजदूतों व उच्चायुक्तों के परिचय पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति भवन के अनुसार जिन लोगों ने शुक्रवार को राष्ट्रपति को अपना परिचय पत्र प्रस्तुत किया, उनमें अजरबैजान के राजदूत एल्चिन नरीमन ओग्लू हुसेनली, लेसोथो की उच्चायुक्त लेबोहांग वैलेंटाइन मोचाबा, जाम्बिया के उच्चायुक्त पर्सी पी. चंदा, श्रीलंका की उच्चायुक्त क्षेनुका धीरेनी सेनेविरत्ने और ग्रीस की राजदूत अलिकी कौत्सोमिटोपोलू शामिल हैं।

### धोनी ने पूर्व बिजनेस पार्टनर पर दर्ज कराया मुकदमा

**नई दिल्ली।** खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी ने अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वाश के खिलाफ रांची की अदालत में मुकदमा दायर किया है। दिवाकर ने कथित तौर पर विश्व स्तर की एक क्रिकेट एकेडमी बनाने के लिए 2017 में धोनी के साथ एग्रिमेंट किया था। वह इसकी शर्तों का पालन करने में विफल रहे। धोनी ने 15 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।

### शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, 72 हजार के ऊपर बंद हुआ सेंसेक्स

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। एनएसई में आज 2,155 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,125 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,030 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 169.14 अंक की तेजी के साथ 72,016.71 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 308.91 अंक उछल कर 72,156.48 अंक के स्तर पर पहुंच गया, लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया।

# मंत्रिमंडल ने 4797 करोड़ रुपए की पृथ्वी योजना को दी मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की 4797 करोड़ रुपए की व्यापक योजना पृथ्वी विज्ञान (पृथ्वी) को शुक्रवार को मंजरी दे दी। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशा की प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।

पृथ्वी विज्ञान योजना को 2021-26 की अवधि के के लिए मंजूरी दी गई है। इस योजना में पांच उप-योजनाएँ, वायुमंडल और जलवायु अनुसंधान-मॉडलिंग अवलोकन प्रणाली और सेवाएँ, महासागर सेवाएँ, मॉडलिंग अनुप्रयोग, संसाधन और प्रौद्योगिकी, ध्रुवीय विज्ञान और क्रायोस्फीयर अनुसंधान, भूकंप विज्ञान तथा भूविज्ञान और अनुसंधान, शिक्षा, प्रशिक्षण और आउटरीच शामिल हैं। नई घटनाओं और संसाधनों की खोज की दिशा में पृथ्वी के ध्रुवीय और उच्च समुद्री क्षेत्रों की खोज। सामाजिक अनुप्रयोगों के लिए समुद्री संसाधनों की खोज और टिकाऊ दोहन के लिए प्रौद्योगिकी का विकास।

### पटना हाईकोर्ट को उड़ाने की धमकी, रजिस्ट्रार जनरल को आया ईमेल

**पटना।** पटना हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की आईडी पर धमकी भरा ईमेल आया है। मेल में लिखा गया है कि भारत के कई कोर्ट को निशाना बनाया जाएगा। इसके बाद हाई कोर्ट परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। सूचना मिलते ही पटना पुलिस और एटीएस की टीम मौके पर पहुंची है। एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड को भी बुलाया गया है। टीम स्निफर डॉग्स की मदद से हाई कोर्ट कैंपस की जांच की जा रही है। मौके पर कोतवाली पुलिस के साथ कोतवाली लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद भी मौके पर पहुंच गए है।

# अपहृत जहाज को भारतीय युद्धपोत ने लिया कब्जे में

जहाज पर भारतीय दल सुरक्षित, मरीन कमांडो ऑपरेशन के लिए तैयार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस चेन्नई अरब सागर में सोमालिया तट के पास अपहृत हुए जहाज एमवी लीला नोरफोक के करीब पहुंच गया है। भारतीय युद्धपोत ने अपना हेलीकॉप्टर लॉन्च किया और भारतीय समुद्री कमांडो ने अपहृत जहाज को अपने कब्जे में लेकर समुद्री डाकुओं को अपहृत जहाज छोड़ने की चेतावनी जारी की है।

जहाज पर सवार भारतीय दल सुरक्षित है और मरीन कमांडो मार्कोस ऑपरेशन के लिए तैयार हैं। उत्तरी अरब सागर में सोमालिया से 300 समुद्री मील पूर्व में लाइबेरिया ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी लीला को अपहृत किया गया है। यह जहाज पोर्ट डु एको (ब्राजील) से बहरीन में खलीफा बिन सलमान के लिए जा रहा था। चालक दल ने 04 जनवरी की शाम को यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन पोर्टल पर जहाज पर पांच से छह समुद्री डाकुओं के सवार होने का संदेश दिया था।

यूकेएमटीओ व्यापारिक जहाजों के लिए संपर्क और क्षेत्र में सैन्य बलों के साथ संपर्क के प्राथमिक बिंदु के रूप में कार्य करता है। यूकेएमटीओ से सोमालिया के पास व्यापारिक जहाज एमवी लीला का अपहरण होने का संदेश मिलने के बाद भारतीय नौसेना के मिशन में तैनात प्लेटफार्मों ने अरब सागर में इस समुद्री घटना पर तेजी से प्रतिक्रिया दी।

# संसद सुरक्षा में सेंध मामला : पांच आरोपियों का होगा पॉलीग्राफ टेस्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में 13 दिसंबर को सागर शर्मा और डी मनोरंजन नाम के शख्स कूदे थे। इन्होंने रंगीन धुआं छोड़ा था। संसद के बाहर इनके साथी नीलम और अमोल शिंदे नारे लगा रहे थे।

संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले 6 आरोपियों में से 5 का पॉलीग्राफ टेस्ट होगा। 2 आरोपियों मनोरंजन और सागर ने नार्को एनालिसिस और ब्रेन मैपिंग टेस्ट के लिए कोर्ट में अपनी सहमति दी है। बाकी तीन आरोपी अमोल, ललित और महेश भी पॉलीग्राफी टेस्ट के लिए तैयार हो गए। छठवीं आरोपी और संसद के बाहर नारे लगाने वाली नीलम आजाद ने पॉलीग्राफ टेस्ट कराने से मना कर दिया है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में शुक्रवार (5 जनवरी) को मामले की सुनवाई हुई। एडिशनल जज हरदीप कौर ने दिल्ली पुलिस की मांग पर आरोपियों की पुलिस कस्टडी को 13 जनवरी तक बढ़ा दिया है। आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। डिफेंस के वकील अमित शुक्ला ने दिल्ली पुलिस की पॉलीग्राफी टेस्ट की मांग पर कोर्ट से कानूनी सलाह के लिए 15 मिनट का समय मांगा।

### आप ने स्वाति मालीवाल को बनाया राज्यसभा कैंडिडेट

**नई दिल्ली।** दिल्ली की 3 राज्यसभा सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने अपने कैंडिडेट घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने दिल्ली महिला आयोग चीफ स्वाति मालीवाल, संजय सिंह और नारायण दास गुप्ता को टिकट दिया है। संजय सिंह शराब घोटाले में अभी जेल में बंद हैं। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें जेल से ही चुनाव लड़ने की अनुमति दे दी है। इसके बाद उन्होंने जेल से ही चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है। उनका यह दूसरा कार्यकाल होगा। वहीं, पेशे से चार्टर्ड एकाउंटेंट नारायण दास गुप्ता का भी ये दूसरा टर्म होगा।

# मुठभेड़ में मारा गया लश्कर का आतंकवादी

एजेंसी

**शोपियां।** शोपियां जिले में शुक्रवार को हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी को मार गिराया है। वह सेना के एक जवान समेत कई आतंकी घटनाओं में शामिल था।

एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शोपियां के गांव छोटीगाम इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस, सेना (34 आरआर) और सीआरपीएफ (178 बीएन) ने शुक्रवार सुबह घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान छिपे हुए आतंकवादी ने सुरक्षाबलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसका सुरक्षाबलों ने प्रभावी ढंग से जवाब दिया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ के कुछ ही घंटों में एक आतंकवादी मारा गया और उसका शव मुठभेड़ स्थल से बरामद किया गया। आतंकवादी की पहचान चेक चोलन निवासी बिलाल अहमद भट के रूप में की गई है।

### भगोड़े दाऊद इब्राहिम के रिश्तेदारों की दो संपत्तियां नीलाम

**मुंबई।** महाराष्ट्र के तटीय रत्नागिरी जिले की खेड़ तहसील के मुंबके गांव में कुख्यात भगोड़ा आतंकी दाऊद इब्राहिम के परिवार के सदस्यों की दो संपत्तियां शुक्रवार को स्मगलर्स एंड फॉरेन एक्सचेंज मैनिपुलेटर्स (संपत्ति की जब्ती) अधिनियम (साफेमा) के तहत नीलाम कर दी गई। भगोड़ा आतंकी दाऊद की कुल चार संपत्तियां शुक्रवार को नीलामी की जानी थीं, लेकिन उनमें से दो के लिए किसी ने भी नीलामी में हिस्सा नहीं लिया। अन्य दो संपत्तियों को क्रमशः चार और तीन बोलीदाता प्राप्त हुए और एक ही व्यक्ति उन दोनों के लिए बोली लगाईं। इनमें से एक संपत्ति, 170.98 वर्ग मीटर की कृषि भूमि, को 15,440 रुपये के आरक्षित मूल्य के मुकाबले 2.01 करोड़ रुपये की उच्चतम बोली मिली। इसी तरह दूसरी संपत्ति 1730 वर्गमीटर की कृषि भूमि के लिए आरक्षित मूल्य 1,56,270 रुपये के मुकाबले 3.28 लाख रुपये की उच्चतम बोली लगी।

### देश में कोरोना के 761 नए मामले, 12 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के नए मामलों में बढ़ोतरी जारी है। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 761 नए मामले सामने आए हैं और इससे 12 मरीजों की मौत हुई है। शुक्रवार को जारी स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में कोरोना के 838 मरीज स्वस्थ हुए हैं। मौजूदा समय में 4334 एक्टिव मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक और केरल में कोरोना के नए मामलों में लगातार बढ़ोतरी जारी है। यहां कोरोना से मरने वालों की संख्या भी अधिक है। कर्नाटक में पिछले 24 घंटे में कोरोना से 4 मरीजों की मौत हुई है वहीं, केरल में 5 लोगों की मौत हुई है।

जनसभा

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार पर साधा निशाना

# कांग्रेस ने भाजपा शासन में खुले 900 संस्थान किए बंद

एजेंसी

**शिमला।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सुक्खू सरकार पर निशाना साधा है। जेपी नड्डा ने सुक्खू सरकार को बैक गियर वाली सरकार करार दिया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में सतारूढ़ होने के बाद कांग्रेस सरकार ने भाजपा शासन में खुले 900 संस्थान बंद किए। 620 सरकारी दफ्तर और कई स्कूल-कॉलेज भी बंद कर दिए गए हैं।

कांग्रेस सरकार खुद तो काम नहीं कर रही है, लेकिन जो काम कोई करते हैं उनके कामों को यह पीछे ले जाते हैं। वर्तमान कांग्रेस सरकार हिमकेयर योजना के 200 करोड़ रूपये जारी नहीं कर पा रही है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार को अपने अभिनंदन समारोह के दौरान जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिलने पर जेपी नड्डा का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस जनसभा में पार्टी के कार्यकर्ता भारी तादाद में जुटे। जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा को सरकारों ने जो कहा था वो किया और जो नहीं कहा था वो भी किया। भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों में अंतर साफ है। उन्होंने कहा कि भाजपा की पूर्व सरकार ने हिमाचल में जहां डीजल पर वैट घटाकर लोगों को राहत दी थी, लेकिन वर्तमान कांग्रेस सरकार दो बार वैट बढ़ा चुकी थी। इसके अलावा सीमेंट को 20 रुपये महंगा किया। कांग्रेस की सरकारों का केवल यही काम है जितनी भी भाजपा की सरकारों वाले राज्य है वहां डीजल को घटाया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस की गारंटी को काठ की हांडी है, जबकि मोदी की गारंटी को सच्ची गारंटी बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता गारंटी केवल एक बार देते हैं और पूरी नहीं करते हैं।




### मोदी सरकार ने आपदा के समय समझा हिमाचल का दुख

जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार ने आपदा के समय हिमाचल का दुख समझा और हरसंभव मदद की है। मोदी सरकार आपदा से राहत के लिए 1782 करोड की राशि भेज चुकी है, जबकि कांग्रेस प्रचार करती है कि केंद्र ने कोई फंड नहीं भेजा। कांग्रेस के नेताओं को बोलने से पहले सोचना चाहिए। नड्डा ने कांग्रेस पर गारंटियों की आड़ में जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की राजनीतिक की संस्कृति बदल दी है। मोदी के कामों से देश की राजनीति में बड़ा परिवर्तन आया। उन्होंने देश की दिशा बदल दी है। आयुष्मान भारत के अंतर्गत 50 करोड़ लोगों को पांच लाख तक सालाना इलाज मिल रहा है। हिमाचल की पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश में हिम केयर योजना चला कर जो आयुष्मान भारत के अंतर्गत नहीं आते थे उन्हें भी स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की।

# ग्राम विकास के सपने को साकार कर रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी : बिरला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महात्मा गांधी के ग्राम विकास के सपने को साकार कर रहे हैं। बिरला शुक्रवार को यहां संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों की महिला प्रतिनिधियों के लिए आयोजित पंचायत से संसद तक कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

बिरला ने कहा कि भारत विकास में महिलाओं की भागीदारी से महिलाओं के नेतृत्व में विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस संबंध में हाल ही में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख करते हुए



बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संसद के नए भवन में आयोजित पहले ही सत्र में इस ऐतिहासिक अधिनियम को पारित किया गया। बिरला ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस अधिनियम का उद्देश्य लोक सभा और राज्य विधान मंडलों में कुल एक तिहाई सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित करना है। यह निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका में लाने में गेमचेंजर सिद्ध होगा।

# जन्ममृत्यु पंजीकरण में लाएं तेजी: डीएम

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि जन्म मृत्यु पंजीकरण योजना के अंतर्गत सीआरएस पोर्टल पर पंजीकरण की संख्या में अपेक्षित सुधार किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्रामीण क्षेत्रों में जन्म मृत्यु के कोई भी केस अपंजीकृत न रहने पाएं।

जिलाधिकारी आज इस योजना के सम्बंध में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की ऑनलाइन बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एकता सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत सचिव, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की एक समिति बनाकर इस कार्य की मुख्य विकास अधिकारी स्तर पर समीक्षा की जाए।

उन्होंने कहा कि प्रधान को भी आवश्यक हो तो इसमें शामिल कर लें। जिलाधिकारी ने इस बात पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर तथा व्यक्तिगत एवं संस्था स्तर पर जो आईडी क्रिएट की गई हैं, उनमें से एक्टिव नहीं रहने वाली आईडी को एक्टिवेट किया जाए।

उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे अपने स्तर पर पंजीकरण रजिस्टर आदि की औपचारिकता की गहन समीक्षा करें और इस कार्य की निर्धारित प्रक्रिया का पालन अवश्य सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस बारे में लोगों के बीच जागरूकता की भी कमी है। इसे दूर करने के लिए भी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्री को सक्रिय किया जाए और पंचायत भवन को इस कार्य के लिए भी प्रयोग किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि घर में होने वाली मृत्यु के पंजीकरण के लिए गांव के लोगों को इस बारे में बताया जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि इस कार्य में लगे हुए सभी लोगों के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण की व्यवस्था करें और इसकी प्रक्रिया को समझाने के लिए वीडियो बनवा लिया जाए जिसमें प्रक्रिया के पालन को स्पष्ट रूप से दिखाया बताया गया हो। उन्होंने कहा कि इसमें पोर्टल की तकनीक को भी समझाने में प्रयोग किया जाए।

## बीडीओ जन सुनवाई को लेकर नही गम्भीर भटक रहे फरियादी

**रामनगर विकास, बाराबंकी।** खंड रामनगर में फरियादियो की कोई सुनवाई नहीं है। पीड़ित अपनी व्यथा सुनाने के लिए भटकते रहते है। मुख्यालय में निवास की बात तो दूर की कौड़ी है।खंड विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह जब से तैनात हुये है लोगों की समस्याओ का निदान हो पाना सम्भव नहीं दिखाई पड़ रहा है। गौशालाओ में भी अव्यवस्थाओं का बुरा दौर शुरु हो चुका है। भूसा के बजाय अब पुआल पशु खा रहे है और ठंडक में पशुओं को बचाने के इंतजाम तक नही हो सके। ब्लॉक मे कभी 11 बजे तो कभी 4 बजे अचानक आकर मीटिंग करते है। ब्लॉक के कर्मचारियों और प्रधानों पर दबाव बनाकर मनरेगा कार्य बढ़ाने का दबाव बनाते है।

# घण्टा घड़ियाल बजाते हुए टोलियां घर घर दे रहीं अयोध्या धाम का आमंत्रण

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



आगामी 22 जनवरी को अयोध्या धाम में स्थित भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन दिन पर दीपावली मनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व हिंदू परिषद एवं अन्य अनुसांगिक संगठनों द्वारा गांव गांव नगर नगर घंटा घड़ियाल बजाते हुए टोलियों के साथ घर-घर पहुंचकर लोगों को जागृत किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को अयोध्या धाम से आए पूंजित अक्षत एवं श्री राम दर्शन के लिए आए आमंत्रण पत्र को बहुत धाम ग्राम पंचायत में घर-घर अपनी टीम के साथ पहुंचे प्रखंड संपर्क प्रमुख अरुण शुक्ला ने सभी से श्री राम मंदिर मे प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को अपने घरों के साथ आसपास के मंदिरों को भी दीप को एवं झालरों से सजाकर दीपावली मना कर भगवान राम के अभिनंदन का अनुरोध किया। इस दौरान उनके साथ प्रधान देवी प्रसाद लोधी बृजेश शुक्ला राम उजागर सिंह कुंज बिहारी पांडे विकास सिंह हरीमोहन मिश्र लवकुश प्रजापती विनोद त्रिपाठी अनिल कुमार लोधी कृष्णकुमार शुक्ला जग्गन अवस्थी ,राम कमल तिवारी रामहेत लोधी राम अनुज मोर्या गयाप्रसाद शर्मा एवं जटाशंकर पांडे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर युवती से करता रहा दुराचार, मुकदमा दर्ज

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** शादी का झांसा देकर गांव का ही युवक एक दलित युवती के साथ करता रहा दुराचार। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामला थाना कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के एक गांव का है जहां एक युवक दलित युवती को अपने प्रेमजाल में फंसा कर शादी का वादा करके कई बार दुराचार किया। युवती द्वारा युवक पर शादी करने का दबाव बनाने पर युवक व उसके परिजनों ने इन्कार कर दिया।जिसके बाद पीड़ित युवती के द्वारा मामले की शिकायत बदोसराय पुलिस से की गयी। जिसमे पुलिस ने युवक सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी प्रफुल्ल कुमार यादव ने बताया है कि पीड़ित युवती की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में पूर्व प्रमुख ने बताई सरकार की योजनाएं

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

विकासखंड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत खैरा कनकू गांव के बाबा खिलाड़ी दास इंटर कॉलेज परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंह और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम नारायण दीक्षित ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सुनील सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना किसान सम्मन निधि उज्ज्वला योजना वृद्धा पेंशन योजना सहित विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई है मुख्य अतिथि द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषण किट एवं उज्ज्वला योजना और किसान सम्मन निधि योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का ग्राम प्रधान रामराज वर्मा द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष हैदरगढ़ कृष्ण कुमार सिंह आशीष शुक्ला शिवेंद्र प्रताप सिंह प्रधान सराय पांडे विजय बहादुर सिंह प्रमुख प्रतिनिधि नीरज वर्मा प्रधान मोहम्मदपुर अभय प्रताप सिंह गुड्डू मोहम्मद शाहिद सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कम्बल पाकर गरीबों ने ली राहत की सांस

- राम हर्ष की पुण्यतिथि पर कम्बल वितरण समारोह कार्यक्रम में हजारों जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



स्व रामहर्ष की पुण्यतिथि पर उनके पुत्र प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह द्वारा नगर पंचायत सुबेहा के सराय चंदेल तिराहे स्थित कार्यालय प्रांगण में विशाल कंबल वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप पर पहुंचे भाजपा सांसद उपेंद्र रावत जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत विधायक दिनेश रावत जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य पूर्व मंत्री बैजनाथ रावत पूर्व जिला अध्यक्ष शशांक कुशमेश दिव्य संघ अयोध्या मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह सहित भाजपा के कई दिग्गज नेता के द्वारा करीब एक हजार जरूरत मंद व्यक्तियो को ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरण किया गया। कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खुशी से खिलखिला उठे।

इस अवसर पर भाजपा सासद उपेन्द्र रावत ने कहा कि पिछले पंद्रह साल से प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह द्वारा लगातार गरीबों को ठंड से बचाने हेतु बड़ी संख्या में कंबल वितरित किया जा रहा है जो काफी सराहनीय कदम है भाजपा विधायक दिनेश रावत ने कहा की गरीबों की सेवा करना मानव जीवन में सबसे बड़ा पुनीत कार्य है जिसमे हर सक्षम व्यक्ति को बढ़चढ़ हिस्सा लेना चाहिए । जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजरानी रावत, पूर्व मंत्री बैजनाथ रावत, जिलाअध्यक्ष अरविंद मौर्य ने भी प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह के इस पुनीत कार्य की जमकर प्रशंशा की । प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट देकर स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल महामंत्री सदीप गुप्ता मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला खंड विकास अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव युवा भाजपा नेता गोविंद पाठक भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष महाराज दीन पांडेय प्रधान संघ अध्यक्ष हनुमान द्विवेदी प्रधान प्रतिनिधि संतोष सिंह विनोद शुक्ला दीनबंधु पांडेय मनोज मिश्रा राहुल बाजपेई प्रधान राम सिंह विजय कुमार सिंह डी पी यादव अतुल सिंह रामकुमार सिंह पिंकू सिंह सोनू सिंह मोनू सिंह सहित सैकड़ो संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

# बहुता धाम में दो दिवसीय मेला सात जनवरी से

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग पर स्थित बहुता धाम गांव में जय मां कालिका देवी मेला समिति द्वारा आगामी 7 एवं 8 जनवरी को दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत सहित बड़ी संख्या में लोग हिस्सा लेंगे।

मेला समिति के संरक्षक शोभित त्रिपाठी निराला ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मेले में रविवार को पहले दिन 11 बजे से 1बजे तक सुंदरकांड 2 बजे से शाम 5बजे तक संदीप आर्ट ग्रुप लखनऊ द्वारा मनमोहक झांकी प्रस्तुत की जाएगी एवं रात में विशाल जवाबी कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन सोमवार को रायबरेली से आने वाले मिमिक्री आर्टिस्ट उदय सिंह द्वारा आवाजों का जादू एवं 3:00 से 5:00 तक एक बार फिर संदीप आर्ट ग्रुप द्वारा झांकियां प्रस्तुत की जाएगी जबकि रात में प्रतापगढ़ से आई खन्ना चौहान की मशहूर संगीत कंपनी द्वारा नौटंकी का मंचन कर श्रोताओं दर्शकों का मन मोहा जाएगा। मेला के आयोजन में मंच संचालक अरविंद वाजपेई सोनू भैया प्रबंधक राममूर्ति मौर्य अध्यक्ष बैजनाथ रावत रंजीत यादव अशोक चौरसिया मनोज साहू विकास पांडे मोहित वाजपेई आसाराम गौतम अंकित गौतम श्याम मूर्ति बन गई उत्तम दादा पुत्तीलाल वंशकार मोतीलाल वंशकार गंगा दिन विजय रावत लव कुश मिश्रा राम प्रकाश शुक्ला दादू राजकुमार शुक्ला श्रवण गुप्ता राज पांडे अर्जुन रावत विपत्ति रावत आदित्य त्रिपाठी भवानी कमलेश चौकीदार रामदेव रावत मिश्रीलाल पवन आजाद का महत्वपूर्ण योगदान हैं।

## खबरें एक नजर में

### रोजगार मेला का किया गया आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** विकास खण्ड मोहम्मदी में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ब्लाक प्रमुख महेन्द्र कुमार बाजपेई, की उपस्थित में दीप प्रज्जवलित कर मेले का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षार्थियों से कहा कि अपनी स्वेच्छानुसार किसी नियोक्ता कम्पनी में साक्षात्कार देकर अपने कैरियर की शुरुवात करें और अनुभव प्राप्त कर निरन्तर आगे बढ़ते रहे। मेले में 07 प्रतिष्ठित कम्पनियों तथा 300 से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से विभिन्न कम्पनियों द्वारा 137 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। मेले की अध्यक्षता जिला रोजगार सहायता अधिकारी, साक्षी डागुर, द्वारा किया गया।

### पुलिस व एसएसबी हुई सख्त, शुरू की पेट्रोलिंग



**खैरटिया खीरी।** भारत नेपाल सीमा पर शुक्रवार को एसएसबी और तिकुनिया पुलिस ने संयुक्त पेट्रोलिंग किया। पेट्रोलिंग गणतंत्र दिवस व अयोध्या राम मंदिर को लेकर की जा रही है। शुक्रवार को गणतंत्र दिवस व आयोध्या राम मंदिर को लेकर तिकुनिया पुलिस तथा एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा सीमा पर सतर्कता बरती जा रही है। तिकुनिया थानाध्यक्ष मनोज कुमार की अगुवाई मे एसएसबी खखरौला घाट असिस्टेंट कमांडेंट संजय कुमार के नेतृत्व में एसएसबी तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने नेपाल आने जाने वाले लोगों के सामानों की गहन जांच की। संयुक्त टीम द्वारा भारत नेपाल सीमा के खखरौला बॉर्डर क्षेत्र में पैदल पेट्रोलिंग की।

### कवच योजना के अन्तर्गत ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** 05 जनवरी 2024 को ग्राम निझोटा, थाना क्षेत्र गौरीफंटा में कवच सेल के अन्तर्गत ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक में उपस्थित ग्राम सुरक्षा समिति के अध्यक्ष व सदस्यों तथा थारू जनजाति के गणमान्य नागरिकों से विभिन्न पहलुओं पर वार्ता की गई तथा उन्हें उच्चाधिकारियों एवं शासन के आदेशों निर्देशो से अवगत कराते हुए विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

### बेखौफ चोरों का बढ़ा हौसला,चोरियां बढ़ी

**सिद्धौर बाराबंकी।** असन्द्रा थाना अंतर्गत पुलिस चौकी क्षेत्र में लगातार ताबड़तोड़ चोरी की वारदातों से लोगों में जहां भय का माहौल है वही चोरी की घटनाओं को नजरअंदाज करने का पुलिसिया रवैया शातिर चोरों के हौसलों को आफ जाई कर रहा है कि क्षेत्र में सक्रिय शातिर चोर एक के बाद एक घटना को अंजाम देने में जरा भी संकोच नहीं कर रहे हैं। बीती रात कस्बा सिद्धौर के एक मकान में घुसकर मोबाइल, साइकिल,नकदी अज्ञात चोर उठा ले गए। थाना असन्द्रा अंतर्गत पुलिस चौकी सिद्धौर के नगर पंचायत सिद्धौर के मोहल्ला उत्तरी अंसारी निवासी रमजान अली के मकान में अज्ञात चोर घुसकर लगभग मोबाइल फोन, साइकिल, वह 1600 सौ हजार का सामान चुरा ले गए।इस संबंध में चौकी प्रभारी नीरज कुमार का कहना है कि अभी तहरीर नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

## कड़ाके की ठंड में अलाव राहगीरों का बन रहे सहारा

**जैदपुर बाराबंकी।** शीत लहर व भयंकर ठंड को देखते हुए नगर पंचायत जैदपुर में चिन्हित स्थानों पर अलाव जलाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे राहगीर सहित अन्य लोगों को ठंड से बचने में काफी मदद मिल रही है। बताते चलें कि नगर पंचायत जैदपुर द्वारा ठंड के मौसम में जगह जगह अलाव जलाने से आग एक सहारा बनी हुयी है।मोहल्ला बड़ा पूरा मुख्किन पानी की टंकी चमरिया थाना चौराहा बड़ी बाजार छोटा इमामबाड़ा शाहकटरा रइस कटरा अहारना सहित कई अन्य चिन्हित जगह पर अलाव जलाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे राहगीर सहित आम जनता का ठंड के कहर से बचारा व काफी राहत महसूस हो रही है। वही नगर पंचायत के सफाई कर्मी देर रात तक अलाव की लकडियां वितरण करते हुए नजर आ रहे हैं।

# एसपी ने परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन स्थित परेड ग्राउंड पर शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई। सलामी ग्रहण करने के उपरांत शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया। जिसके पश्चात क्वार्टर गार्द का निरीक्षण किया गया। गार्द कमांडरों के रजिस्टरों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस लाईन में स्थित समस्त कार्यालयों के रजिस्टरों का अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# नगर पालिका ने पुण्यतिथि पर स्मृति शेष राष्ट्र कवि पं. सियाराम मिश्रा को किया याद

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद गोला में स्मृति शेष पं० सियाराम मिश्रा की पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गई जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा/ एम एल सी अनूप गुप्ता विशिष्ट अतिथि विधायक अमन अरविन्द गिरि तथा जिला उपाध्यक्ष/चेयरमैन नगर पालिका की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ पं सियाराम मिश्रा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री एवं एम एल सी ने कहा कि ऐसे मनीषी बडे बिरले ही प्रकट होते है, जो समाज की पीडा को महसूस करते हुए साहित्य लेखन करते है जो समाज को नयी दिशा देता है तथा हमारे लिए सदैव प्रेरकत्व रहेगा।

कार्यक्रम में विधायक अमन अरविन्द गिरि, विधायक संयोजक अवधेश मिश्रा व मधुकर सैदाई ने अपने विचार रखें। संचालन नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा ने किया। इस अवसर पर उनके पुत्र राजन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष विजय महेश्वरी, धर्मेन्द्र सिंह, रविन्द्र कटियार, राजीव कौशल, अरुण अवस्थी, विजय मिश्रा, सभासद आनंद किशोर गिरि, धर्मेन्द्र जायसवाल, अनिल गुप्ता, धर्मेन्द्र तिवारी, शोभित कुमार,खशीष अवस्थी, रज्जन खान, सुरेश जायसवाल, अल्लू सैनी, हरिओम वर्मा,मोहित कनौजिया, कवि रमेश पाण्डेय, रामकुमार गुप्ता मौजूद रहे।

# रैली से देश को स्वच्छ बनाने के लिए किया जागरूक

**सभी बच्चों, अध्यापिकाओं व विद्यालय सदस्य को बिस्किट व ट्रॉफी बांटी गई**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



स्वच्छ भारत है एक बड़ा अभियान, सब मिलकर करें अपना योगदान, सफाई अभियान के इस नारे को ध्यान में रखते हुए , इनर व्हील क्लब ऑफ नव दिशा की अध्यक्ष कुमकुम गुप्ता व सचिव दीपाली गुप्ता ने कुंवर खुशवंत राय विद्यालय में सभी बच्चों ने एक साथ एक रैली निकाली जिसमें अपने शहर को स्वच्छ बनाने और अपने आसपास के पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी और यह भी बताया कि सफाई हमारे जीवन में कितना महत्वपूर्ण है।

भारत को स्वच्छ बनाने के लिए शहर वासियों को रैली के माध्यम से जागरूक करने की कोशिश की गई। इस कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष सपना कक्कड, आइ एस ओ नीतू अग्रवाल, मीडिया प्रभारी कनक बरनवाल, क्लब सदस्य नूतन सिंह, सरिका गुप्ता व अंशुल गुप्ता भी मौजूद रही। साथ ही रैली में मौजूद सभी बच्चों, अध्यापिकाओं व विद्यालय सदस्य को बिस्किट व ट्रॉफी बांटी गई।

## ट्राली में घुसी बाइक एक युवक की मौत, महिला घायल

**खैरटिया खीरी।** थाना सिंगाही क्षेत्र के क्लेशहरण चौराहे पर ट्राली में घुसी बाइक एक युवक की मौत हो गई वही महिला घायल हो गई। बरसोला खुर्द थाना तिकुनिया निवासी जियाउर्रहमान पुत्र वली मोहम्मद उम्र 18वर्ष अपनी बहन के साथ लहरपुर गया था वापस आते समय क्लेशहरण पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रही अज्ञात चारपहिया वाहन ने ठोकर मार दी जिससे अनियंत्रित होकर गन्ना भारी ट्राली में घुस गया जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। आनन फानन में एम्बुलेंस से निघासन सीएचसी भेजा गया जहाँ पर डॉक्टरों ने जियाउर्रहमान को मृत घोषित कर दिया। घायल को लखीमपुर भेज दिया है।



## युवक को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**बांकेगंज खीरी।** मैलानी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुकरा में 400 ग्राम गोमांस के साथ एक युवक को मैलानी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। कुकरा चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने बताया कि सुबह लगभग 11:00 बजे सलेमपुर तिराहे के पास रहमत अली पुत्र मोहम्मद अली उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी ग्राम कुकरा जोकि तिराहे से कुकरा की तरफ आ रहा था। अचानक हमें देखकर वह घबरा गया और भागने की कोशिश कर रहा था। जिसको के आधार पर रोंक कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास काली थैली में 400 ग्राम गौमांस पाया गया। इसके बाद युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक ने बताया कि वह गौमांस बेचने का कार्य करता था। गिरफ्तार युवक को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार करने में कुकरा चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर, कांस्टेबल सोनू, कांस्टेबल करण वर्मा, कांस्टेबल महेंद्र कुमार, मौजूद रहे।

# रोजगार सृजन पर मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण का शुभारंभ

**तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**



तृतीय वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी के सीमा चौकी डांगा के कार्यक्षेत्र में 25 बेरोजगार नागरिकों को रोजगार सृजन के अवसर के तहत एलबीएस मोटर ड्राइविंग ट्रेनिग स्कूल के द्वारा एक माह होने वाले मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मुनेशपाल, ग्राम प्रधान गुलेरिया पत्थर शाह, वन विभाग उत्तर निघासन से वन दरोगा व स्थानीय प्रशासन पुलिस तिकुनिया प्रभारी मनोज कुमार और पंचायत के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए द्य कार्यक्रम का शुभारंभ देवानंद कमांडेंट तृतीय वाहिनी लखीमपुर खीरी के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण के अतिरिक्त ग्रामीणों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्त भारत अभियान, साइबर क्राइम तथा स्वच्छ भारत अभियान के बारे में भी जागरूक किया गया और केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में पंचायत के प्रधान तथा 25 प्रशिक्षु व 55 स्थानीय लोग लोग समिल्लित रहे ।

तृतीय वाहिनी की तरफ से अविनाश कुमार उप कमांडेंट , समवाय प्रभारी डांगा चेतराम नेगी, सहायक कमांडेंट एवम अन्य बल कार्मिक उपस्थित रहे।

## पुलिस ने ग्राम चौपाल का किया आयोजन

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** थाना खमरिया व थाना शारदानगर पुलिस द्वारा, ग्राम चौपाल का आयोजन कर आमजनमानस की समस्याओं को सुनकर किया गया विधिक निस्तारण। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशानुसार ग्राम स्तर पर आम जनमानस की समस्या का निस्तारण किये जाने के क्रम मे प्रभारी निरीक्षक खमरिया, अजय कुमार राय के नेतृत्व में थाना खमरिया पुलिस द्वारा 05 जनवरी 2024 को थाना क्षेत्र के ग्राम दरिगापुर व मूसेपुर व थाना शारदानगर पुलिस द्वारा ग्राम मझरा में ग्राम चौपाल का आयोजन कर लोगो की समस्याओं को सुनकर विधिक निस्तारण किया गया। थाना स्थानीय पुलिस की इस पहल व कार्य की गांव के लोगो व आम जन मानस द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की जा रही है।

**घटना** — मृतक युवक पर कई आपराधिक मुकदमें दर्ज

# युवक ने लगायी फांसी, शव पीएम के लिए भेजा

- उपनिरीक्षक नागेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि मृतक का अपनी पत्नी से विवाद होने की बात सामने आ रही है

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**



खमरिया थाना क्षेत्र के गांव महरिया में 36 वर्षीय युवक ने आपसी कलह के चलते पंखे में लटककर बीती रात अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सुबह देर तक कमरे का दरवाजा न खुलने पर परिजनों ने आवाज दी तो जवाब न मिलने पर खिड़की से देखा तो युवक पंखे में फांसी के फंदे पर झूलता दिखा।

जिसके बारे में परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा खोलकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। खमरिया थाना क्षेत्र के महरिया निवासी यशपाल (36)पुत्र बेचेलाल राजपूत ने अपने ही घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसके शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। बताया जाता है कि परिवार के सभी सदस्यों के साथ यशपाल भोजन आदि करके वह अपने कमरे में सोने चला गया। वहीं अपने कमरे में किसी समय पंखे से लटक कर फांसी लगा ली।

सुबह देर तक जब यशपाल कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने आवाज दी जब कोई जवाब नहीं मिला तो परिजनों ने कमरे में झांक कर देखा तो यशपाल पंखे से फांसी के फंदे में लटकता दिखा।

जिसकी सूचना परिजनों ने खमरिया पुलिस को दी। बताया जाता है कि मृतक युवक पर कई आपराधिक मुकदमें भी दर्ज है। वही इस बाबत उपनिरीक्षक नागेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि मृतक का अपनी पत्नी से विवाद होने की बात सामने आ रही है जिसके चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक हिस्ट्रीशीटर भी था।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### सीएम ने सेना के मध्य कमान में तीन दिवसीय 'नो योर आर्मी फेस्टिवल का किया उद्घाटन

# 140 करोड़ देशवासियों की शक्ति का प्रतीक है सेना

**देश सुरक्षा के लिए लड़ी हर लड़ाई में जवानों का योगदान अहम**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय सेना देश के 140 करोड़ जनता की शक्ति और साहस का प्रतीक है। एक सशक्त सेना ही सुरक्षित और संप्रभु राष्ट्र की परिकल्पना को साकार कर सकती है।

सेना के मध्य कमान (सूर्या कमान) में आयोजित 3 दिवसीय 'नो योर आर्मी फेस्टिवल का योगी ने रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में उड़ाकर फेस्टिवल का औपचारिक उद्घाटन किया। इस दौरान सिख रेजिमेंट के जवानों ने साहसिक पंजाबी धुनों पर अपने पारंपरिक शौर्यकला का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने यहां आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें सेना के साजो-सामान के साथ ही अत्याधुनिक हथियारों का प्रदर्शन किया गया। उन्होने सैन्य अधिकारियों से विभिन्न हथियारों और सैन्य सामानों के बारे में जानकारी भी ली। पहली बार देश की राष्ट्रीय राजधानी के बाहर आयोजित हो रहे 'नो योर आर्मी फेस्टिवल के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री का विशेष रूप से धन्यवाद दिया। समारोह के लिए लखनऊ स्थित सेंट्रल कमांड को चुना जाना गर्व की बात है। यह प्रदेश के युवाओं को नजदीक से भारतीय सेना को जानने और सेना के शौर्य और पराक्रम को नजदीक से पहचानने का अवसर है। मुख्यमंत्री ने सिख रेजिमेंट के शौर्यकला प्रदर्शन को शानदार बताते हुए कहा कि ये भारत की प्राचीन कला है, जिसके जरिए हमारे पारंगत युवा आक्रांताओं को मुंहतोड़ जवाब देते थे। मंख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि प्राचीन युद्धकला को भारतीय सेना ने अपना हिस्सा बनाकर ना सिर्फ इस शौर्यकला को सम्मान दिया है, बल्कि सिख गुरुओं के त्याग और बलिदान को भारत के युवाओं के सामने रखकर सम्मान देने का कार्य किया है। योगी ने कहा कि 'नो योर आर्मी फेस्टिवल के जरिए ना सिर्फ सेना के साजो-सामान और हथियारों की प्रदर्शनी को देखने का अवसर हमें मिल रहा है, बल्कि इसके जरिए सेना की शक्ति, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति की निष्ठा को भी नजदीक से जानने समझने का अवसर मिलेगा। यह सेना के हथियारों, उनकी कार्यशैली, और कार्य कुशलता को भी जानने का अवसर है, जिससे सामान्यतरू जनता अनभिज्ञ रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी वीरों की भूमि है। देश की सुरक्षा के लिए लड़ी गई हर लड़ाई में हमारे जवानों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। देश की सुरक्षा करते हुए हमारे जवानों ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। प्रदेश सरकार भी सेवारत और सेवानिवृत्त सैनिकों के हितों के लिए पूरी तरह से संकल्पबद्ध है।

### राष्ट्र सेवा के लिए हमेशा याद किए जाएंगे बाबूजी



**लखनऊ।** राममंदिर आंदोलन के सबसे बड़े चेहरे, राजस्थान के पूर्व राज्यपाल व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पांच जनवरी को जयंती है। उनका सारा जीवन संघर्षों भरा रहा है और आज उनकी 92वीं जयंती है। उनकी जयंती पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कल्याण सिंह को याद करते हुए लिखा, श्री राम मंदिर आंदोलन के अग्रदूत, राजस्थान के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण श्रद्धेय कल्याण सिंह बाबूजी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। बता दें कि राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख कर्णधारों में से एक रहे कल्याण सिंह को पुष्पांजलि अर्पण कार्यक्रम में जय श्री राम के जयकारे भी लगे। इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, संदीप सिंह और महापौर सुषमा खर्कवाल समेत अन्य नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने पूर्व मुख्यमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### ट्रेलर ने स्कूटी में मारी टक्कर, महिला की मौत

**लखनऊ।** मोहनलालगंज के डेहवा गांव निवासी राधेलाल ने बताया सैय्यद बाबा मोड़ पर उसकी फल व चाय की दुकान है। बीते गुरूवार की रात नौ बजे के करीब पत्नी कमला देवी (50 वर्ष) दुकान बंदकर नौकर दुबेश निवासी डेहवा के साथ स्कूटी से निकली थी तभी तेज रफ्तार ट्रेलर अचानक से सिसेंडी की तरफ मुड़ा ओर स्कूटी में सामने से जोरदार टक्कर मार दी.टक्कर लगते ही पत्नी स्कूटी से छिटककर ट्रेलर के पहिये के नीचे आ गयी ओर भगाने के चक्कर में चालक ने पत्नी कमला देवी को रौंद दिया। दुर्घटना में महिला कमला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी ओर नौकर दुबेश घायल हो गया। परिजन मौके पर पहुंचे तो कोहराम मच गया। घायल नौकर को पुलिस ने इलाज के लिये अस्पताल भेजने के साथ ही मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मृतका के बड़े बेटे शुभम की भी मई 2022 में सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। शुक्रवार को पीएम के बाद मृतका का शव डेहवा गांव स्थित घर पहुंचा तो कोहराम मच गया।

## पार्क की जमीन पर बने एफआई अस्पताल पर चला बुलडोजर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में एफआई अस्पताल पर शुक्रवार को बुलडोजर चला। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की टीम एफआई अस्पताल को तुड़वा रही है। 4 मंजिला इस बिल्डिंग को गिराया जाना है। ग्राउंड फ्लोर पर 3 बुलडोजर से बिल्डिंग गिराई जा रही है जबकि चौथी मंजिल पर मजदूर काम कर रहे हैं। यह हॉस्पिटल बिल्डर सिराज अहमद का है। सिराज को मुख्तार का करीबी माना जाता है।

एलडीए अफसरों का कहना है कि बर्लिंग्टन चौराहा स्थित इस बिल्डिंग को बिल्डर ने पार्क की जमीन पर यह अस्पताल बनवाया था। इसका नक्शा भी पास नहीं हुआ था। बिल्डिंग की कीमत करीब 50 करोड़ बताई जा रही है। फिलहाल, यह अस्पताल बंद था। वैसे यहां 250 से 300 मरीज इलाज के लिए पहुंचते थे। गड़बड़ी सामने आने के बाद एलडीए ने पहले सिराज अहमद के बनाए एफआई हॉस्पिटल को सील कर दिया था। एलडीए वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि 5 दिसंबर को हॉस्पिटल को नोटिस दिया गया था। ठीक 30 दिन बाद यानी 5 जनवरी को हमारी टीमें अस्पताल को तोड़ रही हैं। इसके अलावा, अस्पताल के ठीक बगल की जमीन पर एफआई टॉवर का 6 फ्लोर का नक्शा पास है। जबकि यहां 8 मंजिला बनाया गया। अवैध 2 मंजिल में बने फ्लैट में 24 परिवार रहते हैं। इससे पहले हॉस्पिटल के बगल में बने 8 मंजिला एफआई टॉवर की पार्किंग तोड़ दी थी। यहां पार्किंग में भी कॉमर्शियल दुकानें बनाकर बेची गईं थीं, जोकि नियमों के खिलाफ है। एलडीए के जेई इम्तियाज अहमद का कहना है कि 18 फरवरी 1997 में एफआई निदेशक मोनिस इकबाल, उसके भाई सिराज और सहयोगी माइकल ने 23 हजार वर्गमीटर जमीन पर निर्माण की स्वीकृति मांगी थी। 6 मंजिला इमारत में 72 फ्लैट बनाने का नक्शा पास किया गया। लेकिन 8 मंजिला इमारत खड़ी की गई। यहां तक की टैरिस पर पेंट हाउस भी बना दिया।

## खबरें एक नजर में

### 11 दिन चलेगी यूपी में राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में निकल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा उत्तर प्रदेश में 11 दिन रहने वाली है। यह यात्रा चंदौली वाराणसी से प्रदेश की सीमा में प्रवेश करेगी जो 20 जिलों से होते हुए आगरा के रास्ते राजस्थान जाएगी। कांग्रेस यात्रा के जरिए सियासी माहौल गरम रखना चाहती है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में यूपी जोड़ो यात्रा चल रही है। सहारनपुर से शुरू हुई यह यात्रा लखनऊ पहुंच गई है और शनिवार को पूरी होगी। राहुल गांधी की मणिपुर से मुंबई के लिए 14 जनवरी से शुरू होने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी शुरू हो जाएगी। यह यात्रा सासाराम से होते हुए चंदौली के रास्ते उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश करेगी। वाराणसी, प्रयागराज, अमेठी, रायबरेली, लखनऊ होते हुए सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली पहुंचेगी। यहां से बदायूं, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा के रास्ते आगरा होते हुए राजस्थान के धौलपुर जिले में प्रवेश करेगी जो उत्तर प्रदेश के करीब 20 जिलों से होकर गुजरेगी। कार्यक्रम के मुताबिक यह यात्रा उत्तर प्रदेश में 11 दिन रहेगी। कांग्रेस प्रवक्ता अंशु अवस्थी के मुताबिक यात्रा उत्तर प्रदेश में 1074 किलोमीटर की होगी।

### 5000 महिलाएं एक साथ करेंगी सुंदरकांड पाठ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सत्य सनातन नारी शक्ति द्वारा सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल पूरे भारत में महिलाओं को सनातन धर्म के ज्ञान का पाठ सीखा रही है, पूरे भारत में अब तक कई प्रदेश कई जिलों में महिलाओं का संगठन गठित कर जिलों के एक, एक मंदिर में सुंदरकांड का पाठ कराती है। इसी क्रम में आज सावित्री प्लाज़ा भूतनाथ मार्केट इंदिरा नगर लखनऊ में 51 शक्तिपीठ महिलाओं के साथ मिलकर आगामी 22 जनवरी राम लला के मंदिर में आगमन की खुशी में आज से ही सभी जिलों में गरीबों को कंबल वितरत किया जाने एवम् 10 मार्च को झूलेलाल वाटिका गोमती तट हसनगंज में एक साथ 5000 महिलाएं सुंदरकांड का पाठ करेंगी का संकल्प लिया। यह अपील की वह ज्यादा से ज्यादा इस धर्म के कार्य में उपस्थित हो और प्रत्येक मंगलवार को अपने निकट मंदिर में पहुंचकर सुंदरकांड का पाठ अवश्य करें। यह प्रार्थना की लखनऊ को अधिकारिक नाम लक्ष्मणपुरी का दर्जा दिया जाए।

### फार्मेसिस्ट फेडरेशन ने की जल्द नियुक्तियां करने की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं उत्तर प्रदेश डॉ बृजेश राठौर से फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की, जल्द नियुक्तियां करने का आग्रह किया। निदेशक पैरा मेडिकल डॉ सुषमा सिंह, विशेष कार्य अधिकारी वेद प्रकाश यादव से भी नव वर्ष पर शिष्टाचार मुलाकात की गई। प्रदेश में फार्मेसिस्ट के हजारों पद रिक्त हैं, उच्चतम न्यायालय ने भी नियुक्ति के आदेश दिए हैं। प्रतिनिधिमंडल में अशोक कुमार महामंत्री, राजेश सिंह संगठन मंत्री, यूथ विंग के अध्यक्ष आदेश कृष्ण, उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, संविदा संघ के अध्यक्ष प्रवीण यादव आदि उपस्थित थे।

### उप मुख्यमंत्री से मिला चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी से उनके आवास पर चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रधान महासचिव अशोक कुमार सचिव सर्वेश पाटिल प्रवक्ता सुनील कुमार उपाध्यक्ष रजत यादव जिला अध्यक्ष कपिल वर्मा ने नव वर्ष के शुभ अवसर पर मिलकर हार्दिक बधाई एवम शुभकामनाए दी तथा विभाग से संबंधित अन्य समस्याओं पर वार्ता करने के लिए समय मांगा गया जिस पर मां मंत्री जी ने जल्द ही अवगत कराने का आश्वासन दिया

### भाकियू ने सरकार की वादाखिलाफी को लेकर सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। शुक्रवार को बड़ी संख्या में किसान गन्ने के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। भारतीय किसान यूनियन में केंद्र सरकार और राज्य सरकार के खिलाफ वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए आज जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया और भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता आलोक कुमार ने बताया कि सरकार ने गन्ना मूल्य वृद्धि, गन्ना भुगतान, मुफ्त बिजली, आवारा पशु, भूमि अधिग्रहण, फसलों के भाव सहित सभी वादों को अब तक पूरा नहीं किया है और हम इस प्रदर्शन के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी को ज्ञापन सौप रहे कि वह इन मांगों को पूरी करें।

### रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज में सुझाव की अंतिम तारीख 10 जनवरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली ऐसी संस्थायें जिनका पंजीकरण सो.रजि.अधिनियम 1860 के अन्तर्गत किया जाता है उनके कार्य संचालन को अधिक सुगम व सरल बनाने तथा संस्थाओं के विभिन्न प्रकृत्ति के कार्यों व समस्याओं को और अधिक पारदर्शी विधि से निस्तारित करने के लिए वर्तमान प्रचलित अधिनियम के स्थान पर नया उ.प्र. सो.रजि. अधिनियम 2024 लाया जाना प्रस्तावित है। कार्यालय रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, लखनऊ का अनुरोध है कि इस हेतु अपने सुझाव विभागीय वेबसाइट पर 10 जनवरी तक उपलब्ध करा दे।

## मतदाता दिवस पर तैयार करें प्रतीकात्मक संसद भवन का गेट



समृद्धि न्यूज

**अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अफसरों संग की बैठक**

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2024 की तैयारियां की जा रही है। जिसके क्रम में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव द्वारा शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की गई।

उन्होंने कहा कि 25 जनवरी 2024 को आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2024 की सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय। उन्होंने कहा कि इंदिरागांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता एवं लेजर शो का आयोजन किया जाय। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों के स्टॉल तथा जर्नी आफ इलेक्शन थीम पर प्रदर्शनी भी लगायी जाए। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर प्रतीकात्मक संसद भवन का गेट तैयार किया जाए। इसके साथ ही सेल्फी पॉइंट तैयार किया जाय, दिव्यांगजनों की सुविधा को देखकर एक अतिरिक्त सेल्फी पॉइंट तैयार किया जाये। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन को आकर्षक बनाने के लिए पतंगबाजी और वॉकथॉन तथा प्रभातफेरी का आयोजन किया जाय।

### कविता पाठ प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सी.एम.एस. छात्र को

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के कक्षा-2 के प्रतिभाशाली छात्र नील बंसल ने कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता का संचार मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में डाक विभाग द्वारा किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित स्कूलों के छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने बड़े आत्मविश्वास से कविता पाठ करके अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परचम लहराया। नील को प्रथम पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गांधी किंगडन ने इस मेधावी छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के शिक्षकों व प्रधानाचार्या के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## कनाडा के इनवेस्टर्स यूपी के पर्यटन में करेंगे निवेश

**पर्यटन क्षेत्र में निवेश के लिए यूपी बेहतर विकल्प : मुकेश मेश्राम**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूपी में कनाडा समेत कई देशों के इनवेस्टर्स निवेश करेंगे। शुक्रवार को पर्यटन भवन में आयोजित इनवेस्टर्स कान्क्लेव में हुए कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी गई। इस दौरान पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में निवेश के लिए बेहतर विकल्प है।

देश-विदेश में धार्मिक पर्यटन के रूप विख्यात होने के साथकृसाथ यहां ईको, एडवेंचर, रूरल, ऐतिहासिक, क्रूज और एयर टूरिज्म समेत पर्यटन के विभिन्न आयामों में अपार संभावनाएं हैं। कार्यक्रम का आयोजन कैनेडियन हिंदू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के बैनर तले किया गया। इसमें कनाडा और भारत के 27 इन्वेस्टर्स आए थे। मुकेश मेश्राम ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन क्षेत्र में तेजी से बढ़ता हुआ राज्य हैं। अभी हम घरेलू पर्यटन के मामले में पहले स्थान पर हैं। यहां काशी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनने के बाद पर्यटन में कई गुना वृद्धि हुई। लोगों के रोजगार में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है।

मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में पर्यटन बढ़ रहा है। मथुरा, प्रयागराज में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। भगवान गौतम बुद्ध से उत्तर प्रदेश का गहरा संबंध रहा है। यहां के छह जनपद उनके जीवन काल से जुड़े रहे है। बुंदेलखंड, जो कि वीरों की धरती के नाम से विख्यात है। यहां मौजूद किले अपनी समद्ध विरासत का प्रमाण देते हैं। इसके अलावा कुजीन पर्यटन में भी यहां खूब संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार इन संभावनाओं का मूर्त रूप दे रही है। इसमें निजी निवेशकों को न केवल अवसर दिए जा रहे हैं बल्कि उन्हें उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति 2022 के तहत विशेष छूट दी जा रही है। निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के दृष्टिकोण से समृद्धिशाली राज्य है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका अपना वैभव है। चार राज्यों से घिरे सोनभद्र को ही उदाहरण के रूप में ले लीजिए, नैसर्गिक सौंदर्य से ओतप्रोत इस जिले को पूरब का स्वीट्जरलैंड कहा जाता है। यहीं पर 150 करोड़ वर्ष पुराना जीवाश्म पार्क है। प्रदेश में विभिन्न आकर्षण के केंद्र हैं। हमारा प्रयास पर्यटकों के अनुभव को विशिष्टता प्रदान करना है। इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अभी हाल में ही आगरा मथुरा हेलीकाप्टर सेवा शुरू की गई है। कई और पर्यटन स्थलों पर शीघ्र ही यह सेवाएं शुरू की जाएंगी। प्रदेश में क्रूज टूरिज्म का विस्तार हो रहा है। इसी तरह कई और कार्य कराए जा रहे हैं।

## 14-22 जनवरी तक प्रदेश के आध्यात्मिक स्थल होंगे भक्तिमय

### पर्यटन मंत्री ने किया सांसदों, विधायकों और जनप्रतिनिधियों से सहयोग व मार्गदर्शन का अनुरोध

**22 को होगी प्राण प्रतिष्ठा, सीएम से दिशा-निर्देश का अनुरोध**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के मंदिर के लोकार्पण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस परिपेक्ष्य में प्रदेश के सभी 75 जनपदों के अध्यात्मिक स्थलों, मंदिरों में मकर संक्रांति 14 जनवरी से मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी तक रामकथा, रामायण पाठ, हनुमान चालिसा, भजन कीर्तन एवं रामलीला आदि का मंचन संस्कृति विभाग की ओर से कराया जायेगा। इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश विगत 21 दिसम्बर को जारी किये गये हैं। सांसद, सदस्य विधानसभा एवं विधान परिषद, मेयर, अध्यक्ष जिला पंचायत, ब्लाक प्रमुख, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों को व्यक्तिगत रूप से अवगत कराते हुए सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गई है।



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने 14 जनवरी से 22 जनवरी तक संस्कृति विभाग के कार्यक्रमों से मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराते हुए इस संबंध में और बेहतर किये जाने के लिए मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश का अनुरोध किया है। यह जानकारी देते हुए आज यहां पर्यटन मंत्री ने बताया कि मकर संक्रांति से 22 जनवरी तक की अवधि में अयोध्या के चार मंचों पर रामायण एवं उससे जुड़े प्रसंगों पर आधारित विदेशी कलाकारों द्वारा रामलीला, नृत्य नाटिकायें, रामकथा का वाचन, प्रवचन, भजन तथा लोक कलाओं पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। इन कार्यक्रमों हेतु कलाकारों का चयन संस्कृति विभाग द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार कराया जायेगा। भारत के सामाजिक मूल्य, जीवन में स्थापित भगवान श्रीराम के उच्च मापदंड, सनातन संस्कृति के प्रेरणा श्रोत हैं। भारत के गौरवशाली अतीत एवं समृद्ध विरासत सनातन परम्परा के मूल आधार है।

इसीलिए भारतीय जीवन दर्शन को इस ब्रहमाण्ड में सबसे आदर्श तत्व की श्रेणी में रखा गया है। आज की युवा पीढ़ी को इन उच्च आदर्शों एवं आदर्श जीवन मूल्यों, त्याग, बलिदान एवं कर्तव्य परायणता की प्रेरणा देने के लिए भगवान श्रीराम के वांगमय से जुड़ना चाहिये। विदेशी कलाकारों को भगवान श्रीराम के जीवन के विविध पहलुओं से जोड़ना है तथा उनके आदर्श जीवन को मंच पर प्रस्तुत कराने का उद्देश्य भारत की समृद्ध संस्कृति विरासत का विदेशी समुदाय से साझा करना है। विश्व को यह भी बताना है कि भारत के आदर्श जीवन मूल्यों के कारण ही सदियों से इसे विश्व गुरू कहा जाता रहा है और प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी के कुशल मार्गदर्शन में भारत पुनः विश्वगुरू के स्थान पर प्रतिष्ठित होगा।

### अयोध्या मार्ग से लेकर डालीगंज बाजार होगा राममय

**लखनऊ।** अयोध्या मार्ग डालीगंज पुल से लेकर आई टी चौराहा तक, डालीगंज बाजार, अतुल अग्रवाल चौराहा, मोतीचंद्र चौराहा, नजीरगंज चौराहा, डालीगंज क्रॉसिंग तक सभी प्रमुख रोड पर राम नाम झंडी से सजाया जाएगा। उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा ने बाबूगंज पार्क में बैठक आहूत किया जिसमे डालीगंज, निरालानगर क्षेत्र के समाजसेवी, व्यापारी, वरिष्ट जानो के साथ बैठक कर 22 जनवरी कार्यक्रम को भव्य बनने के लिए सभी नगर वासियों से अपील किया कि मंदिरों की साफ-सफाई के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया, सभी चौराहा को सजाया जाए, घरों में दीपक, झालर लगाया जाए, प्रसाद वितरित किया जाए कार्यक्रम को भव्य अलौकित किया जाए। बैठक में डालीगंज कार्यक्रम संयोजक मानस मन्दिर अध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल ने बताया कि 22 जनवरी को सुबह से सुंदरकांड पाठ का आयोजन शुरु हो जाएगा फिर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भंडारा प्रसाद का अयोजन किया जाएगा।

## भाजपा सरकार की नीति और नीयत दोनों किसान विरोधी : अखिलेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की नीति और नीयत दोनों किसान विरोधी है। इसी वजह से अभी तक गन्ना मूल्य तय नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि गन्ना का लाभकारी मूल्य किसानों को मिलना चाहिए। भाजपा सरकार गन्ना का लाभकारी मूल्य क्यों नहीं घोषित कर रही है? दो साल हो गए गन्ने की कीमत नहीं बढ़ी। इस वर्ष सरकार ने गन्ने का दाम अभी तक घोषित नहीं किया है।

किसान को अपनी फसल पिछली कीमत पर ही चीनी मिलों को देनी पड़ रही है। बहुत से किसान घटतौली के शिकार होने के साथ मिल प्रबंधकों द्वारा परेशान किए जाने पर अपना गन्ना कम कीमत पर बिचौलियों को सौंपना पड़ा है। गन्ना किसान को भाजपा सरकार ने पिछला बकाया भी अदा नहीं किया है। सरकार ने मिल मालिकों को संरक्षण दे रखा है। भाजपा सरकार में किसानों को धान,आलू,गन्ना समेत अन्य किसी भी फसल का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। किसान कर्ज में डूबता जा रहा है। किसानों के धान की खरीद नहीं हुई। किसान अपनी फसल लिए इधर-उधर भटकता रहा। आलू का बाजार भाव गिरने से आलू किसानों को नुकसान हो रहा है। भाजपा सरकार ने किसानों से झूठे वादे किये। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। भाजपा के धोखे और झूठ से किसान खुद को छला महसूस कर रहा है। एक तरफ प्रदेश का किसान संकट में है, परेशान है। दूसरी तरफ भाजपा सरकार दिखावा कर रही है और जश्न मना रही है। भाजपा सरकार की उपेक्षा और किसान विरोधी नीतियों के कारण किसानों का खेती से मोह भंग हो रहा है।

## ओटीएस योजना के समाप्त होने के बाद तेज होगा अभियान

समृद्धि न्यूज

**16 के बाद कटेंगे कनेक्शन, 50 हजार से ज्यादा उपभोक्ता टारगेट**

**लखनऊ।** बिजली बकाएदारों के खिलाफ अभियान तेज किया जाएगा। 16 जनवरी तक अगर आपने ओटीएस योजना का लाभ नहीं लिया तो उसके बाद बकाए पर कभी भी कनेक्शन कट सकता है। इसमें 10 हजार से ज्यादा के बकाएदारों पर सबसे पहले कार्रवाई होगी।

बताया जा रहा है कि अकेले लखनऊ में 50 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं के खिलाफ यह अभियान चलेगा। पैसा जमा होने के बाद भी उनको जोड़ा जाएगा। इसमें घरेलू और कर्मशल सभी तरह के कनेक्शन धारी शामिल होंगे। लेसा ट्रांस गोमती के अधिकारियों ने बताया कि इसकी लेकर सभी डिवीजन स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गई है। लखनऊ में ट्रांस और सिस गोमती को मिलाकर करीब 50 लाख से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे है, जिनका बिजली बकाया 10000 रुपए से ज्यादा है। लखनऊ समेत मध्यांचल के 20 से ज्यादा जिलों में कनेक्शन काटने का अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर डिवीजन स्तर पर एक्सईएन को निर्देश जारी कर दिया गया है। हालांकि, इसमें उन उपभोक्ताओं को शामिल नहीं किया गया, जिनका एक महीने का ही बिल 10 हजार रुपए से ज्यादा आता है। इसमें यह देखना होगा कि कम से कम उसने दो से तीन महीने तक अपना बिजली बिल न जमा किया हो।

### टैक्स पेयर को डबल टैक्सेशन से दिलाई जाए निजात : खन्ना

**लखनऊ ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने आज नई दिल्ली में मुलाकात की। मुलाकात के पश्चात उन्होंने वित्त मंत्री को उत्तर प्रदेश में ईट भट्ठों से प्राप्त होने वाली राजस्व एवं उसमें आ रही समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के ग्रामीणांचलों में ईट-भट्ठे कुटीर उद्योग के रूप में कार्यरत हैं जो कि बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराते हैं। ये राज्य के राजस्व का एक खास स्रोत है।श्री खन्ना ने वित्त मंत्री से ईट-भट्ठों के सम्बंध में पूर्व प्रचलित व्यवस्था के समान उत्पादन क्षमता आधारित समाधान योजना को जीएसटी व्यवस्था के अन्तर्गत लागू किये जाने की व्यवस्था करने हेतुआग्रह किया।

बैठक

### अयोध्या धाम में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर परिवहन आयुक्त ने दिए दिशा-निर्देश

# चालक और परिचालक श्रद्धालुओं से करेंगे सभ्य आचरण

**श्रद्धालुओं को लाने-ले जाने वाली बसों में साफ-सफाई की रहे बेहतर व्यवस्था**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने अयोध्या एवं लखनऊ के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद से सम्बन्धित ट्रेवल एजेन्सियों के प्रतिनिधियों एवं निजी बस संचालकों के साथ बैठक कर उन्होंने चालकों एवं परिचालकों को सभ्य आचरण करने, धूम्रपान, गुटखा आदि का सेवन न करने, वर्दी में होने, आगन्तुकों से निर्धारित रेट से अधिक



किराया न वसूल करने के संबंध में प्रशिक्षित करें। उन्होंने वाहनों में किराया सूची तथा डैशबोर्ड पर ड्राइवर का फोटो सहित नाम व ड्राइविंग लाइसेंस नम्बर आदि रखने के भी निर्देश दिये है।

परिवहन आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री के निर्देशों के अनुपालन में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लखनऊ के अधिकारियों को ओला एवं उबर के संचालकों के साथ भी बैठक कर उपरोक्त कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। यह भी निर्देश दिए कि निजी बस वाहन संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें इस बात से अवगत कराया जाय कि अयोध्या में प्रस्तावित उक्त महत्वपूर्ण भक्तिमय कार्यक्रम के लिए श्रद्धालुओं को लाने-ले जाने वाली बसों में साफ-सफाई के साथ-साथ फूल मालाओं से सुसज्जित रखने तथा भक्ति गीत बजाये जाने हेतु चालकों,परिचालकों से वार्ता कर अमल में लाए।

परिवहन आयुक्त ने अयोध्या जाने वाले समस्त हाईवेज के प्रत्येक टोल प्लाजा पर परिवहन विभाग का संयुक्त हेल्पडेस्क रोडवेज के अधिकारियों के साथ बनाया जाने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक टोल प्लाजा पर लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन किये जाने हेतु प्रसारण के साथ-साथ सड़क सुरक्षा यातायात नियमों की होर्डिंग भी लगायी जाय तथा परिवहन विभाग का टोल-फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1800-1800-151 एवं जनपद स्तरीय विभागीय कंट्रोल रूम एवं मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम का नम्बर भी प्रदर्शित किया जाय। 18 से 25 जनवरी की अवधि में परिवहन आयुक्त मुख्यालय पर एवं अयोध्या सम्भाग के सभी जनपद एवं लखनऊ, वाराणसी एवं गोरखपुर जनपद में चौबीसों घण्टे कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा।

परिवहन आयुक्त मुख्यालय पर स्थापित परिवहन विभाग का हेल्पलाइन नम्बर 1800-1800-151 चौबीसों घण्टे संचालित रहेगा। जनपद अयोध्या पहुंचने वाले जितने भी हाइवे हैं, उन पर प्रति 10 किमी पर होर्डिंग लगायी जाय, जिसपर कंट्रोल रूम एवं परिवहन विभाग की हेल्पलाइन नम्बर प्रदर्शित हो। सड़क सुख्क्षा प्रकोष्ठ द्वारा जनपदों में लगाये गये इण्टरसेप्टर वाहनों को जनपद अयोध्या की 200 किमी की परिधि में संवेदनशील स्थानों पर लगाया जाय। सुगम एवं सुचारू परिवहन व्यवस्था हेतु प्रवर्तन अधिकारियों को अयोध्या के नजदीकी जनपदों में चक्रानुक्रम में ड्यूटी लगायी जाय। अयोध्या के नजदीक प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा विशेष रूप से ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग एवं ड्रंकेन ड्राइविंग पर अभियान स्वरूप कार्यवाही की जाय।

# मील का पत्थर साबित होगी एनआईएसएम कार्यशाला : वर्षा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा और सेबी की शिक्षण संस्था राष्ट्रीय प्रतिभूति बाज़ार संस्थान (एनआईएसएम) की दो दिवसीय वर्कशाप कालेज में आयोजित हुआ। जिसके उद्घाटन के अवसर पर प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला वित्तीय प्रबंधन के साथ ही कैरियर को बनाने का अवसर प्रदान करेगी।

उन्होंने महाविद्यालय के बी.काम., बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.ए. अर्थशास्त्र के पंचम सेमेस्टर व एम.काम. के विद्यार्थियों से कहा कि महाविद्यालय प्रशासन आप सबको शिक्षा के साथ साथ रोज़गार उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। अतः आप सब इसका ज़्यादा से ज़्यादा लाभ उठाये। प्राचार्य प्रो. रवींद्र कुमार ने




कहा कि आप रिस्क लेकर ही कुछ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने नो रिस्क नो गेन स्लोगन से समझाने का प्रयास किया। कहा कि दो दिवसीय वर्कशॉप से आपको वित्तीय प्रबंधन और रोज़गार के अवसर की बहुत अच्छी ट्रेनिंग प्राप्त होगी।

**एनआईएसएम की दो दिवसीय वर्कशॉप** के बारे में बताते हुए संयोजक व विज्ञान संकाय प्रभारी प्रो. जितेंद्र सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए इस तरह की वर्कशॉप पहली बार गोंडा में आयोजित की जा रही है। जिसमें महाविद्यालय के उक्त कक्षाओं के 150 छात्र अलग अलग दो बैच में प्रतिभाग करेंगे। प्रत्येक बैच में 75 छात्र/ छात्राये समानांतर अलग अलग कक्षों में ऑनलाइन प्रत्येक दिन ट्रैनिंग प्राप्त करेंगे। जिसमें सेविंग से लेकर निवेश तथा इसके आधार पर वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में कैरियर के अवसर प्रदान होंगे। बी.बी.ए. की विभागाध्यक्ष डॉ. शैलजा सिंह ने बताया दो दिवसीय की 6-6 घंटे की वर्कशॉप की ट्रेनिंग वाराणसी से एनआईएसएम के ट्रेनर दीपक कुमार व मोनी शाहू द्वारा दी जा रही है।

उद्घाटन सत्र में आये हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन मुख्य परिसर प्रभारी प्रो. बी.पी. सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. अभय कुमार श्रीवास्तव, अभय द्विवेदी, डॉ. स्मृति शिशिर, प्रतिभा सिंह, संदीप शाही, शोभित मौर्य सहित सैंकड़ों छात्र/छात्राये उपस्थित रहे।

# रोजगार मेले में 151 युवाओं को मिला रोजगार

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत जनपद गोण्डा के दूरस्थ विकासखण्ड छपिया में विकास खंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अनिल कुमार पासवान द्वारा किया गया। उनके द्वारा मेले में प्रतिभाग करने वाली कम्पनियों से सेवायोजन के उपरान्त दिये जाने वाली सुविधाओं के बारें विस्तृत जानकारी ली गयी।

मेले में प्रतिभाग करने वाले युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार प्रदान किये जाने हेतु



कम्पनियों से आवाहन किया गया। इस मेले में सात प्रतिष्ठित कम्पनियां यजाकी इण्डिया, ग्रेट रिसोर्स प्रा.लि., वर्ल्ड मेप सर्विस प्रा.लि., ब्राइट फ्यचर प्रा.लि., एसएस प्रा.लि., इन्टास प्रा.लि. तथा लियो लाइट प्रा.लि. कम्पनियों द्वारा विभिन्न प्रकार रिक्तियों के सापेक्ष युवाओं का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया है। इस मेले में विकासखण्ड के 559 युवाओं ने प्रतिभाग करते हुए लगभग 414 युवाओं द्वारा पंजीकरण कराया गया जिसमे गौरव कनौजिया, दिनेश कुमार,सूरज कुमार, दुर्गावती, शिल्पा, बिन्दु, शिवांगी, अरविन्द सहित लगभग 151 युवाओं को विभिन्न कंपनी में सेवायोजित कराया गया। इस अवसर पर बीडीओ छपिया ओपी यादव, जिला समन्वयक प्रभु नाथ मिश्रा, जिला कौशल प्रबंधक अविनाश प्रताप सिंह, दीपक खरे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिग्विजय सिंह पटेल, डीपीएमयू से आदर्श कश्यप व विकास खंड कार्यालय के जेई अंगद सिंह कुशवाहा, एडीओ आईएसबी दिलीप कुमार वर्मा सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनी के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# पंकज श्रीवास्तव ने मण्डल रेल प्रबंधक को दिया विभिन्न सुझाव

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्श दात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने देवी पाटन मण्डल के अन्तर्गत विभिन्न रेलवे स्टेशनों से रेल यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सम्बधित समस्याओं के परिपेक्ष्य में मण्डल रेल प्रबंधक को विभिन्न सुझाव दिया है।

जेड. आर. यू .सी. सी. सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार जी से मिलकर सर्वागीण विकास के दृष्टिगत गोंडा जंक्शन रेलवे परिक्षेत्र को अमृत भारत योजना में सम्मलित किये जाने, श्री राम जन्म भूमि अयोध्या धाम जंक्शन के लिए मेल/सवारी रेल गाड़ियों का संचालन शुरू करने देवीपाटन मण्डल वासियों हेतु काशी विश्वनाथ की धर्म नगरी वाराणसी एवं तीर्थ स्थल प्रयागराज आवागमन के



लिये रेल सुविधा संचालित किए जाने,गोंडा जंक्शन पर सप्तक्रांति एवं सम्पर्क क्रांति का ठहराव कराने, 15065/ 15066, 15067/ 15068, 15079/ 15080 को गोरखपुर से बढ़नी बलरामपुर वाया गोंडा एवं मनकापुर, अयोध्या धाम होकर पनवेल तक चलाये जाने हेतु जनहित में निराकरण के लिए आग्रह किया है, मण्डल रेल प्रबंधक ने विचार करते हुए भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव को आश्वस्त किया।

# चार माह बाद भी नहीं हो सका हत्या का खुलासा

**मोतीगंज, गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

मोतीगंज थाना क्षेत्र के कपिसा (गारिबाजोत) गाँव में बीते चार महीने पहले हुई महिला की हत्या या फिर 18 जुलाई 2023 को एक गाँव में सास और बहू पर अज्ञात ने जान लेवा हमला कर दिया था। जिसका अज्ञात के नाम मोतीगंज थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। जिसकी भी गुत्थी उलझी हुई है। वही जान लेवा हमला या हत्या का खुलासों पर सवाल उठ रहे हैं। अनसुलझे मामलों में पुलिस की तफ्तीश की दिशा भी बदल रही है। लेकिन सटीक खुलासा नहीं हो रहा। वही जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र न के गरिबाजोत कपिसा निवासी विशाल पुत्र बलिराम वर्मा ने थाने पर तहरीर दी थीं जिसमें कहा कि उसकी मां व शर्मावती (40 वर्ष) पत्नी बलिराम वर्मा 13 सितंबर की सुबह 10:30 1 बजे अपने गन्ने के खेत में घास काटने गयी थी। जहां मां का लहूलुहान शव गन्ने के खेत में घास से ढका पड़ा हुआ था। उसने गांव के ही शिव प्रसाद, ,सूबेदार व राम विलास पर शक जताया जिसके आधार पर पुलिस ने ने तीनों के

**हत्या के दिन से ही गायब है पति बलिराम**

13 सितंबर 2023 की सुबह अपनी पत्नी शर्मावती के साथ घर से निकले बलराम का पाता भी नहीं लगा सकी पुलिस वह भी 13 सितंबर से ही रहस्य में परिस्थितियों में लापता हैण्वहीं बलिराम वर्मा के बच्चे बताते हैं कि 13 सितंबर को जब उनकी मां सुबह खेत में चारा काटने गई थी तभी उनके पिता बलराम भी घर से निकले थे जो करीब पाँच महीने होने वाले हैं लेकिन वापस नहीं आए सवाल यह है कि यदि बलराम जीवित है तो कहाँ है और घर पर क्यों नहीं आ रहा है।

खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मोतीगंज थाना अध्यक्ष कोब चौकी प्रभारी के साथ ही दो सीओ एसओजी फॉरेंसिक, एवं डॉग स्क्वाड, की टीमें भी खुलासा के लिए लगाई गई लेकिन करीब पाँच महीने बाद भी उनके हाथ खाली हैं। अभी महिला की हत्या की गुत्थी सुलझी नहीं है। शर्मावती की हत्या घटना का खुलासा करने को एसओजी समेत कई टीमें लगों व दर्जनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ हुई लेकिन उसके हाथ अब तक खाली हैं।

# भूमि पर जबरन कब्जा, भटक रहा पीड़ित

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिम्मेदारों की मिलीभगत से खाते की भूमि मे जबरन निर्माण कराया जा रहा है। जबकि पीड़ित अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है। मामला कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम बुढ़वलिया का है। यहां के निवासी अकबर अली ने एसडीएम व कोतवाल को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसके खाते की भूमि में ग्राम पंचायत के ही कुछ लोग जबरन निर्माण करने लगे तो उसने न्यायालय की शरण लेकर हदबरारी का वाद प्रस्तुत किया। जिस पर तत्कालीन आरआई व लेखपाल ने पैमाइश करके भूमि के चारों तरफ पत्थर नसब की कार्रवाई भी पूर्ण कर दी। आरआई व हल्का लेखपाल द्वारा





न्यायालय पर प्रस्तुत की गई रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित की भूमि मे दो मीटर बढ़कर निर्माण कराया जा रहा था।

कार्रवाई पूर्ण होने के बाद उसने अवैध रूप से किये गए निर्माण को हटवाने का वाद प्रस्तुत किया जो आज भी विचाराधीन है। फिर भी लोगों ने अवैध रूप से जबरन निर्माण शुरू करा दिया है। पीड़ित का आरोप है कि उसने एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया जिस पर उन्होंने नायब तहसीलदार से प्रकरण की जांच कराई,जिस पर नायब तहसीलदार ने निर्माण को वैध करार दिया है। ऐसे मे किसकी रिपोर्ट गलत है व किसकी सही है इसका निर्णय कैसे होगा। पीड़ित को न्याय मिलेगा या नहीं यह कह पाना मुश्किल है। इस संबंध में नायब तहसीलदार जयशंकर सिंह ने बताया की प्रकरण संज्ञान मे नहीं है। आरआई व लेखपाल की रिपोर्ट के अनुसार ही रिपोर्ट लगाई जाती है। यदि ऐसा है तो जाँच कर कार्रवाई की जाएगी।

## 84 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव




**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने शुक्रवार को बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों की तैनाती में फेरबदल किया है। इस बदलाव में 25 पुलिस चौकी प्रभारी सहित 84 उप निरीक्षक इधर से उधर किए गए हैं। वहीं पुलिस लाइन में तैनात 18 उप निरीक्षकों को थानों पर भेजा गया है तथा कुछ उपनिरीक्षकों को चौकी प्रभारी बनाया गया है। उपनिरीक्षक ब्रह्मानंद सिंह कोतवाली नगर के एसएसआई बनाए गए हैं।

## खबरें एक नजर में

### चार माह के बच्चे पर बिल्ली ने किया-हमला

▸ डॉक्टरों ने गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में एक परिवार की लापरवाही से चार माह का बच्चा जिंदगी मौत से जूझ रहा है। जनपद में मुड़िया डीह गांव निवासी एक ग्रामीण के घर के कमरे में सो रहे चार माह के बालक पर बिल्ली ने हमला कर घायल कर दिया। बालक के रोने चीखने पर घबराए परिजन दौड़े। बालक को निजी अस्पताल से बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां भी इलाज के दौरान सेहत में सुधार न होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है। जरवल रोड थाने के मुड़िया डीह निवासी सतेंद्र का 4 माह का बेटा रितिक बुधवार शाम घर मे सो रहा था। उसकी मां प्रीति कमरे के बाहर खाना बना रही थी। इसी दौरान अचानक मासूम के रोने की आवाज़ सुनाई दी। जैसे ही परिजन घर मे दौड़े मासूम को खून से लथपथ देख परिजनों में चीख पुकार मच गई।मां प्रीति ने बताया कि मासूम पर सोते समय बिल्ली ने उसे नोच नोच कर घायल कर दिया था। जिससे वह खून से लथपथ फर्श पर पड़ा था। घायल होने की वजह से पीड़ा से बेतहाशा रो रहा था। परिजनों ने आनन फानन में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। वहां पर डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख मासूम को शहर के मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।वहां भी डॉक्टर ने इलाज के बाद हालत में सुधार न होता देख उसे लखनऊ केजीएमयू रेफर कर दिया।

### 6.674 हे. शत्रु सम्पत्ति कब्जामुक्त

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** आयुक्त देवीपाटन मण्डल योगेश्वर राम मिश्र के निर्देश पर शुक्रवार को तहसील तरबगंज के ग्राम लौव्वावीरपुर व नवाबगंज परगना नवाबगंज स्थित शत्रु सम्पत्ति की भूमि 40 किता रकबा लगभग 6.674 हेक्टेयर भूमि को एसडीएम तरबगंज एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल ने बताया कि तरबगंज तहसील में स्थित शत्रु संपत्ति पर अवैध कब्जे का मामला उनके संज्ञान में आया था जिस पर जिलाधिकारी गोण्डा एवं एसडीएम तरबगंज को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में 6.674 हेक्टेयर क्षेत्रफल की शत्रु संपत्ति की भूमि जिसकी लागत लगभग 50 करोड़ है, को एसडीएम तरबगंज भारत भार्गव के नेतृत्व में राजस्व विभाग की पूरी टीम द्वारा कब्जामुक्त कराया गया है। उन्होंने बताया कि शत्रु संपत्ति का सीमांकन शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक विभाग के सर्वेयर की उपस्थिति में किया गया एवं अतिक्रमण हटवा कर रिपोर्ट शत्रु संपत्ति विभाग को भेज दी गई है। उन्होंने कहा कि मण्डल में कहीं पर भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। मंडलायुक्त ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां पर भी सरकारी जमीन या शत्रु सम्पत्ति पर अवैध कब्जा है वहां तत्काल कार्यवाही करते हुए जमीन को खाली कराया जाए एवं अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाये।

### स्वच्छता मिशन को चूना लगा रहा है जिला अस्पताल गोंडा



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिला अस्पताल गोंडा में डायलिसिस वार्ड में जाते समय सड़क पर व उसके आसपास गंदे पानी का जमाव होने के कारण वहां आने जाने वालों को बहुत ही परेशानी होती है कहने का तात्पर्य है स्वच्छता मिशन को चूना लग रहा है यह गंदगी का अम्बार चंद कदम की दूरी पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कार्यालय होने के बावजूद सफाई का यह हाल जो बयां करने लायक नहीं है मंडल मुख्यालय देवीपाटन का जिला चिकित्सालय जहां मंडल आयुक्त से लेकर जिला अधिकारी तक की नजर बराबर बनी रहती है इसके बावजूद गंदगी की समस्या है गंदगी से तमाम प्रकार की बीमारियां फैलती है इसके बावजूद जिले का प्रशासनिक अमला यदि इस पर ध्यान नहीं देता है तो मरीजों को इंफेक्शन से बचाना मुश्किल होगा।

# भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह को 2 साल की सजा, 2500 रुपए का अर्थदंड

▸ 21 साल पुराना है मामला, एसडीएम को धमकाने के मामले में सुनाई गई सजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के एमपी एमएलए कोर्ट/न्यायालय अपर सिविल जज ने 21 वर्ष पुराने मामले में सुनवाई करते हुए भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह को दो साल की सजा के साथ ढाई हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इसको लेकर जिले के राजनीतिक महकमे में हड़कंप मच गया है। हालांकि विधायक के वकील की तरफ से जिला न्यायालय में अंतरिम जमानत



याचिका भी दाखिल गई है। जिले के महसी विधान सभा क्षेत्र से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह के खिलाफ दो सितंबर 2002 को थाना हरदी में तत्कालीन एसडीएम महसी ने मुकदमा पंजीकृत कराया था। उन पर एसडीएम कार्यालय में एक बयान के दौरान घुसकर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए दुर्व्यवहार करने व एसडीएम को बाहर निकलने पर निपटने की धमकी देने का आरोप था।अपर सिविल जज प्रवर खंड/एसीजेएम एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश अनुपम दीक्षित के न्यायालय पर मामला चला। गुरुवार को अभियोजन व बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित कर लिया। एमपी एमएलए कोर्ट/न्यायालय अपर सिविल जज अनुपम दीक्षित ने मामले की सुनवाई करते हुए दो साल की सजा सुनाई है। साथ ढाई हजार रूपए का जुर्माना लगाया है।

### सड़क पर शावकों के साथ दिखी बाघिन, रोमांचित हुए पर्यटक



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में आने वाले पर्यटकों को बाघ और तेंदुए दिख रहे हैं। जंगल भ्रमण के लिए आए पर्यटकों के दल को सड़क मार्ग पर वाहन के सामने एक बाघिन अपने तीन शावकों के साथ विचरण करते दिखी। खूबसूरत नजारे को लोगों ने अपने मोबाइल में कैद किया। उसका वीडियो भी बनाया। खूबसूरत नजारा देख कर पर्यटक काफी खुश दिखे। मालूम हो कि जंगल में बाघों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। इनकी संख्या अब दोगुनी हो गई है।

# शटर तोड़कर सराफा की दुकान से लाखों की चोरी

▸ सोने-चांदी के जेवरात साथ ले गए चोर

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

जिले के पुरैना बाजार में स्थित सराफा की दुकान में लगे शटर को चोरों ने रात में सरिया से तोड़ दिया। इसके बाद सोने और चांदी के जेवरात की चोरी की। सुबह पड़ोसियों की सूचना पर व्यापारी को चोरी की जानकारी हुई। इस पर उसने थाने में तहरीर दी है। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के बस स्टॉप निवासी प्रेमचंद सोनी पुत्र भगवती प्रसाद की सराफा की दुकान पुरैना बाजार में संचालित है। घर से गांव की दूरी सात किलोमीटर पर है। प्रतिदिन की तरह गुरुवार रात को प्रेम चंद सोनी दुकान बंद कर घर चले गए। देर रात को अज्ञात चोरों ने सराफा की दुकान का शटर सरिया से तोड़ दिया।



इसके बाद सभी ने दुकान में रखे अलमारी से सोने और चांदी के जेवरात चोरी की। सभी जेवरात लेकर चले गए। सुबह चोरी की जानकारी पड़ोस के लोगों ने थाने में दी। इस पर दुकानदार बदहवास हालत में मौके पर पहुंचा। उसने थाने में तहरीर देकर दो लाख से अधिक के चोरी की बात कही। थानाध्यक्ष सूरज कुमार राणा ने बताया कि पुलिस ने मौके पर जांच की है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जायेगा।





### घर-घर पहुंच रही राम भक्तों की टोलियां

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** राम भक्तों की टोली घर–घर पहुंच कर नगर सहित पूरे जनपद में श्रीधाम अयोध्या में पूजित अक्षत एवं प्रभु श्री राम मंदिर का चित्र घर घर जाकर जाकर वितरित कर रही है।बहराइच नगर में 26 बस्तियों में 78 टोलिया गठित की गई है इन टोलियों के राम भक्त कार्यकर्ता भक्ति भाव से घर–घर जाकर लोगों को अक्षत प्रदान कर रहे हैं। श्री धाम अयोध्या में पूजित अक्षत को पाकर लोग भाव विभोर हो रहे हैं । माधव बस्ती में विभाग प्रचारक डॉ अवधेश, जिला कार्यवाहक भूपेंद्र बस्ती प्रमुख वेद प्रकाश, राष्ट्र सेविका समिति की शिवानी सिंह, आदि द्वारा अक्षत का वितरण किया गया। ओम् बस्ती नगर प्रचारक दौलत के साथ सदानंद पांडेय की अगुवाई में टोली के साथ अक्षत वितरण किया गया। गायत्री बस्ती रत्नाकर सिंह, नगर शारीरिक शिक्षण प्रमुख चंदन पटवा के नेतृत्व में राम भक्तों के द्वारा अक्षत का वितरण किया गया। इसी प्रकार शिवाजी बस्ती में प्रवीण, विमलेंद्र दिलीप तथा सरयू बस्ती में सुनील मिश्रा, जगदंबा बख्श, सुरेंद्र सिंह, ध्रुव मिश्रा, देवांश, विभाग प्रचार प्रमुख अतुल एवं सिद्धनाथ बस्ती में मातृशक्ति की टोली बेबी श्रीवास्तव एवं किरन मिश्रा की अगुवाई में अक्षत वितरित कर रही हैं।

# कवियों की सजी महफ़िल, बही गीत और संगीत की रसधार

▸ विजय उत्सव लान में कवियों का लगा जमावड़ा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

आचार्य स्व दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी की तृतीय पुण्य तिथि विजय उत्सव लान में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के संयोजक कवि लक्ष्मीकांत त्रिपाठी मृदुल और आयोजक जय कृष्ण त्रिपाठी, रमाकांत त्रिपाठी, चन्द्रकेश त्रिपाठी रहे।विजय उत्सव लान में कवियों की महफ़िल सजी और गीत और संगीत की बयार बही। एक से बढ़कर एक कविताओ को सुनकर दर्शक भाव विभोर हुए। प्रतिमा मिश्रा बहराइच ने पढ़ा वेद उपनिषद गन्थों से यदि दूरी है। सुनो कुमारों विद्या अभी अधूरी



है। यदि हल पाना चाहो प्रश्नों से पहले। तो गीता को पढ़ना बहुत जरूरी है। ज्योतिमा शुक्ला(रश्मि)ने पढ़ा खोजती दिन रात तुमको है कहा अपना पता दे,राधिका कान्हा से बोली, प्रेम कितना है जता दे। राम करन सैलानी ने पढ़ा बाती थी, तेल भी था, सैलानी चिराग में, पर बदनीयत हवाओं ने जलने नही दिया।

धर्मराज उपाध्याय (कोतवाल) कवि/सायर ने पढ़ा। नवम्बर जस मजा जनवरी मा न पइहव,गद्दा जस मजा दरी मा न पइहव,ठान्स के पिस्टल बुलेट से घुमिहौ, दरोगा जस मजा मास्टरी मा न पइहव। गुरु कि महिमा जो न जानय ऊ बहुत बड़ा नादान है, देश मे विदेश में गुरु की ही शान है, लाठी, पिस्टल, बुलट,और सितारा।ई सब लीहें जवउँन घूमित हैं हम। ई सब हमारे गुरुवन केअहसान है। शिवाकांत मिश्र विद्रोही ने पढ़ा राम के विना यह संसार असार है मित्र-वन,बाग,खेतन म राम है। राधा कृष्ण शुक्ल पथिक ने पढ़ा उतरे उतरे चेहरे क्यों है,सहमी क्यों है छाया में,कंचन को भी देनी पड़ती है,युग की अग्नि परीक्षा में। गीत, संगीत, हास्य, श्रंगार, बीर रस, की रचनाओं को सुनकर दर्शक बार बार भाव विभोर होते रहे। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी तेजवापुर अखिलेश कुमार वर्मा, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ से जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाठक, जनपदीय मंत्री विजय कुमार उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार यादव, भुवनेश्वर पाठक,जय सुख लाल मिश्र, उदय शंकर त्रिपाठी,परमात्मा दीन त्रिपाठी (राजश्व निरीक्षक) राजेश पाण्डेय, मृत्युंजय शुक्ल, पुण्डरीक पांडेय, चन्द्र शेखर नागवंशी, दिलीप त्रिपाठी, ब्रह्मेंद्र शुक्ल, विद्या विलास पाठक, भानु प्रताप मिश्र सहित सैकड़ों कविता एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

# जनपद में चिन्हित हुए 1990 संभावित कुष्ठ रोगी, 15 दिन तक चला अभियान

▸ जांच में पुष्टि होने पर सम्पूर्ण इलाज से होंगे कुष्ठ से मुक्त

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में 21 दिसंबर से 4 जनवरी तक अभियान चलाकर कुष्ठ रोग से मिलते-जुलते लक्षण वाले 1990 संभावित व्यक्तियों को चिन्हित किया गया। अभियान में 4102 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीम ने गृह भ्रमण कर चिन्हित व्यक्तियों की सूची विभाग को सौंप दी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सतीश कुमार सिंह ने बताया कि चिन्हित सभी संभावित व्यक्तियों की



जांच की जायेगी और कुष्ठ रोग की पुष्टि होने पर मरीजों को सम्पूर्ण इलाज कर रोगमुक्त कराया जाएगा। उन्होंने बताया कुष्ठ रोग माइक्रोबैक्टीरियम लेपरे नामक जीवाणु के संक्रमण से होता है। यह मुख्यतः त्वचा, आँख, नाक और बाहरी तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है। इलाज न किए जाने पर यह रोग स्थायी दिव्याङ्गता का कारण बन सकता है। शारीरिक विकृति के अलावा कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों को कलंक और भेदभाव का भी सामना करना पड़ता है ।

**कुष्ठ रोग के संभावित लक्षण**

त्वचा पर लाल या फीके धब्बे के साथ ही उसमें पूर्ण रूप से सुन्नपन या सुन्नपन का एहसास होना ।चमकीली या तैलीय त्वचा होना।कर्ण पल्लव ( कान के नीचे लटक रहा हिस्सा )का मोटा होना या उसमें गांठ होना। त्वचा पर कहीं भी गांठ होना।आँखों को बंद करने में दिक्कत, या आँखों से पानी आना।भौहों का खत्म होना ।हाथ पैर में घाव या दर्द रहित छाले।कमीज या जैकेट के बटन बंद करने में असमर्थ होना। हाथ या पैर की उँगलियों का मुड़ जाना ।चलते समय पैर का घिसट जाना। इनमें से कोई भी लक्षण होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर जांच व इलाज कराया जा सकता है ।

उन्होंने बताया कुष्ठ रोग का इलाज संभव है और बीमारी की शुरुआत में ही इलाज कराने से इससे होने वाली दिव्याङ्गता को रोका जा सकता है।जिला कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ विनय श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान के दौरान लोगों को यह संदेश भी दिया गया कि कुष्ठ की जांच व इलाज की सुविधा सभी ब्लॉक स्तरीय अस्पतालों पर उपलब्ध है। समय से कुष्ठ रोग की पहचान होने पर उसका सम्पूर्ण इलाज संभव है। एक बार जब कुष्ठ रोगी दवा का सेवन शुरू कर देता है तो उससे दूसरों को यह बीमारी नहीं फैल सकती। समय से कुष्ठ का इलाज न करवाने पर यह विकृति या स्थायी दिव्यांगता का रूप ले सकता है।

# गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलशयात्रा

▸ तेजवापुर के उमरी दहलों में गायत्री परिवार की ओर से निकाली गई कलशयात्रा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को तेजवापुर ब्लॉक क्षेत्र के गोसाईगंज उमरी दहलों स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ ज्ञान मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाओं ने कलश लेकर यात्रा में शामिल हुईं।

कलश यात्रा गोसाईगंज चौराहा से केशवापुर गोलवा, यादवपुर, गजपतिपुर, सिसई हैदर होते हुए सरयू



घाट स्थित मरीमाता मंदिर पहुंची। जहां विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के बाद महिलाओं ने कलश में जल भरकर कथा स्थल की ओर रवाना हुए। कलश यात्रा में डीजे की धुन पर थिरकते हुए लोगों ने जयकारों के उद्घोष के साथ झूमते हुए कथा स्थल पहुंचे। कलश यात्रा में 151 महिलाओं ने कलश भरा। श्री अयोध्या धाम के रामादल ट्रस्ट उपाध्यक्ष पंडित अभिषेक चौबे ने कलश यात्रा का भव्य स्वागत सिसई हैदर के पास किया। कलश यात्रा में शामिल कथा के मुख्य यजमान राम लखन गुप्ता व आयोजक गायत्री परिवार के लोगों का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत व सम्मान किया। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष पंडित अभिषेक चौबे ने कहा कि इस प्रकार की आयोजन से सनातन धर्म व सनातन संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। ऐसे आयोजन हमें सनातन धर्म के प्रचार प्रसार की प्रेरणा देते हैं।

# रेलवे स्टेशन पर अज्ञात अधेड़ का मिला शव

**सीमा विवाद में उलझी पुलिस, मानवता हुई शर्मसार**



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मौजूदा समय में जहां प्रदेश ही नहीं पूरे देश में राम राज्य की परिकल्पना को साकार करने का सपना दिखाया जा रहा है। वहीं बछरावां रेलवे स्टेशन परिसर के अंदर पड़ा एक अज्ञात अधेड़ का शव इस परिकल्पना को मुंह चिढ़ा रहा है।

सीमा विवाद में उलझी सिविल और जीआरपी पुलिस एक दूसरे पर थोपते रहे जिम्मेदारी। प्राप्त विवरण के मुताबिक आज सुबह लोगों ने बछरावां रेलवे स्टेशन परिसर के अंदर पड़ा हुआ एक शव देखा, जिसकी सूचना जीआरपी पुलिस को दी, जीआरपी पुलिस द्वारा यह कहते हुए कि, यह उनके कार्य क्षेत्र में नहीं आता है, उन्होंने बछरावां कोतवाली में खबर दीद्य खबर पाते ही पहुंची पुलिस यह कहते हुए उसने भी अपना पल्ला झाड़ लिया, कि जहां वह शव पड़ा हुआ है वह उनके क्षेत्र में नहीं आता।

हालत यह हो गए कि, शाम लगभग 3:00 बजे तक अज्ञात अधेड़ का शव वहीं पडा रहा। किसी ने भी उसका पोस्टमार्टम कराने का दायित्व नहीं समझा।जिले में आज ही पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी का तबादला और नवागंतुक पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल को कमान सौंपी गई है, जिसके चलते पुलिसिया कार्यशाली को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। स्टेशन के अगल-बगल रहने वाले दुकानदारों एवं रिक्शा चालकों ने बताया कि, मृतक व्यक्ति मानसिक रूप से बिक्षप्त था, रेलवे स्टेशन के पास ही रहकर अपनी गुजर बसर करता था। जब कोई कुछ खाने को दे देता था तो उसी में गुजारा कर लेता था। कयास लगाया जा रहा है कि, उक्त व्यक्ति की अत्यधिक ठंड लगने के कारण मौत हुई है।

खबर लिखे जाने तक मामला जस का तस बना हुआ है। मृतक का शव परिसर में पड़ा हुआ है।

### संदिग्ध परिस्थितियों मे सड़क किनारे मिला युवक का शव

**महराजगंज।** कोतवाली क्षेत्र के शिवगढ़ मार्ग पर बीती देर रात हसनपुर गांव के पास संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लतफत गंभीर अवस्था में एक युवक मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने पहले इसकी सूचना पुलिस को दी, उसके बाद 108 एंबुलेंस को फोन किया। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस के द्वारा घायल को सीएचसी महराजगंज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। आपको बता दें कि, थाने से प्राप्त विवरण के मुताबिक घटना गुरुवार की रात लगभग 8:00 बजे की है। हसनपुर गांव के पास राजविंदर (32) पुत्र संतलाल पासी निवासी कोटवा मदनिया को ग्रामीणों ने खून से लथपथ गंभीर रूप से घायल संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क के किनारे देखा। इसके बाद सूचना पुलिस को दी गई और ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस को फोन करके घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से ग्रामीणों ने घायल राजविंदर को सीएचसी महराजगंज पहुंचा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल बालेंदु गौतम का कहना है कि, अभी किसी प्रकार की कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, अगर तहरीर मिलेगी तो नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। उधर चर्चा है कि, गुरुवार को कोटवा मदनिया गांव का मेला था, युवक साइकिल से मेला गया हुआ था, उसे नशे की लत थी, जिसकी वजह से वह हसनपुर गांव नशा करने के लिए गया था, वहां से वह अपनी साइकिल से वापस लौट रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल सड़क के किनारे पड़ा हुआ था, कुछ दूरी पर उसकी साइकिल पड़ी मिली थी।

## एसपी आलोक प्रियदर्शी का तबादला, अभिषेक कुमार अग्रवाल संभालेंगे जिले की कमान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



देर रात शासन ने रायबरेली के पुलिस अधीक्षक रहे आलोक प्रियदर्शी का तबादला करते हुए बदायूं का एसपी बनाया है।वहीं सिद्धार्थनगर में पुलिस अधीक्षक रहे अभिषेक कुमार अग्रवाल को अब जनपद का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

2017 बैच के आईपीएस अधिकारी अभिषेक कुमार अग्रवाल सिद्धार्थनगर से पहले ललितपुर में एसपी, प्रयागराज में एएसपी रह चुके हैं। छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभिषेक की गिनती तेजतर्रार पुलिस अधिकारियों में मानी जाती है। पूर्व जनपदों में तैनाती के दौरान एसपी अभिषेक ने कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जिसको लेकर आज भी उन जिलों में चर्चा होती है।

शांत स्वभाव के एसपी अभिषेक अग्रवाल कानून के लिहाज से बेहद कठोर हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं है। रायबरेली के नवागत एसपी अभिषेक अग्रवाल 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। मूलतः रायगढ़ छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। सबसे पहले उन्हें प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में जिम्मेदारी सौंपी गई इसके बाद 12 मार्च 2023 को ललितपुर में एसपी का चार्ज मिला।

## खबरें एक नजर में

### अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत दिनाँक 05 जनवरी 2024 को थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त अमन सिंह पुत्र रुद्रप्रताप सिंह निवासी शेषपुर समोधा थाना बछरावां जनपद रायबरेली को 1100 ग्राम अवैध गांजा के साथ थाना क्षेत्र के राजामऊ चौराहा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरूद्ध थाना बछरावां पर मुकदमा अपराध संख्या-05/2024 धारा-8/20 एनडीपीएस अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली इस पुलिस टीम में उ0नि0 हरिमोहन सिंह थाना बछरावां रायबरेली, मुख्य आरक्षी राम नरेश थाना बछरावां रायबरेली, आरक्षी यशवीर सिंह थाना बछरावां रायबरेली मौजूद रहे। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा हेतु बछरावां विकासखंड के पंजीकृत अभ्यर्थी ध्यान दें।

### नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा : बछरावां के पंजीकृत अभ्यर्थी उत्कर्ष पब्लिक स्कूल में उपस्थिति करायें दर्ज

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जवाहर नवोदय विद्यालय रायबरेली के प्राचार्य चंदन बागीश ने बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय में वर्ष 2024-25 चयन परीक्षा 20 जनवरी 2024 को जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित कराई जा रही है। उन्होंने बताया है कि विकासखंड बछरावां के लिए जारी प्रवेश पत्र में अपरिहार्य कारणों से परीक्षा केन्द्र उत्कर्ष पब्लिक स्कूल के स्थान पर उत्कृष्ट पब्लिक स्कूल, बछरावां रायबरेली मुद्रित हो गया है। प्राचार्य चंदन बागीश ने बछरावां विकासखंड के लिए ऑनलाइन पंजीकृत सभी अभ्यर्थी से कहा है कि परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्र उत्कर्ष पब्लिक स्कूल बछरावां रायबरेली में अपनी उपस्थिति दर्ज करायें।

### नौ को होगा रोजगार मेले का आयोजन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रोजगार मेले का होगा आयोजन। खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजनान्तर्गत विकासखंड स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 9/1/2024 को 11:00 बजे विकासखंड महराजगंज के परिसर पर आयोजित कराया जाना है दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजनान्तर्गत मेले में आकर युवक युवतियां रोजगार हेतु इच्छुक व्यक्तियों को रोजगार मेले में प्रतिभाग किए जाने हेतु प्रेतोस्ताहित करना है जिससे कि अधिक से अधिक व्यक्ति रोजगार पा सके।

### ढाबे से हजारों का सामान पार कर ले गये चोर

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर स्थित गणपति ढाबा में बीतीरात चोरों ने धावा बोल दिया। यहां जनरेटर रूप से अल्टीनेटर और ऑक्सीजन सिलेण्डर सहित हजारों का माल पार कर दिया। सुबह संचालक ढाबा पहुंचा तब उसे चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने कार्यवाही का भरोसा दिया है। आसीवन तरफपश्चिम निवासी आलमशेर पुत्र सलीम बेग बांगरमऊ-लखनऊ मुख्यमार्ग पर मियागंज के समीप गणपति नाम से ढाबा संचालित करता है। विगत कई दिनों से ढाबा बंद चल रहा है लेकिन संचालकों का यहां आना-जाना बना रहता है। इस बीच बीतीरात चोरों ने ढाबे पर धावा बोल दिया। जनरेटर रूम में घुसकर अल्टीनेटर, टुल्लू पम्प, आक्सीजन सिलेण्डर पार कर ले गए। सुबह संचालक पहुंचा तब उसे चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### अनियंत्रित डीसीएम डिवाइडर पर चढ़ी, चालक घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बेहटा मुजावर थाना अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर चालक को झपकी आने के कारण डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां के चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मैनपुरी जनपद के थाना बेवर अंतर्गत ग्राम नगला लादे निवासी चालक अश्वनी कुमार पुत्र जितेंद्र सिंह लखनऊ से डीसीएम लेकर आगरा की ओर जा रहा था। शुक्रवार को तड़के रास्ते में बेहटा मुजावर थाना अंतर्गत ग्राम अवस्थीखेड़ा के निकट चालक को अचानक झपकी लग गई। जिससे डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। हादसे में डीसीएम चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। यूपीडा रेस्क्यू टीम ने घायल चालक को यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां के चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मानसिक बीमार महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र स्थित बिछिया गांव में एक महिला का शव घर के कमरे में लगे पंखे से फांसी के फंदे से लटकता देख परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। बिछिया निवासी शिवप्रसाद की 48 वर्षीय पत्नी गुड्डी देवी का शव गुरुवार की रात घर के कमरे में लगे पंखे में चुनरी के सहारे लटका देख परिजनों की चीख सी निकल गई। घटना के समय पति शिवप्रसाद खेत में फसल की रखवाली करने गया था। देररात वापस घर लौटने पर पत्नी को फंदे पर लटका देख दंग रह गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं। शिवप्रसाद ने बताया कि पहली पत्नी की मौत हो गई थी। उसने गुड्डी से दूसरी शादी की थी। गुड्डी से कोई संतान न होने से वह मानसिक परेशान रहती थी। जिसके चलते यह कदम उठा लिया। एसएसआई राजेश यादव ने बताया कि पति ने आत्महत्या की तहरीर दी हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** उन्नाव-रायबरेली रेलमार्ग पर बीघापुर एवं अचलगंज स्टेशनों के मध्य शुक्रवार को सुबह करीब पौने आठ बजे रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शुक्रवार को सुबह करीब पौने आठ बजे रायबरेली रेलमार्ग पर अचलगंज व बीघापुर रेलवे स्टेशनों के मध्य स्थित किलोमीटर संख्या-173/1व 173/2 कोरारी रेल ट्रेक पर एक युवक का शव बड़ा होने की सूचना गेटमैन मनोज कुमार ने स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची अचलगंज पुलिस ने शव की पहचान करने की कवायद शुरू की। इस दौरान पुलिस ने उसके शिनाख्त राजेन्द्र (45) पुत्र स्व. गुरुदीन निवासी ग्राम अमरसस थाना अचलगंज के रूप में की। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि राजेंद्र मजदूरी करता था। शुक्रवार को सुबह वह बाजार गया था और वहां से ब्रेड आदि सामान खरीदकर वापस घर आ रहा था। रेलमार्ग पार करते समय किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए बैंक सखियों को किया गया सम्मानित



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बैंकिंग कार्य में उत्कृष्ट कार्य के लिए रिजिनल ऑफिस से आये एफआई हेड ने बी सखियों को सम्मानित किया है उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें उत्कृष्ट कार्य के लिए मोटिवेशन दिया गया है बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखा डलमऊ में शुक्रवार को शाखा में तैनात समस्त बीसी सखी व बीसी मित्र की एक बैठक आयोजित की गई बैठक के दौरान सभी को बैंकिंग कार्य की जानकारी दी गई साथ ही ग्राहकों को मिलने वाली बैंक सेवाओं की भी जानकारी दी गई अपने गांव में उत्कृष्ट कार्य कैसे करें इस पर भी प्रकाश डाला गया बीसी सुपरवाइजर योगेश सिंह ने कहा कि गांव में बैंकिंग कार्य के लिए बीसी कार्य कर रही हैं जिनसे लोगों को बैंक की सेवाएं मिल रही हैं दिसंबर माह में माइक्रो इंश्योरेंस पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बीसी सखी को सम्मानित भी किया गया बीसी सखी मालती देवी, सोनी व मोनिका को रीजनल ऑफिस रायबरेली से आए एफ आई हेड हर्ष सिंह व शाखा प्रबंधक विश्वजीत वर्मा के द्वारा प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया शाखा प्रबंधक विश्वजीत वर्मा ने बताया कि बीसी सखी मालती देवी ने दिसंबर माह में माइक्रो इंश्योरेंस पर लक्ष्य से अधिक कार्य करते हुए बैंक शाखा का नाम रोशन किया है इसलिए सभी बधाई की पात्र हैं आपको बता दें कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल बीसी सखी गांव में बैंकिंग कार्य कर रही हैं जिससे खाता धारकों को गांव में ही बैंक की सभी सेवाएं मिल रही हैं बुजुर्गों को जहां बैंक के चक्कर लगाने पड़ते थे आज उन्हे घर बैठे बैंक की सारी सेवाएं मिल रही हैं इस मौके पर बैंक शाखा में तैनात नितिन दिलीप संजय अनिमेष मुकेश सिंह छंगालाल आदि उपस्थित रहे।

### अवैध पोस्ता छिलका के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा अपराध नियंत्रण एव वांछित,ईनामिया अभियुक्तो की गिरफ्तारी एवं अवैध असलहो की तस्करी तथा अवैध मादक पदार्थ द्रव्यों की बिक्री व तश्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत शुक्रवार को लालगंज पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र श्यामलाल निवासी पूरे पंचम सिंह मजरे थाना लालगंज को जमुवावा मोड के पास से 1100 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका के साथ गिरफ्तार कर स्थानीय थाना पर अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया

## ओवर ब्रिज से अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरा आलू लदा ट्रक, एक की मौत, चालक गंभीर रूप से घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



रायबरेली के बछरावां कस्बे से होकर निकले लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर स्थित रेलवे ओवरब्रिज से एक आलू लदा ट्रक नीचे सड़क पर गिर गया। हादसे में क्लीनर की मौत हो गई। वहीं चालक की हालत नाजुक बनी हुई है।

शुक्रवार सुबह इटावा जनपद से आलू लादकर अमेठी जा रहा ट्रक लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर ओवरब्रिज पर अनियंत्रित हो गया। अनियंत्रित ट्रक ओवरब्रिज की रेलिंग तोड़ते हुए ब्रिज से नीचे गिर गया। हादसे में मुसाफिरखाना जनपद अमेठी निवासी ट्रक चालक गया प्रसाद ( 59) पुत्र जयपाल व ट्रक क्लीनर रंजीत कुमार (21) गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक गणनायक पांडे ने ट्रक क्लीनर को मृत घोषित कर दिया। वहीं चालक की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कोतवाली प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मृतक के परिजनों की जानकारी की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई कि जायेगी।

## 'बुजुर्ग हमारी धरोहर, हमारी पहचान व संस्कृति की खान हैं'

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



बुजुर्गों को घर परिवार एवं समाज का धरोहर कहा जाता है माना जाता है कि जिस तरह हमारी सांस्कृतिक धरोहरें हमें अपनी संस्कृति का बोध कराती हैं, ठीक वैसे ही हमारे बुजुर्ग सभ्य समाज की रचना करने मैं वरिष्ठ जनों का विशेष सहयोग होता है वह हमें सही गलत का बोध और समाज को सही दिशा दिखाते हैं कराते हैं शुक्रवार को पूर्व नियोजित कार्यक्रम में डलमऊ कस्बे के वरिष्ठ बुजुर्ग जनों का स्वागत एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कस्बा स्थित नारायण उत्सव लाल में आयोजित किया गया जहां पर उपस्थित वरिष्ठ बुजुर्ग जनों का माला एवं अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में बड़ा मठ दलमान के स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि महाराज ने आरती बंधन एवं अपने वचनों से उपस्थित जनों से सब समाज की रचना करने का आग्रह किया कार्यक्रम का संचालन कर रहे राकेश जायसवाल ने कहा कि जैसे कोई धरोहर किसी की अमानत होती है वैसे ही हमारे बुजुर्ग भी हमारी अमानत होते हैं कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र वैद्य ने कहा कि बुजुर्ग हमारे परिवार एवं समाज की नींव होते है बुजुर्ग परिवार एवं समाज को हमेशा जोड़कर रखते हैं हम सभी को उनका आदर एवं सम्मान करना चाहिए कार्यक्रम की व्यवस्थापक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि बुजुर्गों के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से जीवन सरल एवं अनुभवशाली होता है वह अपने अनुभव से घर परिवार एवं समाज को जीवन जीना सिखाते हैं कार्यक्रम आयोजन में दिनेश मौर्य पथवारी शंकर अकबर अली संदीप चौधरी संदीप मिश्रा रामगोपाल वैश्य प्रशांत जायसवाल सोनू यादव संजय श्रीवास्तव ओम नारायण हांडा गुड्डू आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा इस मौके पर स्वामी दिव्यानंद जी महाराज शक्तिमान वैश्य राजेश द्विवेदी टीटू अग्रवाल सहित कस्बे की वरिष्ठ बुजुर्ग एवं अन्य लोगों उपस्थित रहे

## जन्मदिवस पर याद किए गए पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह

**कल्याण सिंह जैसा नेता अब इस धरा पर नहीं है डॉक्टर : एमडी पासी**

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल रहे स्वर्गवासी कल्याण सिंह का जन्म दिवस प्रतीयं परिषद सदस्य भारतीय जनता पार्टी एवं पूर्व प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी बछरावां विधानसभा डॉक्टर मातादीन पासी (एमडी पासी)के निवास स्थान पर पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बाबूजी के नाम से मशहूर कल्याण सिंह का जन्म दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।

आए हुए लोगों ने दीप प्रज्वलन के साथ पूर्व मुख्यमंत्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया वहीं एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया जिसमें प्रतीयं परिषद सदस्य डॉक्टर एमडी पासी ने कहा कि पूर्व सीएम कल्याण सिंह जैसा नेता अब इस धरा पर नहीं है वह कार्यकर्ताओं को पहली प्राथमिकता देते थे और उन्हें बहुत इज्जत और मान सम्मान देते हुए उनके कार्यों पर विशेष गौर करते थे ।वही मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा ने कहा कल्याण सिंह के समय शिक्षा का स्तर जिस तरह ऊपर उठा है इसके बारे में जितना कहा जाए कम है ।इस मौके पर कविराज शिवकुमार सिंह शिव समाजसेवी द्वारिका सिंह किसान नेता राम सुमिरन यादव सुल्तानपुर ग्राम प्रधान संतलाल लोधी रामेश्वर लोधी सुरेंद्र सिंह बृजेश नंदन सुखई मौर्य सुशील कुमार मयंक सोनी व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल पंकज श्रीवास्तव मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार लोधी राम शरण लोधी राधा लोधी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर युवक की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को दोपहर के समय गांव के बाहर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया।

मौरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुलरिया के मजरा भूपखेड़ा निवासी शत्रुघ्न कुमार (25) पुत्र स्व.सुरेश कुमार शुक्रवार को दोपहर करीब एक बजे गांव के बाहर से लकड़ी काटकर घर जा रहा था। इसी बीच अचानक तेज गरज के साथ आकाश की बिजली गिर गई। शत्रुघ्न उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे में उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। मृतक छह भाई बहनों में पांचवें नंबर पर था। घटना से उसकी मां राजकुमारी एवं भाई बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बार चुनाव : अध्यक्ष सहित अन्य पदों पर 11 ने कराया नामांकन



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बांगरमऊ तहसील के सभी अधिवक्ताओं की सहमति से बार एसोसिएशन कार्यकारिणी चुनाव 2024 की प्रक्रिया शुक्रवार को शुरू की गई। आज अध्यक्ष पद सहित अन्य पदों हेतु कुल 11 वकीलों ने नामांकन कराया।

शुक्रवार को चुनाव अधिकारी रामभरोसे वर्मा और सहायक चुनाव अधिकारी छोटेलाल गौतम के निर्देशन में अध्यक्ष पद के लिए सुभाष चंद्र शुक्ला व पूर्व अध्यक्ष विष्णुकान्त मिश्रा कुल दो वकीलों ने नामांकन दाखिल किया। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रतीक कटियार, महामंत्री पद हेतु रमेश द्विवेदी व राजमणि हंस, कोषाध्यक्ष के लिए आदित्य तिवारी व सुलभ श्रीवास्तव और संयुक्त मंत्री पद हेतु बृजेश कुमारी, संजय कुमार व हरिओम दीक्षित तथा सहायक उपाध्यक्ष पद पर सर्वोत्तम अवस्थी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्रों पर आपत्तियां और निस्तारण कल 6 जनवरी दिन शनिवार को और नाम वापसी 8 जनवरी दिन सोमवार तथा मतदान 12 जनवरी को होगा। हालांकि नामांकन वापसी के दिन लगभग सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन की संभावना अधिक है।

### नगरवासियों से टैक्स जमा करने की अपील

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** अधिशाषी अधिकारी ने नगर पंचायत वासियों से टैक्स जमा करने की अपील की है और जिन लोगों ने टैक्स नहीं जमा किया है उन्हें जल्द से जल्द टैक्स जमा करने को कहा है। नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी में शुक्रवार को टैक्स वसूली को लेकर ईओ अरविंद सिंह ने समीक्षा बैठक की। इसमें संबंधित अधिकारियों और विभागीय वसूलीकर्ताओं से वसूली की जानकारी ली। ईओ ने अभीतक हुए गृहकर, जलकर, संपत्ति किराया और अन्य टैक्स वसूली के आंकड़ों की जानकारी लेते हुए संतोष व्यक्त किया। ईओ ने कहा कि कुछ नगरवासियों ने स्वयं जिम्मेदारी समझते हुए अपने टैक्स जमा किए हैं। साथ ही निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जल्द से जल्द टैक्स वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं और आम जनता से भी बिल जमा करने की अपील की। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष मिथलेश जयसवाल ने भी नगरवासियों से टैक्स जमा करने की अपील की।

## जयंती पर याद किए गए कल्याण सिंह

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की जयंती पर भाजपाईयो ने उनकी प्रतिमा और चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर याद किया।

हिन्दू हृदय सम्राट श्रीराम मंदिर अयोध्या में निर्माण संघर्ष में अपनी कुर्सी को त्याग देने वाले पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश व राजस्थान के पूर्व राज्यपाल स्व. कल्याण सिंह बाबू जी की जयंती पर आज सदर विधानसभा के ग्राम सैय्यद अब्बासपुर में स्थापित पूर्व मुख्यमंत्री की प्रतिमा पर सांसद साक्षी महराज व सदर विधायक पंकज गुप्ता ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान श्रीकृष्ण वर्मा, अमितेश सिंह नंदू मौजूद रहे। भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, जिला महामंत्री आशीष बाजपेई, अटल प्रवीण सिंह नूतन, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, आनंद अवस्थी, जिला मीडिया प्रभारी समीर शुक्ला सहित उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कल्याण सिंह की जयंती पर नगर स्थित उनके स्मारक में नगर अध्यक्ष सुशील तिवारी के नेतृत्व में, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप पांडेय, नगर उपाध्यक्ष आशीष त्रिपाठी अक्षय, दीपक दीक्षित मोनू, संतोष पाल, नगर मंत्री अश्विनी त्रिपाठी, शक्ति केन्द्र संयोजक सभासद सर्वेश गुप्ता, राजेंद्र भारतीय दिनेश कुशवाहा व बूथ अध्यक्ष सुनील राजपूत सहित उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर बाबू जी को नमन किया।

## साइबर अपराधों का वार

ऑन लाइन सेवाओं के विस्तार ने हमारे जीवन को जितना सुगम व सरल बनाया है, उतना ही खतरा साइबर अपराधों का भी बढ़ा है। दरअसल, देश में साइबर अपराधों पर शिकंजा कसने में देरी और लोगों में जागरूकता की कमी से भी अपराधी अपने मंसूबों में कामयाब हो जाते हैं। यह खबर परेशान करने वाली है कि देश में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ व हरियाणा में साइबर अपराध की दर सबसे ज्यादा है। बल्कि हरियाणा में मेवात साइबर अपराधों के जरिये वसूली का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। यह स्थिति कितनी चिंताजनक है कि पिछले तीन साल में वित्तीय धोखाधड़ी में दस हजार तीन सौ नब्बे करोड़ रुपये का चूना लोगों को लगा। कमोबेश साइबर अपराधियों के सुनियोजित गिरोहों द्वारा लोगों के विश्वास के साथ छल करके खून-पसीने की कमाई पर हाथ साफकिया जा रहा है। लोग शातिर अपराधियों के भ्रमजाल में फंस जाते है और उसकी बड़ी कीमत चुकाते हैं। यह समस्या कितना जटिल रूप ले चुकी है कि देश में एक लाख की आबादी पर 129 साइबर अपराध दर्ज किए गए हैं। लेकिन इसकी संख्या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रति लाख आबादी पर 755, चंडीगढ़ में 432 तथा हरियाणा में 381 है। इन स्थानों पर ज्यादा साइबर क्राइम होने की एक वजह यह भी है कि ऑनलाइन विकल्पों के प्रति जागरूकता के चलते अधिक लोग इन सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं। वैसे साइबर क्राइम की छद्म प्रवृत्ति से अनभिज्ञ लोग भी जल्दी अपराधियों के झांसे में फंस जाते हैं। हालांकि, देश की केंद्रीय एजेंसियां लगातार अपराधियों पर नजर रखे हुए हैं और निरंतर इनके खिलाफअभियान चलाती रहती हैं। मेवात सहित कई राज्यों में साइबर क्राइम के खिलाफबड़े अभियान चलाए गए हैं। राष्ट्रीय एजेंसियों ने 2.9 लाख फर्जी सिम, 2810 गलत मंशा से चलाए जा रहे यूआरएल और 595 मोबाइल ऐप्स ब्लॉक किए हैं। लेकिन इसके बावजूद कहना कठिन है कि साइबर क्राइम इन कार्रवाइयों से कम हुए हैं। दरअसल, साइबर अपराधी पुलिस व जांच एजेंसियों की सक्रियता के बावजूद अपनी गतिविधियों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। साइबर अपराधों का दायरा इतना विस्तृत व जटिल है कि पुलिस भी उन पर आसानी से हाथ नहीं डाल सकती। असल में, अपराध की दुनिया में साइबर अपराध की शुरुआत एक नया खतरा है, जिसके लिए हम अपनी पुलिस को पूरी तरह प्रशिक्षित नहीं कर पाए हैं। साथ ही नागरिकों को भी इस भ्रमजाल से बचने के लिये पर्याप्त रूप से जागरूक करने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर अपराध का स्वरूप देखें तो वर्ष 2023 में सभी साइबर अपराधों में 38 फीसदी धोखाधड़ी निवेश से संबंधित थी। इसके बाद ग्राहक सेवा या रिफंड लौटाने के नाम पर जरूरी जानकारी लेकर फ्रॉड करने अथवा केवाईसी समाप्ति संबंधी झूठी सूचना देकर ठगने के मामले प्रकाश में आए। इतना ही नहीं सेक्सटॉर्शन के जरिये भी धन वसूली के बहुत मामले प्रकाश में आए। इसमें वीडियो कॉल के जरिये लोगों के चित्र को अश्लील दृश्यों से जोड़कर बदनाम करने की धमकी देकर धन वसूला जाता है। यही वजह है कि साइबर विशेषज्ञ सलाह दे रहे हैं कि अनजान वीडियो कॉल का जवाब न दें। यदि वे कॉल लेते हैं तो सेक्सटॉर्शन के शिकार बन सकते हैं। दरअसल, साइबर विशेषज्ञ बैंकों के साथ काम करके उस गिरोहबंदी को रोकने पर काम कर रहे हैं जिसमें एक खाते से धन हस्तांतरित करके आगे अन्य खातों में भेज दिया जाता है और दूसरे के नाम से निकाल लिया जाता है।

## कानून को मुंह चिढ़ा रहे हैं दो राज्यों के मुख्यमंत्री

बीती 3 जनवरी को अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति में कथित घोटाला केस में ईडी ने तीसरा नोटिस देकर बुलाया था। लेकिन केजरीवाल ने ईडी के सामने पेश होने से इंकार कर दिया। उन्होंने ईडी को जवाब भेजकर समन को अवैध करार दिया। जिस शराब घोटाले में केजरीवाल से पूछताछ होनी है, उस मामले में उनके दो बड़े नेता मनीष सिसौदिया और संजय सिंह महीनों से तिहाड़ में बंद हैं। मामला गंभीर है। जांच में केजरीवाल का नाम सामने आने के बाद से यह साफ है कि एजेंसी के पास उनके खिलाफ ठोस सुबूत होंगे। इस मामले में सीबीआई उनसे पूछताछ कर चुकी है। केजरीवाल अक्सर मीडिया और सार्वजनिक मंचों से छाती ठोककर खुद अपने को ईमानदारी का प्रमाण पत्र देते हैं। दस साल पुरानी आम आदमी पार्टी के दिल्ली और पंजाब के लगभग 20 नेता विभिन्न मामलों में जेल की सैर कर चुके हैं। इन दोनों राज्यों में आप की सरकार है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी को जमीन घोटाले और अवैध खनन मामले में पूछताछ करनी है। ईडी उन्हें सात समन भेज चुकी है। लेकिन हेमंत लगातार पूछताछ से भाग रहे हैं। ईडी ने अपने सातवें समन में मुख्यमंत्री से यह पूछा था कि वो स्वयं पूछताछ के लिए जगह तिथि व समय बता दें, ताकि पूछताछ की जा सके। लेकिन मुख्यमंत्री ने जो जवाब भेजा है उसमें जगह तिथि व समय का जिक्र नहीं है।

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

इन दिनों देश में दो मुख्यमंत्री कानून और जांच एजेंसियों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। इनमें पहले मुख्यमंत्री दिल्ली के अरविंद केजरीवाल और दूसरे झारखंड के हेमन्त सोरेन हैं। दोनों मुख्यमंत्रियों को भ्रष्टाचार से जुड़े अलग-अलग मामलों में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी कई दफा नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुला चुकी है। लेकिन दोनों ईडी के सामने पेश न होने के बहाने बना रहे हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत को ईडी सात बार और केजरीवाल को तीन बार समन भेजी चुकी है। लेकिन दोनों पूरी ढिठाई और बेशर्मी से इस मामले में पॉलिटिकल विक्टिम कार्ड का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं। दोनों ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताते हैं। और केंद्र की मोदी सरकार पर अपने विरोधियों को दबाने के लिए जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हैं। असल में राजनीतिक आरोपों के आड़ में ये दोनों खुले तौर पर कानून और जांच एजेंसियों का मजाक उड़ा रहे हैं।



पश्चिम बंगाल में बीती जुलाई में, टीएमसी नेता एवं राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को स्कूल नौकरी घोटाले से जुड़े एक मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। इस साल की शुरुआत में, टीएमसी सांसद और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी से पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग भर्ती और कोयला तस्करी मामलों के संबंध में पूछताछ की गई थी। राशन वितरण घोटाले में ममता सरकार के राज्य मंत्री मलिक को ईडी ने गिरफ्तार किया था। फरवरी 2019 में सीबीआई की एक टीम कोलकाता के पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार से शारदा चिट फंड घोटाले में पूछताछ करने आई तो सीएम ममता बनर्जी ने केंद्र की मोदी सरकार पर सीबीआई का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया और धरने पर बैठ गई थी। शारदा समूह ने पश्चिम बंगाल में कई पोंजी योजनाओं के जरिये कथित तौर पर लाखों लोगों को ठगा। इसमें तृणमूल कांग्रेस नेताओं के नाम सामने आए थे। सीबीआई उसकी जांच कर रही है तो राज्य सरकार ने राजनीतिक कारणों से उसे रोकने का काम किया।

बीती 3 जनवरी को अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति में कथित घोटाला केस में ईडी ने तीसरा नोटिस देकर बुलाया था। लेकिन केजरीवाल ने ईडी के सामने पेश होने से इंकार कर दिया। उन्होंने ईडी को जवाब भेजकर समन को अवैध करार दिया। जिस शराब घोटाले में केजरीवाल से पूछताछ होनी है, उस मामले में उनके दो बड़े नेता मनीष सिसौदिया और संजय सिंह महीनों से तिहाड़ में बंद हैं। मामला गंभीर है। जांच में केजरीवाल का नाम सामने आने के बाद से यह साफ है कि एजेंसी के पास उनके खिलाफ ठोस सुबूत होंगे। इस मामले में सीबीआई उनसे पूछताछ कर चुकी है। केजरीवाल अक्सर मीडिया और सार्वजनिक मंचों से छाती ठोककर खुद अपने को ईमानदारी का प्रमाण पत्र देते हैं। दस साल पुरानी आम आदमी पार्टी के दिल्ली और पंजाब के लगभग 20 नेता विभिन्न मामलों में जेल की सैर कर चुके हैं। इन दोनों राज्यों में आप की सरकार है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी को जमीन घोटाले और अवैध खनन मामले में पूछताछ करनी है। ईडी उन्हें सात समन भेज चुकी है। लेकिन हेमंत लगातार पूछताछ से भाग रहे हैं। ईडी ने अपने सातवें समन में मुख्यमंत्री से यह पूछा था कि वो स्वयं पूछताछ के लिए जगह तिथि व समय बता दें, ताकि पूछताछ की जा सके। लेकिन मुख्यमंत्री ने जो जवाब भेजा है उसमें जगह तिथि व समय का जिक्र नहीं है। केजरीवाल और सोरेन ही नहीं विपक्ष के जिस नेता के यहां जांच एजेंसियां पहुंचती हैं, वो इसे राजनीति से प्रेरित बताकर राजनीतिक ड्रामा करने लगता है। बीते दिनों झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से इनकम टैक्स की छापेमारी के दौरान 353 करोड़ से ज्यादा की नगदी बारामदगी हुई है। इस मामले पर भी जमकर राजनीति हुई।

पश्चिम बंगाल में बीती जुलाई में, टीएमसी नेता एवं राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को स्कूल नौकरी घोटाले से जुड़े एक मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। इस साल की शुरुआत में, टीएमसी सांसद और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी से पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग भर्ती और कोयला तस्करी मामलों के संबंध में पूछताछ की गई थी। राशन वितरण घोटाले में ममता सरकार के राज्य मंत्री मलिक को ईडी ने गिरफ्तार किया था। फरवरी 2019 में सीबीआई की एक टीम कोलकाता के पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार से शारदा चिट फंड घोटाले में पूछताछ करने आई तो सीएम ममता बनर्जी ने केंद्र की मोदी सरकार पर सीबीआई का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया और धरने पर बैठ गई थी। शारदा समूह ने पश्चिम बंगाल में कई पोंजी योजनाओं के जरिये कथित तौर पर लाखों लोगों को ठगा। इसमें तृणमूल कांग्रेस नेताओं के नाम सामने आए थे। सीबीआई उसकी जांच कर रही है तो राज्य सरकार ने राजनीतिक कारणों से उसे रोकने का काम किया।

बिहार में लालू यादव और उनके परिवार के सदस्य भ्रष्टाचार के मामले में जांच का सामना कर रहा है। भ्रष्टाचार और अपराध में लिप्त पक्ष और विपक्ष के तमाम नेता जांच एजेंसियों के राडार पर हैं। कई नेता जेल की सजा भी काट रहे हैं। सीधी-सी बात है अगर किसी का दामन पाक साफ है तो उसे जांच एजेंसी पूछताछ के लिए क्यों बुलाएगी? अगर कोई बेगुनाह है तो उसे अदालत सजा क्यों देगी? अदालत या जज किसी पार्टी के कार्यकर्ता या नेता नहीं हैं। दिल्ली शराब घोटाले में सिसोदिया और संजय सिंह को कोर्ट जमानत नहीं दे रहा। मतलब अदालत यह समझती है कि इन दोनों के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं, अगर इनको जमानत दी गई तो ये लोग जांच को प्रभावित कर सकते हैं। यूपी में समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री आजम खां, उनकी पत्नी और बेटा जेल में बंद हैं। लालू प्रसाद यादव चारे घोटाले में सजायाफ्ता हैं। क्या बिना किसी कसूर के अदालत ने उन्हें सजा सुनाई है।

भ्रष्टाचार के एक मामले में बीती 22 दिसंबर को यूपी में बसपा सरकार में शिक्षा मंत्री रहे राकेश धर त्रिपाठी को 3 साल कैद की सजा हुई है। बीती 21 दिसंबर को मद्रास हाई कोर्ट ने भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति के मामले में डीएमके नेता और तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी को दोषी ठहराते हुए तीन साल की कैद और 50 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। पोनमुडी की पत्नी विशालाक्षी को भी दोषी ठहराया गया है। सवाल यह है कि, क्या इन नेताओं को अदालत से मिली सजा राजनीति से प्रेरित है? वास्तव में, राजनीतिक भ्रष्टाचार पर राजनीतिक दलों के बीच गजब का आपसी तालमेल और सहमति का इतिहास रहा है।

### विचार

## अडानी मामले में फैसले से विरोधियों में नहीं जगा विश्वास

**सेबी का तर्क है कि ये बदलाव नियमों को कड़े करने के प्रयास का हिस्सा थे, लेकिन इसका कुल परिणाम यह है कि इसने ट्रैकिंग को और अधिक कठिन बना दिया है। वास्तव में, पैनल ने बताया था कि परिवर्तनों के मद्देनजर, जांच बिना गंतव्य की यात्रा थी। सेबी हमेशा से अपनी जांच पूरी करने के लिए किसी भी समय सीमा से बंधने से इनकार करता रहा है और कहता रहा है कि ऐसी समय सीमा जांच की गुणवत्ता में हस्तक्षेप कर सकती है। इसने अदालत द्वारा नियुक्त पैनल को यह सिफारिश करने के लिए भी प्रेरित किया था कि जांच पूरी करने की समय सीमा को कानून में शामिल किया जाये ताकि यह नियामक पर बाध्यकारी हो, जिसे व्यापक रूप से अडानी समूह को कवर प्रदान करने वाला माना जाता है।**

अडानी समूह के खिलाफ आरोपों की सेबी जांच की पर्याप्तता के विरूद्ध बहुप्रतीक्षित याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला न तो ठोस है और न ही निर्णायक। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने बाजार के नियामक को अपनी जांच पूरी करने के लिए और तीन महीने का समय दिया है। अदालत ने संक्षेप में गेंद सरकार के पाले में डाल दी है, जिसे मोटे तौर पर कुख्यात कवर-अप में रुचि रखने वाली पार्टी माना जाता है। यदि सेबी इतने महीनों में जांच पूरी नहीं कर सकता है तो जाहिर तौर पर वह इस कार्य में लगा हुआ है, तो ऐसा कोई रास्ता नहीं है कि वह इसे तीन महीने में पूरा कर सके।

इसलिए, समय का विस्तार इसमें काम नहीं आयेगा। तीसरे पक्ष की संस्थाओं और मीडिया इकाइयों के निष्कर्षों पर अदालत का रुख कि ये विश्वास को प्रेरित नहीं करते हैं, वांछित होने के लिए बहुत कुछ छोड़ दिया जाता है। उसका कहना है कि ऐसे साक्ष्यों को अधिक से अधिक इनपुट के रूप में माना जा सकता है, लेकिन उसने अपने निष्कर्षों पर पहुंचने के लिए उसी दृष्टिकोण का पालन करने से इनकार कर दिया है। अदालत का अब तक का सबसे असंतोषजनक निष्कर्ष वह है जो केंद्र से यह देखने के लिए कहता है कि क्या शॉर्ट सेलिंग पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट द्वारा कानून का कोई उल्लंघन किया गया है और यदि ऐसा है तो देश के कानून के अनुसार कार्रवाई करें। संदेश के गुण-दोष पर जाने के बजाय, अदालत ने संदेशवाहक को गोली मारने के दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी है।

अडानी समूह के प्रति मोदी सरकार के रवैये को देखते हुए, ऐसी किसी भी कवायद के नतीजे की भविष्यवाणी करना मुश्किल नहीं है। मीडिया रिपोर्टों और तीसरे पक्ष के खुलासे की विश्वसनीयता पर शीर्ष अदालत का रुख अधिकारियों को ऐसे निष्कर्षों के खिलाफएक बाधा उपस्थित करता है। यह रुख इस तथ्य की सराहना करने में विफल है कि इस तरह के खुलासे से सामने आई जानकारी केवल इसलिए महत्वपूर्ण नहीं हो जाती क्योंकि ये सार्वजनिक डोमेन में आ गई हैं। न्यायालय की अस्वीकृति में एक अंतर्निहित खतरा है। यह टिप्पणी कि बाजार नियामक से प्रेस रिपोर्टों के आधार पर अपने कार्यों को जारी रखने की उम्मीद नहीं की जा सकती है, भविष्य में सभी मीडिया प्रश्नों के लिए पूर्ण अस्वीकृति के रूप में उपयोग किये जाने की संभावना है, हालांकि अदालत ने ऐसी रिपोर्टों को इनपुट के रूप में उपयोग करने पर कोई आपत्ति नहीं जताई है।

अदालत का यह निष्कर्ष कि बाजार नियामक की ओर से कोई विनियामक विफलता नहीं हुई है, विशेष रूप से सेबी के आलोचकों के लिए विश्वास को प्रेरित नहीं करता है, जिस पर सत्तारूढ़ प्रतिष्ठान के इशारे पर कवर-अप में भूमिका का आरोप लगाया गया है। शुरुआत से ही, सेबी जांच में अपने पैर खींच रहा है, जिसे कई लोग खुदरा निवेशकों के हितों की रक्षा की आड़ में समूह को बचाने का प्रयास मानते हैं। देरी के बहाने के रूप में, नियामक ने अदालत को सूचित किया था कि इन विदेशी निवेशकों से जुड़ी कई संस्थाएं टैक्स हेवन क्षेत्राधिकार में स्थित हैं, जिससे ऐसे आर्थिक हित वाले शेयरधारकों को स्थापित करना एक चुनौती बन गया है। इसमें कहा गया था कि संबंधित पक्ष के लेनदेन पर जांच का दायरा वित्तीय विवरणों में संभावित गलत बयानी, नियमों को दरकिनार करने के प्रयासों और धोखाधड़ी वाले लेनदेन से संबंधित आरोपों का पता लगाना था। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त पैनल ने पहले बताया था कि ऑफ शोर फंडों द्वारा रिपोर्टिंग पर 2019 में सेबी द्वारा लाये गये नियमों में कुछ बदलावों ने किसी के लिए ऑफशोर फंड के लाभार्थियों की पहचान करना मुश्किल बना दिया है।

सेबी का तर्क है कि ये बदलाव नियमों को कड़े करने के प्रयास का हिस्सा थे, लेकिन इसका कुल परिणाम यह है कि इसने ट्रैकिंग को और अधिक कठिन बना दिया है। वास्तव में, पैनल ने बताया था कि परिवर्तनों के मद्देनजर, जांच बिना गंतव्य की यात्रा थी। सेबी हमेशा से अपनी जांच पूरी करने के लिए किसी भी समय सीमा से बंधने से इनकार करता रहा है और कहता रहा है कि ऐसी समय सीमा जांच की गुणवत्ता में हस्तक्षेप कर सकती है। इसने अदालत द्वारा नियुक्त पैनल को यह सिफारिश करने के लिए भी प्रेरित किया था कि जांच पूरी करने की समय सीमा को कानून में शामिल किया जाये ताकि यह नियामक पर बाध्यकारी हो, जिसे व्यापक रूप से अडानी समूह को कवर प्रदान करने वाला माना जाता है।

अधिक समय की मांग को उचित ठहराने के लिए सेबी ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट से पहले और बाद की अवधि में संभावित स्टॉक मूल्य हेरफेर और अडानी समूह के शेयरों में व्यापार के साथ-साथ विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (ओडीआई), विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई), शॉर्ट सेलिंग और अंदरूनी व्यापार मानदंड आदि को शामिल किया था। सेबी ने कहा कि विस्तृत जांच प्रक्रिया में विभिन्न प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों, वैधानिक लेखा परीक्षकों और अन्य संबंधित व्यक्तियों के बयान भी शामिल होंगे। अब सर्वोच्च न्यायालय ने यह देखते हुए जांच खत्म करने के लिए तीन महीने का और समय दिया है यह उल्लेख करते हुए कि विचाराधीन 24 मामलों में से 22 मामलों में जांच पूरी हो चुकी है।

## न्याय संहिता के अन्याय को परिवहन मजदूरों की चुनौती

**राजेन्द्र शर्मा**

मोदी सरकार द्वारा हाल में पारित कराए गए कथित नये अपराध कानूनों में, जिनका औपनिवेशिक कानूनों के मुक्ति के रूप में खूब ढोल पीटा जा रहा है, अब मूल नाम हिंदी में रखे जाने के सिवा, नया और औपनिवेशिकता-विरोधी क्या है, इसके लिए दूरबीन से खोजने की जरूरत है। लेकिन, एक चीज जो किसी एक या किन्हीं एक प्रकार के कानूनों के मामले में नहीं बल्कि आम तौर पर इस समूची न्याय संहिता के बारे में ही सच है, वह है नागरिकों के अधिकारों को ज्यादा से ज्यादा घटाने की और सजाओं को ज्यादा से ज्यादा बढ़ाने की प्रवृत्ति, जो औपनिवेशिक राज की परंपरा के बनाए रखे जाने को ही नहीं आगे बढ़ाए जाने को भी दिखाती है।

औपनिवेशिक राज में ऐसी प्रवृत्ति का होना स्वाभाविक है क्योंकि यह प्रवृत्ति शासक और शासित के बीच बुनियादी अंतर्विरोध को दिखाती है। लेकिन, औपनिवेशिक शासन से आजाद हो चुके एक औपचारिक रूप से जनतांत्रिक देश में इस तरह की प्रवृत्ति का आगे बढ़ना, मौजूदा शासन के पूरी तरह से आम नागरिकों की विशाल संख्या के खिलाफहो जाने को ही दिखाता है। लेकिन, जहां औपनिवेशिक शासन, आम जनता के विरोध के दमन के जरिए, अपने आम जनताविरोधी राज को बनाए रखने की कोशिश करता था, वर्तमान शासन धर्म के नाम पर सांप्रदायिक गोलबंदी के हथियार से, नागरिकों और खासतौर से बहुसंख्यक समुदाय की अपने हित की चेतना को कुंद करने के जरिए, ठीक यही करता नजर आ रहा है। इसीलिए, हैरानी की बात नहीं है कि इस कथित नयी न्याय संहिता के तहत एक सख्त कर दिए गए कानून के खिलाफ परिवहन उद्योग की और खासतौर पर ड्राइवरों की देशव्यापी हड़ताल ने, नये साल के पहले दिनों में ही देश में अनेक जगहों पर, आपूर्तियों को बाधित कर, लोगों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं और यहां तक कि बहुत सी जगहों पर वाहनों के ईंधन की भी गंभीर तंगी पैदा कर दी है, फिर भी सरकार के कान पर जूं तक रेंगती नहीं लगती है। क्यों? क्योंकि नये साल के पहले दिन, जब ट्रक आदि के ड्राइवरों की यह हड़ताल शुरू हुई, देश का शासन जैसे अयोध्या के अपने 30 दिसंबर के रोड शो, उद्घाटन, घोषणा कार्यक्रम से प्रधानमंत्री मोदी ने, जिस श्राम मंदिरश् भुनाओ अभियान की विधिवत शुरूआत की थी, उसकी खुमारी से ही निकला नहीं था। तभी तो, जनजीवन को प्रभावित करने वाली किसी हड़ताल को संभालने के लिए, सामान्यतरू किसी जनतांत्रिक व्यवस्था में जिस तरह के कदम उठाए जाते हैं, उस प्रकार के कदमों या चिंता का कहीं दूर-दूर तक अता-पता ही नहीं था। शासन निश्चिंत है, राम मंदिर के उद्घाटन से जुड़ा उसका अभियान, ऐसी हरेक आवाज को तुच्छ बना देगा। कहां इतना बड़ा काम हो रहा है और कहां ये ड्राइवर वगैरह,अपनी मामूली शिकायतें ले आए हैं। ड्राइवरों की शिकायतों का मुद्दा एकदम सरल है। नये कानून में दुर्घटना में मौत की सजा को बढ़ाकर श्हत्याश् की सजा के करीब पहुंचा गया है। अब तक दुर्घटना से मौत के लिए 2 साल की कैद का प्रावधान था। जाहिर है कि दुर्घटना होने की स्थिति में, ड्राइवर की लापरवाही को ही दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। लेकिन, नये कानून में ऐसी मौत होने की सूरत में सजा सीधे बढ़ाकर 7 साल तक कर दी गयी है और इसके अलावा तगड़े जुर्माने का भी प्रावधान है।

सख्ती पर इसी जोर को आगे बढ़ाते हुए, हिट एंड रन यानी वाहन चालक के दुर्घटना की जगह से भाग जाने की सूरत में, सजा और बढ़ाकर 10 साल की कैद तक कर दी गयी है और जुर्माना भी 7 लाख रुपए कर दिया गया है। कहने की जरूरत नहीं है कि इस देश में कॉमर्शियल वाहनों के ड्राइवरों की जिंदगी की सच्चाइयों के संबंध में जरा सी भी बाखबर किसी भी सरकार ने, सजा के प्रावधानों में इस तरह की सख्ती लाने से पहले, अपने कदमों के प्रभाव पर बीस बार सोचा होता। और जाहिर है कि जनतांत्रिक व्यवस्था में संबंधित तबके से बातचीत के जरिए, उनके लिए कम से कम दिक्कतें पैदा करते हुए, अपना उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा आगे बढ़ाने का रास्ता निकाला होता।



## राशिफल

**मेष:**-पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**बृषभ:** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

**मिथुन:**- आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है।

**कर्क:**- पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंह:**- मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्य का ध्यान रखें।

**कन्या:**- मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुला:**- आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिक:**- आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा। ईश्वर में विश्वास में रखें काम सफल होगा।

**धनु:**- निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकर:**- मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभ:**- अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीन:**-:- किसी अचल सम्पति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

## पाकिस्तान में बलूचों का सत्याग्रह

**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**



**बलूचों की पाकिस्तान के खिलाफ यह लड़ाई पाकिस्तान के गठन से ही शुरू हो गई थी। दरअसल आज के बलूचिस्तान का बहुत सा हिस्सा 1947 से पहले कलात रियासत कहलाता था। अंग्रेजों के भारत छोड़ कर जाने से कुछ वर्ष पहले से ही यह सुगबुगाहट शुरू हो गई थी कि अंग्रेजों के चले जाने के बाद कलात रियासत का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। कलात रियासत को कैसे बचा कर रखा जा सकता है, इसके बारे में उसने उस समय के जाने माने वकील मोहम्मद अली जिन्ना से बात की। जिन्ना की दृष्टि में इसका एक ही तरीका था कि किसी तरह यह सिद्ध किया जाए कि कलात हिंदुस्तान का हिस्सा ही नहीं है। कलात के महाराजा ने इसको लेकर न्यायालय में मुकदमा दायर कर दिया और जिन्ना को ही अपना वकील बनाया। लेकिन जिन्ना मुकदमा जीत नहीं सके। तब तक पाकिस्तान बन गया।**

बलूचियों की एक समस्या तो पाकिस्तान सरकार से है, लेकिन उनकी दूसरी समस्या चीन सरकार से है। पाकिस्तान ने बलूचिस्तान की गिवादर बंदरगाह के बहाने लगभग उस इलाके का प्रशासन परोक्ष रूप से चीनी अधिकारियों के हवाले ही कर दिया है। चीनी अधिकारियों ने बलूचों को उनके अपने ही घर में दूसरे दर्जे का शहरी बना कर रख दिया है। जब कभी बलूचों और चीनियों में झगड़ा होता है, जो गाहे बगाहे होता ही रहता है, तो पाकिस्तान की सरकार चीनी अधिकारियों का साथ देती है, न कि बलूचों का। देखना होगा बलूच युवक-युवतियों का यह सत्याग्रह किस करवट बैठता है?

फिलहाल अंतरिम प्रधानमंत्री भी उनकी बात नहीं सुन रहे हैं, जो खुद बलूचिस्तान से संबंध रखते हैं। पाकिस्तान में क्षेत्रफल के लिहाज से सबसे बड़ा प्रांत बलूचिस्तान है और सबसे ज्यादा अशांति व विद्रोह इसी बलूचिस्तान में है। बलूचिस्तान के इस विद्रोह को पाकिस्तान के खिलाफ राष्ट्रवादी विद्रोह के नाम से पुकारा जाता है। पाकिस्तान में रहने वाले एटीएम (अरब-तुर्क-मुगल मंगोल) का बलूचों पर सबसे बड़ा आरोप यह है कि वे कट्टर मुसलमान नहीं हैं। उन्होंने सदियों पहले तुर्कों से पराजित हो जाने के बाद इस्लाम पंथ या शिया पंथ को स्वीकार तो कर लिया लेकिन अपनी पुरानी परम्परा, रीति रिवाजों और इतिहास को भी अपनाए रखा। या कम से कम उन्हें अपनी विरासत में से त्यागने से इन्कार कर दिया। पाकिस्तान के विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे बलूची छात्रों को मोटे तौर पर इस्लाम विरोधी ही मान लिया जाता है।

बलूचों की पाकिस्तान के खिलाफ यह लड़ाई पाकिस्तान के गठन से ही शुरू हो गई थी। दरअसल आज के बलूचिस्तान का बहुत सा हिस्सा 1947 से पहले कलात रियासत कहलाता था। अंग्रेजों के भारत छोड़ कर जाने से कुछ वर्ष पहले से ही यह सुगबुगाहट शुरू हो गई थी कि अंग्रेजों के चले जाने के बाद कलात रियासत का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। कलात रियासत को कैसे बचा कर रखा जा सकता है, इसके बारे में उसने उस समय के जाने माने वकील मोहम्मद अली जिन्ना से बात की। जिन्ना की दृष्टि में इसका एक ही तरीका था कि किसी तरह यह सिद्ध किया जाए कि कलात हिंदुस्तान का हिस्सा ही नहीं है।

कलात के महाराजा ने इसको लेकर न्यायालय में मुकद्दमा दायर कर दिया और जिन्ना को ही अपना वकील बनाया। लेकिन जिन्ना मुकद्दमा जीत नहीं सके। तब तक पाकिस्तान बन गया। कलात के महाराजा का कहना था कि भारत स्वतंत्रता अधिनियम 1947, जिसके तहत रियासतों को भारत या पाकिस्तान में रहना था, उस पर लागू नहीं होता। लेकिन ब्रिटिश सरकार ने इसे नहीं माना। अब कलात के महाराजा के आगे बड़ा प्रश्न था कि वह भारत में रहे या पाकिस्तान में जाए? कलात के महाराजा ने यह अंदाजा लगा लिया था कि पाकिस्तान मोटे तौर पर इस्लामी राज्य बनेगा, जो बलूचों को रास नहीं आएगा। जिन्ना ने कलात के महाराजा को यह आश्वासन भी दिया कि यदि वह पाकिस्तान में शामिल हो जाता है तो उसकी सत्ता को बरकरार रखा जाएगा। लेकिन उसने जिन्ना को नकार कर पंडित नेहरु को खत लिखा कि कलात रियासत भारत में शामिल होना चाहती है। लेकिन नेहरु ने उसकी इस प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया। तब जिन्ना ने बलपूर्वक कलात को पाकिस्तान में मिला कर कलात नरेश को अपदस्थ कर दिया। और उसी दिन से बलोच सरदारों ने पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई छेड़ दी।

पाकिस्तान सरकार ने उस विद्रोह को कुचला। लेकिन उसी दौर में बंगालियों ने पाकिस्तान के एटीएम को चुनौती देते हुए बंगला संस्कृति व भाषा की रक्षा के लिए लड़ते हुए पाकिस्तान से अलग होकर बंगला देश का निर्माण कर लिया। उससे बलूचों को नई ऊर्जा व प्रेरणा मिली। लेकिन अब तक बलूच सामाजिक संरचना में सरदारों का प्रभुत्व भी कम हो चुका था। तब दूसरे दौर की लड़ाई बलूचों की युवा पीढ़ी ने संभाली। इस नई पीढ़ी के लड़ाई में युवकों के साथ लड़कियां भी बहुत बड़ी संख्या में शामिल होने लगीं। पाकिस्तान ने इसका उत्तर अपने तरीके से दिया। जिस युवक या युवती पर थोड़ा सा भी संदेह हो जाता था कि वह बलूच समर्थक है और अभी भी बलोच संस्कृति या बलोच भाषा की बात करता है, उस पर बाकायदा नजर रखी जाती थी। इस अपशकुनि नजर के थोड़े दिनों बाद ही वह कालेज, विश्वविद्यालय या घर से गायब मिलता था। कुछ दिन बाद या तो उसकी लाश मिलती है या फिर वह सदा कि लिए गायब ही रहता है, यानी उसकी लाश भी नहीं मिलती।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# निर्माण कार्यों को पूरा करने के डीएम ने दिए निर्देश

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक की लागत की समस्त परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी कार्य दायी संस्थाओं को निर्देश देते हुए कहा कि 50 लाख से ऊपर के निर्माण कार्य एवं सीएमआईएस पोर्टल से संबंधित सभी निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराकर हैंडओवर किया जाए तथा जिन कार्य दायी संस्था की प्रगति कार्य रिपोर्ट ठीक नहीं हैं, उन कार्य दायी संस्थाओं को फटकार लगाते हुए कहा कि कार्य को जल्द पूर्ण कराकर हैंडओवर किया जाए।

ड्रग वेयरहाउस की कार्य दायीं संस्था ने बताया कि 90 प्रतिशत कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि शेष काम को जल्द से जल्द पूर्ण कराकर 15 जनवरी तक हैंडओवर किया जाए। डीआईओएस ने बताया कि कबरई, जैतपुर, चरखारी एवं पनवाड़ी में चार कस्तूरबा विद्यालय का निर्माण कार्य जिले में चल रहा है, जिनका 80 प्रतिशत कार्य सभी विद्यालयों में पूर्ण कर लिया गया है। जनवरी माह में काम को हैंडओवर कर दिया जायेगा। पशुपालन विभाग द्वारा 6 गौशालाओं का निर्माण कार्य चल रहा है 70 प्रतिशत कार्य को पूर्ण कर लिया गया है तथा बचा हुआ शेष काम को जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। जल निगम द्वारा मकनिया देव में डब्लयूटीपी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है टेस्टिंग का कार्य बाकी है टेस्टिंग के कार्य को पूर्ण कराकर जल्द काम को हैंडओवर किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आशाराम सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विवाद में युवक ने किन्नर के घर में लगाई आग

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** एक किन्नर के घर में रह रहे युवक ने विवाद को लेकर आग लगा ली। आग से युवक गंभीर रूप से झुलस गया। झुलसे युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

कस्बे के अंबेडकर चौराहा मोहल्ला निवासी निखलेश पुत्र नंदकिशोर का कस्बे के एक मोहल्ले में एक किन्नर के घर आना जाना रहता था। शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। इसी दौरान निखलेश ने आग लगा ली। युवक को जलता देख हड़कंप मच गया। आनन फानन युवक को सीएचसी ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

# पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा की जा रही जनसुनवाई से लाभान्वित हो रहे पीड़ित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है, जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावती प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# खबरें एक नजर में

## फूलों की होली के साथ यज्ञ का समापन



**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** कस्बा कुरारा में चल रही विष्णु महायज्ञ व रासलीला का समापन बृज की फूलो की होली से समापन हुआ। होली में राधा कृष्ण व गोपियों ने लट्ठ मार होली व फूलो की होली खेली इस दौरान महिलाओं व पुरुषो की भारी भीड़ एकत्र रही। कस्बा कुरारा में चल रही विष्णु महायज्ञ व रासलीला का समापन फूलो की बृज की होली के साथ हुआ। पहले कृष्ण व उनके सखा के साथ लट्ठमार होली खेली। इसके बाद भगवान श्री कृष्ण व राधा रानी के साथ फूलो से होली खेली गई। बृज की होली देखने के लिए कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के महिलाओं व पुरषों की भीड़ एकत्र रही। लोगो ने भगवान श्री कृष्ण के साथ होली खेली। दो सप्ताह से चल रहे रासलीला व मेले का समापन हो गया। यज्ञ समापन अवसर पर मंडी समिति में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो ने हजारों की संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में व्यापार मंडल ने सहयोग किया। तथा कस्बा वासियों के सहयोग से भंडारा संपन्न हुआ। जो कि देर रात तक चलता रहा।

## बाइक सवार मुनीम को ट्रक ने कुचला, मौत



**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** थानाक्षेत्र के कुंडौरा गांव से बिना हेमलेट लगाए बाइक से इंगोहटा जा रहे एक बालू खदान मुनीम को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी और उसे कुचलता हुआ निकल गया। जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। कुंडौरा गांव निवासी शिवस्वरूप यादव (28) पुत्र राधाचरण यादव गुरुवार को रात करीब 9ः30 बजे रिश्तेदारी में इंगोहटा बाइक से जा रहा था। तभी चन्दपुरवा गेट व पेट्रोल पंप के मध्य हाईवे पर पीछे से आ रहे किसी ट्रक ने टक्कर मार दी और उसे कुचलता हुआ निकल गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अचानक हुई दुर्घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था। पिता ने बताया कि वह बांदा जनपद में संचालित किसी बालू खदान में मुनीमी का काम कर परिवार का सहयोग करता था।

## राजस्व की ओर से जलाये जा रहे अलाव नाकाफी



**पनवाड़ी/महोवा, समृद्धि न्यूज।** कस्वा सहित सम्पूर्ण व्लाक क्षेत्र मे करीव एक सप्ताह से जनमानस ने सूर्य देवता के दर्शन नही किये ऐसे मे ठुठरन भरी सर्दी से निजात पाने के लिए सारा दिन घर हो चाहे वाहर व्यवसायी भी अपने प्रतिष्ठानो पर अलाव की व्यवस्था किये हुऐ है। कस्वे के मुख्य चौराहो पर राजस्व विभाग की ओर से लेखपाल द्वारा हर वर्ष की भाँति इस वार भी कस्वे के पाँच पॉइंटो तिगैला स्टेन्ड मोटर स्टेन्ड महोवा रोड पाठक पुरा स्थानो पर अलाव जलवाये जा रहे। उपरोक्त अलाव कम मात्रा मे लकडी डाले जाने पर ऊँट के मुँह मे जीरा सावित हो रही है। जिससे कस्वे वासियो ने उपजिलाधिकारी से अधिक लकडी डाले जाने की माँग की है। कस्वे मे करीव एक हफ्ते से धूप न निकलने से सर्दी का प्रकोप प्रति दिन वढता जा रहा । इसी कारण दिन भर ग्रामीण आग के समीप वैठे देखे जा सकते है। जिससे सडको पर आवा गमन भी थम सा गया है भीषण सर्दी मे सवसे अधिक परेशानी का सवव गरीव मजदूरो के सामने विकराल समस्या होती है क्योकि रोज कमाना और रोज खाने वाली समस्या पर गरीव अपने नौनिहालो के पेट की भूख के सामने कितनी भी सर्दी या वरसात हो वह अपने मजदूरी कार्य पर निकल पडता है।

## भारत स्वाभिमान ट्रस्ट ने मनाया अपना 29वां स्थापना दिवस

**राठ, समृद्धि न्यूज।** अग्रवाल समाज मंदिर में योग शिविर के बाद भारत स्वाभिमान ट्रस्ट ने अपना 29वां स्थापना दिवस स्वदेशी संकल्प दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर ट्रस्ट के जिला प्रभारी शिव प्रकाश गुप्ता दाऊ ने संकल्प दिलाया कि देश का पैसा देश में ही रहना चाहिए। इसलिए दैनिक उपयोग की स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करें। दाऊ ने कहा कि 5 जनवरी 1995 को ट्रस्ट की स्थापना हुई थी। योग, आयुर्वेद, स्वदेशी एवं वैदिक संस्कृति के माध्यम से निष्काम सेवा, साधना एवं संघर्ष करते हुए राष्ट्र एवं मानवता की सेवा में समर्पित संस्था करोड़ों देशवासियों ने सहयोग और आशीर्वाद दिया। हम सब आओ मिलकर भारत को विश्व की आध्यात्मिक और आर्थिक शक्ति बनाने में अपना योगदान दे। इस मौके पर मूलचंद सैनी सह जिला प्रभारी, सुरेश सोनी सह जिला प्रभारी, दिनेश गुप्ता युवा प्रभारी, सुधीर गुप्ता युवा प्रभारी, पुष्पेंद्र राजपूत युवा, अशोक सोनी, दीपेंद्र राजपूत, मनोज चौरसिया, महेश सैनी, मनोज अग्रवाल, संगीता गुप्ता, प्रज्ञा राजपूत, विमला, कस्तूरी आदि लोग रहे।

## धूप न निकलने से मटर व मसूर की फसलों में आया पीलापन

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** पिछले एक पखवाड़े से लगातार पड़ रहे कोहरे तथा धूप न निकलने से बारिश के बाद दलहनी एवं तिलहनी फसलों में विपरीत असर पड़ने से किसान चिंतित होने लगा है। किसानों का कहना है कि धूप न निकलने से मटर मसूर की फसलें पीली पड़ने लगी है।अब फसलों को धूप की बेहद जरूरत है। वरना उत्पादन प्रभावित होगा। पिछले एक पखवारे से कोहरा पड़ने तथा नए वर्ष में बारिश होने के बाद अभी तक आसमान साफ न होने से रबी की फसलें बगैर धूप के प्रभावित होने लगी हैं। किसानों का कहना कि धूप के अभाव में बारिश के बाद मटर व मसूर में पीलापन दिखने लगा है। अगर कुछ दिन और धूप नहीं निकलती है तो यह फसलें बगैर धूप के प्रभावित हो सकती हैं। और उत्पादन में विपरीत असर पड़ सकता है। जिला कृषि अधिकारी डा हरिशंकर ने बताया कि किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। धूप निकलते ही फसलों में सुधार हो जाएगा। अगर किसान जरूरत समझे तो सल्फर का छिड़काव फसलों में कर सकता है। इससे पीलापन दूर हो जाएगा।

# मण्डल कार्यसमिति की बैठक में जिला प्रभारी संजीव श्रृंगीऋषि ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

## आगामी कार्य योजना की रूप रेखा की तैयार

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज।**



मण्डल पनवाड़ी में भारतीय जनता पार्टी की मण्डल बैठक ब्लॉक सभागार में मण्डल अध्यक्ष सन्तोष विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई

भारतीय जनता पार्टी की मण्डल बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी संजीव श्रृंगी ऋषि एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ दिग्विजय दुबे व वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज दुबे रहे मुख्य वक्ता के रूप में संजीव श्रृंगीऋषि ने व्रत लेकर कार्यकर्ताओ से रूबरू हुए इसके बाद उन्होंने आगामी कार्य योजनाओं पर प्रकाश डाला उन्होंने अपने वक्तब्य में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा आपके गाँव गाँव जा कर लाभार्थी से खुद मिलने आई है इसमें कार्यकर्ताओ को केवल लोगो को एक दिन पहले जाकर लोगो को बतलाना है स्वक्षता अभियान चलाकर जागरूक करना है पी एम विश्वकर्मा योजना के बारे में लोगो को रोजगार से जोड़ने हेतु सेवा योजना कार्यालय जाकर बेरोजगारों को रोजगार हेतु चयन प्रक्रिया में शामिल कराए आगे उन्होंने कहा कि लोकसभा के चुनाव नजदीक ही है हर कार्यकर्ताओ को पूरे मनोयोग से तैयार रहे मण्डल अध्यक्ष सन्तोष विश्वकर्मा ने कहा कि मण्डल पनवाड़ी जिले के सभी मंडलो में कार्य करने में अग्रणी रहता है यहां का कार्यकर्ताओ पूरी निष्ठा से कार्य लगनशील होकर कार्य करता है सभी आगामी कार्य योजनाओं को अच्छे से निर्वहन किया जाएगा एवम पन्ना प्रमुखों के साथ सीघ्र बैठके कर रूप रेखा तैयार किया जाएगा उन्होंने कहा यह सरकार सबका विकास सबका विश्वास लेकर कार्यक्रम चला रही। आगे नमो एप डाउनलोड के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई हर तरीके केसाथ सारी केंद्र एवम राज्य की योजनाओं को हर लाभार्थियों तक सीधा लाभ पहुंचाने होगा गौरतलब हो कि मण्डल बैठक में श्री प्रकाश मिश्रा सन्तोष अग्निहोत्रीब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी मीडिया प्रभारी उपेन्द्र द्विवेदी एवम मण्डल के सभी महामंत्री सभी उपाध्यक्ष तथा सभी मोर्चो के अध्यक्ष उपस्थित रहे।



## सिजहरी में स्वामी ब्रह्मानन्द क्रिकेट मेमोरियल टूर्नामेंट का हुआ शुभारम्भ

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पूर्व की भांति ग्राम पंचायत सिजहरी में स्वामी ब्रह्मानन्द क्रिकेट मेमोरियल टूर्नामेंट का शुभारम्भ हुआ 2020 के बाद अवरुद्ध पड़ी खेल श्रंखला का पुनः भव्य तरीके से आगाज हुआ टूर्नामेंट का शुभारम्भ नवीन गल्ला मंडी अध्यक्ष भूपेन्द्र साहू द्वारा किया गया टूर्नामेंट का प्रारम्भिक उद्घाटन मैच रेलवे महोबा व मुस्करा इलेवन के बीच खेला गया जिसमें मुस्करा इलेवन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजय हुई।

ग्राम प्रधान सिजहरी नरेश राजपूत ने टूर्नामेंट में पूरे सहयोग का आश्वासन दिया उनके साथ जिला पंचायत सदस्य डा बलवान सेन ग्राम विकास अधिकारी बृजेन्द्र सिंह नवीन गल्ला मंडी से दिनेश पुरवार के साथ बड़ी मात्रा में ब्यापारीगणो व? धर्मेन्द्र बुंदेला के साथ प्रधान साथियों ने उपस्थित होकर समारोह में शामिल हुए टूर्नामेंट में अम्पायरिंग ह्देश राजपूत व दीपेन्द्र सिंह राजपूत दोनों शिक्षकों ने की तो कमेंट्री की भूमिका जाने माने कथा वाचक अखिलेश द्विवेदी व मिथलेश द्विवेदी शिक्षक तो स्कोरिंग रामनारायण राजपूत ने की ग्राम प्रधान ने समस्त ग्रामवासियों व कमेटी अध्यक्ष ईश्वरदास राजपूत तथा उपाध्यक्ष पूर्व केप्टन गोविंद सिंह के सदस्यों को सफल आयोजन के प्रारंभ के लिए बहुत बहुत शुभकामनाएं दीं।

## बड़ा कसौड़ा को हरा हैदरिया ने ट्रॉफी पर किया कब्जा



**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के बड़ा कसौड़ा में चल रहे रात्रि टूर्नामेंट का गुरुवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें हैदरगंज ने बड़ा कसौड़ा को हराकर फाइनल जीत लिया। टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि सपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष जावेद मेज़र ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के कप्तानों सहित खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। हैदरगंज की ओर से ओपनर बल्लेबाज सनी चौधरी व जेहाद मुईन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 107 रनों के लक्ष्य को मात्र पांच ओवरों में हासिल कर मुकाबला 9 विकेट से अपने नाम दर्ज कर लिया। कसौड़ा के नासिर हुसैन को मैन ऑफ द मैच और हैदरगंज के सनी को मैन ऑफ टूर्नामेंट चुना गया। कमेटी सरपरस्त इस्लाम मेंबर, नूरउद्दीन मंसूरी आदि ने विजेता, उपविजेता और मुख अतिथि का जोरदार स्वागत किया।

# साइबर क्राइम टीम ने ऑनलाइन ठगी के पीड़ितों को वापस कराये रुपये

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



साइबर क्राइम थाना ने ऑनलाइन हुए फ्रॉड का खुलासा किया है। जिसमें पीड़ित के 17,64,650 रुपये वापस करवाए हैं।

आए दिन साइबर अपराधियों द्वारा आम जनता को भ्रमित कर उनके बैंक खाते एवं क्रेडिट कार्ड आदि से जुड़ी गोपनीय जानकारी अर्जित कर यूपीआई व अन्य के माध्यम से साइबर फ्रॉड कर धोखाधडी की जा रही है। ऐसे ही एक मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर अपराध की रोकथाम को लेकर साइबर क्राइम थाना द्वारा निरन्तर अभियान चला कर कार्रवाई की जा रही है। साइबर थाना निरीक्षक जयशंकर सिंह व उप निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि पिछले तीन जनवरी को साइबर क्राइम थाने में पीड़ित आशीष पोद्दार पुत्र राजेश कुमार निवासी 67 बी, कैलाश बोस स्ट्रीट, बिडेन स्ट्रीट, कोलकाता ने प्रार्थना पत्र व संबंधित रिकॉर्ड दिया। जिस पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में संपूर्ण 17,64,650 रुपये की धनराशि वापस करवाई गई। कहा इस मामले में अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। धनराशि बरामद करने वाली टीम में साइबर थाने के हेड कांस्टेबल संदीप कुमार, असित कुमार व चंद्रभान दिवाकर रहे।

## राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति ने मनाया स्थापना दिवस

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संटू गुप्ता का समिति के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। महेरा फाटक स्थित जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह कुशवाहा के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी महेंद्र सिंह कुशवाहा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संटू गुप्ता ने कहा राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति द्वारा असाहाय लोगों एवं कमजोर वर्ग के लोगों का हमेशा ध्यान रखते हैं उनके कार्यों की प्रशंसा की। व्यापारी नेता लल्लू वारसी को समिति का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

# विकसित भारत नगरीय संकल्प यात्रा में सुनीं समस्याएं

**राठ, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के चौपरा मंदिर में विकसित भारत नगरीय संवाद संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने समस्त लाभान्वित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए।

संवाद कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, मदन पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया आदि ने भी अपने विचार रखे। इसके पहले मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उमाकांत राजपूत, उदित त्रिपाठी, मुनीम बाबू अग्रवाल, सुरेश खेवरिया देवी सिंह तोमर, महेंद्र शुक्ला, ब्रजभूषण सोनी दाऊ, रविन्द्र शर्मा समेत अनेक लोग रहे। संचालन मुकेश गुप्ता ने किया।

# सांसद संजय सिंह की रिहाई तक रखेंगे उपवास : मनीष

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**




आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता के नेतृत्व पर मां भारती के बैनर के सामने पार्टी के पदाधिकारियों ने गाँधी पार्क में उपवास किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सांसद संजय सिंह प्रत्येक शुक्रवार को जेल में उपवास रखेंगे इसलिए उनके साथ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भी भारत माता की मूर्ति, प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर उपवास रखेगे।

सांसद संजय सिंह की फर्जी गिरफ्तारी के खिलाफ भारत माता के समक्ष उपवास कर तानाशाही के खिलाफ लड़ने की शक्ति की कामना कर इस उपवास के साथ ही लोगों में देश के प्रति एकता और अखंडता स्थापित करने की भी कोशिश करेंगे।

जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा कि सांसद की रिहाई तक आंदोलन जारी रहेगा।इस दौरान त्रिलोक चन्द्र, कौशलेन्द्र कबीर, अनिल विश्वकर्मा, अर्चना गुप्ता, स्वनेश सोनी, अनीस अली, गुलाम मोहम्मद, कामनी सिंह, शीतल वर्मा, उमा साहू, अत्री यादव, मुन्ना यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मातृ पोषण के लिए परिपूर्ण है पीएमएमवीवाई : सीएमओ

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



सरकार द्वारा चलायी जा रही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) मातृ एवं शिशु मृत्यु अनुपात को कम करने के साथ धात्री माताओं और बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के साथ अच्छा पोषण प्रदान करने के लिए परिपूर्ण है। योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों का पंजीकरण करने के लिए विशेष पंजीकरण अभियान 16 जनवरी तक चलेगा।

इसके अंतर्गत गर्भवती एवं धात्री माताओं को प्रथम सन्तान एवं द्वितीय सन्तान (लड़की) होने पर लाभ दिये जाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण पर जोर दिया जायेगा। अभियान दो जनवरी से चल रहा है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. गीताराम ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की सचिव पिंकी जोवल ने इस सम्बन्ध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इस पखवाड़े के दौरान जनजागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही पहली व दूसरी बार बार गर्भवती होने वाली महिलाओं के आवेदन अभियान के तहत लिए जाएँ और सभी कार्रवाई पूर्ण करके उनके भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जाए।

# एलआईसी अधिकारी अवनेश तिवारी के अवकाश ग्रहण पर हुआ विदाई समारोह

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जीवन बीमा निगम भरथना शाखा में विकास अधिकारी रहे अवनेश तिवारी के सेवा से अवकाश ग्रहण करने पर विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

एलआईसी के बहुत ही सरल, मिलनसार और लोकप्रिय विकास अधिकारी रहे अवनेश तिवारी ने छत्तीस वर्षों तक अपने निगम संस्थान एवं बीमा उपभोक्ताओं को पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ सेवाएं दीं। इसके बाद सेवा से अवकाश ग्रहण करने पर रामलीला मैदान के पास स्थित राजेश्वरी गार्डन में उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें इटावा एवं भरथना के अनेक गणमान्य नागरिकों, विशेष रूप से डा. डी के दुबे, डा. एस के भदौरिया, डा. पीयूष तिवारी, राजेश वाजपेई, केके त्रिपाठी, नारायण किशोर वाजपेई, राम मनोहर दीक्षित, राम कुमार दुबे, प्रेम किशोर द्विवेदी, सभासद शरद वाजपेई ने शामिल होकर उन्हें पगड़ी, अंग वस्त्र, मालाएं पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह उपहार स्वरूप भेंट कर उनके आगे के स्वस्थ एवं यशस्वी जीवन की बधाई व शुभकामनाएं दीं।अवनेश तिवारी ने प्रेम और स्नेह के लिए सभी का आभार जताया।

## भरथना में आल इंडिया कवि सम्मेलन कल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** सदभावना साहित्य परिषद भरथना के तत्वाधान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 7 जनवरी दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से जय वाटिका में होगा। परिषद के अध्यक्ष रामनरेश पोरवाल वरिष्ठ अभिकर्ता व सचिव अनिल कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बताया कि सद्भावना साहित्य परिषद भरथना के तत्वाधान में कस्बा के मुहल्ला सरोजनी रोड स्थित जय वाटिका में आगामी 7 जनवरी दिन रविवार की दोपहर 12 बजे से कवि महेश %मंगल% के संयोजन में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा व विशिष्ट अतिथि श्रीकान्त पाठक सदस्य प्रदेश कार्यसमिति भाजपा शिरकत करेगें। कार्यक्रम में रामबाबू सिकरवार धौलपुर, नीरज पाण्डेय रायबरेली, डा. अंजना कुमार कानपुर, संजीव कुलश्रेष्ठ कानपुर, सत्येन्द्र निर्झर एटा, डा. मंजू मृदुल बकेवर, डा. एसके शाक्य कानपुर आदि कविगण काव्य पाठ करेगें।

# जायंट्स ग्रुप सहेली ने शीत लहर से बचाव के लिए जलाए अलाव




**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली ने रेलवे स्टेशन पर रैन बसेरा पर अलाव जलाया। जायंट्स ग्रुप द्वारा प्रत्येक वर्ष स्टेशन पर अलाव जला कर यात्रियों व गरीबों की सहायता की जाती है।

अध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना द्वारा अलाव जलाया गया।अलाव में विशेष सहयोग पूनम तिवारी ने किया इस के अलावा डीओए प्रतिभा सिंह,डीओएफ विमल शर्मा,उर्वशी, क्षमा दीक्षित, मालती दीक्षित, मनोरमा पोरवाल, कमलेश शर्मा, अलका, खुशबू पाठक,बीना चौहान, सावित्री अग्रवाल, नीलमा श्रीवास्तव, संध्या अग्रवाल, हेनू व रमा शामिल रहे। इस अवसर पर उर्वशी जी ने शीत लहर से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए अलाव जलाने के कार्य की सराहना की। कमलेश ने बिस्कुट बाटे।

# श्रद्धा व सेवा का तीर्थ बना सम्मान समारोह

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

## पिता के सपनों को साकार कर रहे हैं दोनों भाईः दयाशंकर सिंह



मांडवी धाम मड़ना की धरती पर परंपरागत रूप से आयोजित किया जाने वाला विशाल कंबल वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह शुक्रवार को श्रद्धा और सेवा भाव का तीर्थ नजर आया और इस तीर्थ के साक्षी बने वे हजारों हजार लोग जो मौसम की प्रतिकूलता के बावजूद भी सेवा के इस यज्ञ में अपने भाव की आहुति देने के लिए प्रतिबद्ध रहे। यह मौका था मांडवी धाम की मड़ना ग्राम सभा में प्रतिवर्ष की तरह आयोजित होने वाले विशाल कंबल वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन का जिसमें इस बार श्रद्धांजलि का भाव भी समायोजित रहा।समारोह के मुख्य अतिथि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव संपत राय रहे एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रान्त के प्रांत प्रचारक कौशल किशोर , विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ,परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ,राज्यसभा सांसद नीरज शेखर प्रदेश के महामंत्री संजय राय एवं प्रदेश उपाध्यक्षधर्मेंद्र सिंह रामनगरी के प्रख्यात संत धर्माचार्यों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन तथा ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह के पिता स्व प्रभात सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ हुई जिसके बाद अध्यक्ष सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के कई अहम बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव श्री राय ने कहा कि सेवा भाव और सामाजिक कार्यों का प्रचार प्रसार निरर्थक होता है। ऐसे सेवा भाव के कार्यों में स्वयं के सुख और दुख के चिंतन को दूसरे के सुख और दुख के चिंतन से जोड़कर देखा जाना चाहिए और ऐसे कार्यों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जैसा कि आज स्व. प्रभात सिंह की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में देखने को मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बातों को दोहराते हुए लोगों से आह्वान किया कि आगामी 22 जनवरी को प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर अपने-अपने घरों के बाहर पांच दीप जलाएं और घर में इस तरह की दीपावली मनाएं जिस तरह भगवान राम के अयोध्या आगमन पर अयोध्या वासियों ने मनाई थी।

# व्यापारियों की बैठक संपन्न रखी अपनी समस्याएं

**दुद्धी सोनभद्र। समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय तहसील के प्रांगण में शुक्रवार को बैठक संपन्न हुआ।बैठक में साधु जायसवाल रामसागर श्रवण कुमार बंधन निरंजन संदीप कुमार शाहिद आलम आदि दर्जनों दुकानदार लोगों ने व्यापारियों की समस्या पर अपना विचार व तर्क दिया। बैठक में साप्ताहिक बंदी आदि समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ। बैठक में सभी व्यापारियों ने साप्ताहिक बंदी बुधवार के दिन रखने पर सहमति जताया। उत्तर प्रदेश जिला उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ ने सभा में उपस्थित सभी व्यापारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि व्यापारी और शासन के बीच के सेतु का कार्य व्यापार मंडल कमेटी करती है। एकअच्छे व्यापारी में चार गुण जैसे विद्या शील ,विनय और ज्ञान से उक्त रहना चाहिए, इन गुण को ध्यान में रखकर ही ग्राहक अथवा अन्य कोई व्यक्ति दुकान पर आता है तो इन गुना से युक्त व्यवहार प्रदान करना चाहिए।

बैठक में उपस्थित सैकड़ो व्यापारियों को संबोधित करते हुए सभा की अध्यक्षता कर रहे हैं व्यापार मंडल के संरक्षक राजकुमार अग्रहरि ने कहा कि व्यापारियों को संगठित होकर कार्य करने की सलाह दिया और कहा व्यापार मंडल है जो शासन और व्यापारी के बीच का कड़ी होता है जो व्यापारियों की समस्या को शासन तक और शासन के निर्देशों को व्यापारी तक पहुंचाने का काम करता है।

# बीएलओ की मीटिंग में तहसीलदार ने दिए निर्देश

**कोंच (जालौन)।** बीएलओ की एक बैठक शुक्रवार को तहसील सभागार में हुई जिसमें तहसीलदार ने दिशा निर्देश दिए। आयोजित की गयी बैठक में तहसीलदार अभिनव तिवारी ने उपस्थित बीएलओ से कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 5 जनवरी के बजाए अब 22 जनवरी को किया जाना है जिससे अब 22 जनवरी से पहले 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाले लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से मृतक मतदाताओं की जो सूची उपलब्ध कराई गया है उस सूची का शीघ्र ही मतदाता सूची से सत्यापन पूर्ण कर लें। 80 वर्ष की आयु से ऊपर के मतदाताओं का भी सत्यापन शीघ्र करें।

# डीएम ने निर्माणाधीन ड्रग वेयर हाउस की गुणवत्ता को परखा



निर्माणाधीन ड्रग वेयर हाउस का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

**गौशाला में चौबीस घंटे जलाये जाये अलाव**

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने निर्माणाधीन ड्रग वेयर हाउस व कान्हा गौशाला सरसौखी का निरीक्षण कर संबंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन वेयर हाउस की गुणवत्ता जांचा, परखा गया। परियोजना लागत 8 करोड़ 69 लाख से ड्रग वेयर हाउस सरसौखी में निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण दौरान निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देते हुए सभी मानकों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जन सुविधाओं को विकसित करने में गुणवत्ता के साथ समयबद्धता का विषय ध्यान रखा जाए, इन कार्यों में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिए की निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रगति से असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण न होने पर सम्बंधित कार्यदाई संस्था के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उसके उपरांत कन्हा गौवंश का निरीक्षण में सभी व्यवस्था व्यवस्थित मिली। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार सभी व्यवस्था चौक चौबंद रहें, गौशाला में अलावा प्रतिदिन 24 घण्टे जलता रहे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, एक्सीयन यूपीएनआरएसएस अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# केंद्रीय रेल मंत्री से मिले समाज कल्याण राज्य मंत्री की गहन चर्चा

**चोपन, सोनभद्र समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव सिंह गौड़ ने गुरुवार को केंद्रीय रेल संचार तथा इलेक्ट्रॉनिक व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर जिलें में विभिन्न रेलवे क्रॉसिंग पर ब्रिज बनाए जाने के लिए उन्हें पत्रक सौंपा।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि सोनभद्र जनपद अति पिछड़ा अत्यंत दुरुह क्षेत्र है जहां कई जगहों पर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज ना होने की वजह से लोगों को घंटो रेलवे फाटक पर फाटक खुलने के इंतजार में खड़े रहना पड़ता हैं जिसके कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है उन्होंने चोपन गांव, पनारी अंतर्गत कड़िया फफराकुंड, जोगी डीह, रावर्टसगंज में पन्नुगंज रामगढ़ मार्ग पर स्थित रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज, ग्राम पंचायत मारकुंडी के अवई सहित आधा दर्जन जगहों पर ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर पत्र सौंपा जिसपर केंद्रीय मंत्री ने गंभीरतापूर्वक विचार कर आगे की कार्रवाई जल्द अमल में लाने का आश्वासन दिया है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक घायल

**कोंच (जालौन)।** दो बाइकों में टक्कर हो जाने से 3 युवक घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम सलैया निवासी ह्रदेश यादव पुत्र सरदार, दीपक यादव पुत्र कंचन और गजेंद्र सिंह पुत्र कल्याण शुक्रवार की सुबह एक ही बाइक पर सवार होकर जिला मुख्यालय उरई स्थित किसी चिकित्सक को दिखाने के लिए जा रहे थे।

उक्त लोग कोंच-उरई मार्ग पर स्थित ग्राम पनयारा के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रही एक दूसरी बाइक से टक्कर हो गयी। टक्कर होने से अनियंत्रित हुई बाइक से उक्त तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े जिसके चलते घायल हो गए। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने एम्बुलेंस बुलाकर तीनों घायलों को उपचार हेतु सीएचसी कोंच में भर्ती कराया।

# 17 लाख के बजट से मंडी परिसर में व्याप्त अंधेरा होगा दूर

**डिप्टी डायरेक्टर के साथ तकनीकी टीम ने किया निरीक्षण**

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

बंगरा मार्ग स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति व थोक सब्जी मंडी में प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए 17 लाख रुपये की लागत से काम कराया जा रहा है। मंडी परिसर में चल रहे कार्य का निरीक्षण करने के लिए डिप्टी डायरेक्टर के साथ तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंच निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। कृषि उत्पादन मंडी समिति के डिप्टी डायरेक्टर मोहम्मद कमाल इरफान के साथ सहायक अभियंता हर्ष श्रीवास्तव, अवर अभियंता गिरीश वर्मा की टीम ने स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समिति व थोक सब्जी मंडी में चल रहे विद्युतीकरण के कार्य को देखा। मंडी परिसर में जर्जर केबिल को ठीक करने, जर्जर बिजली के खंभों को बदलने और प्रकाश व्यवस्था के दुरूस्तीकरण के लिए 17 लाख 18 हजार रुपये का बजट आया है। बिजली व्यवस्था को ठीक करने का काम फतेहपुर की संस्था प्रदर्श लाइट हाउस द्वारा कराया जा रहा है। मंडी में चल रहे इस कार्य के निरीक्षण के लिए प्रयागराज की टीम ने बिजली के पोलों की गुणवत्ता के साथ उनको जमीन में लगाने समेत विभिन्न कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम ने विद्युतीकरण के लिए कार्यदायी संस्था द्वारा क्रय किये सामान को भी चेक किया।

## खबरें एक नजर में

### दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय विराट कुश्ती दंगल आज

**उतरौला, बलरामपुर।** दो दिवसीय अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी कुश्ती दंगल आयोजक व जिला पंचायत सदस्य राम प्रताप वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि दंगल का आयोजन 6 जनवरी व 7 जनवरी बैजनाथ भट्ठा वाले के हाते में निकट फक्कड़दास चौराहा उतरौला में होगा। इसमें पंजाब से संदीप राणा ,राजस्थान से रजत पहलवान, कुरु छेत्र से आजाद पहलवान,नेपाल से मेवा थापा, बसन्त थापा, पारस थापा, शंकर थापा, गोपाल थापा नकाबपोश बंगाल की खाड़ी, बहुबली पहलवान शेरे देहरादून, काला चीता मध्य प्रदेश, वीर सिंह झांसी, बाबा निदौरा अयोध्या, पवन गोरखपुर, शैतान सिंह पश्चिम बंगाल,शास्त्री पहलवान हरिद्वार, मुन्ना इस लेंगे।

### हार-जीत कीबाजी लगाते तीन को पुलिस ने पकड़ा

**जालौन,उरई।** सार्वजनिक स्थान पर हारजीत की बाजी लगा रहे तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने पकड़े गए व्यक्तियों के पास से 9170 रुपये नगद व ताश की गड्डी बरामद की है। कोतवाली प्रभारी विमलेश कुमार को सूचना मिली कि मोहल्ला हिरेदशाह में कुछ लोग एक गेस्ट हाउस के पास सार्वजनिक रूप से हार जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस फोर्स को मौके पर भेजा। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर जुआ खेल रहे लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके से जुबैर व उपेंद्र निवासीगण हिरदेशाह, रवि नारोभास्कर को दबोच लिया। जबकि कुछ लोग मौके से भाग निकले। पुलिस ने पकड़े गए व्यक्तियों के पास से 9170 रुपये नगद व ताश की गड्डी बरामद की है।

### आपसी विवाद में चले लात घूंसे

**जालौन,उरई।** आपसी विवाद को लेकर दो लोगों के बीच लात घूंसे चले। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफकार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा निवासी उमेश कुमार व पहलवान बाड़ा निवासी जोगेंद्र के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। विवाद के दौरान ही दोनों के बीच गाली, गलौज होने लगी। एक दूसरे को मना करने के ब ाद भी जब दोनों नहीं माने तो उनके बीच हाथापाई होने लगी। मौके पर मौजूद लोगों के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफकार्रवाई की है।

### दो ट्रैक्टरों के साइलेंसर चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**कोंच,जालौन।** होटल के बाहर अपने ट्रैक्टर खड़े कर खाना खा रहे दो किसानों के ट्रैक्टरों से साइलेंसर चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। किसान मटर बेचने कोंच मंडी में आए थे। किसानों की सूचना पर पीआरबी और कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। नगर में संचालित होटलों और ढाबों में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है, उन्हें किसी का डर-भय भी नहीं है। नगर में संचालित ज्यादातर होटलों व ढाबों में अंदर बैठा कर शराब पिलाई जा रही है। होटल के आसपास अराजकतत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। गुरुवार की देर शाम ग्राम प्रधान बरोदा कलां अयोध्या प्रसाद का पुत्र जयनारायण प्रजापति व ग्राम नरी निवासी किसान सद्दाम पुत्र सलाम मोहम्मद अपने खेतों से हरी मटर की झल्ली लाद कर कोंच मंडी में बेचने के लिए लाए थे। मटर बेच कर रेलवे स्टेशन रोड पर कंजड़ बाबा के पास स्थित एक होटल के सामने ट्रैक्टर खड़े कर खाना खाने लगे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में पिपरा दुर्गा नगर से चैनपुर ने जीता मैच

## खिलाड़ियों से आए हुए अतिथियों ने उनका परिचय जाना व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**



विकासखंड गैंसड़ी अंतर्गत मनरेगा योजना से बने सिसई सेमरी के खेल मैदान में आज सीसीसी क्रिकेट क्लब चैनपुर तथा विकास क्रिकेट क्लब पिपरा दुर्गा नगर की टीम का मुकाबला हुआ।

क्रिकेट मैच टूर्नामेंट का शुभारंभ तुलसीपुर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज, चमन तिवारी, प्रधान इंद्रजीत साहू, हाफिज वहीद, चौधरी ऑटो मोबाइल मैनेजर रियाज अहमद ने किया।दोनों टीमों के खिलाड़ियों से आए हुए अतिथियों ने उनका परिचय जाना व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। पिपरा दुर्गानगर की टीम ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। चैनपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 108 रन का लक्ष्य विकास क्रिकेट क्लब पिपरा दुर्गा नगर को दिया।

जिसके सापेक्ष विकास क्रिकेट क्लब पिपरा दुर्गा नगर ने 10 ओवर में 50 रन की पारी ही खेल पाई। सभी खिलाड़ी ऑल आउट हो गए। चैनपुर की टीम ने 50 रनों की बढ़त से मैच को जीत लिया। खेल समाप्ति के बाद दोनों टीमों के कप्तान शाहिद और विकास मिश्रा सहित सभी खिलाड़ियों ने एक दूसरे से हाथ मिलाया व सभी को धन्यवाद दिया। क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजक सलमान खान, शाहिद व जुबैद ने बताया कि कल का मैच काफी रोमांचक रहेगा। जिसमें कृष्णानगर नेपाल की टीम जरवा कोयलाबास की टीम से महा मुकाबला करेगी।

# 22 जनवरी को दीपावली की तरह घरों को सजाने की अपील

**जालौन (उरई)।** रामभक्तों ने अयोध्या से आए पूजित अक्षत का मोहल्ला गणेशजी, चिमनदुबे, पुरानीहाट व मुरलीमनोहर में घर घर जाकर वितरण किया और 22 जनवरी को दीपावली की तरह हर घर को सजाने की अपील की। शुक्रवार को राम भक्तों के साथ बजरंग बस्ती संयोजक त्रिलोकीनाथ गुप्ता, पुनीत मित्तल, शशिकांत वर्मा, कार्तिक, विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी, महेंद्र पाटकार, इंद्रजीत सिंह गुर्जर, ललित अग्रवाल, दिनेश लोहिया, योगेंद्र राठौर आदि ने मोहल्ला गणेशजी, पुरानीहाट, चिमनदुबे, मुरालीमनोहर में अयोध्या धाम से भेजे गए पूजित अक्षत के घर-घर वितरण का श्रीगणेश किया।

# दोनों पीठासीन अधिकारियों के पद रिक्त, वापस जा रहे वादकारी

**उतरौला, बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

दीवानी कचहरी उतरौला में दोनों पीठासीन अधिकारियों के पद रिक्त होने से सैकड़ों वादकारी प्रतिदिन कचहरी से वापस लौट रहे हैं वहीं छोटे छोटे मुकदमे में जमानत के लिए बलरामपुर जिला मुख्यालय को दौड़ना पड़ता है। अधिवक्ता संघ उतरौला अध्यक्ष प्रहलाद यादव ने प्रशासनिक जज उच्च न्यायालय इलाहाबाद को भेजे पत्र में दोनों न्यायलयों पर पीठासीन अधिकारी की तैनाती की मांग की है। अधिवक्ता संघ उतरौला अध्यक्ष प्रहलाद यादव ने प्रशासनिक जज को भेजे मांग पत्र में लिखा है कि दोनों न्यायालयों में दीवानी के लगभग दस हजार व फौजदारी के लगभग आठ हजार मुकदमे विचाराधीन है वहीं पांच थाना कोतवाली उतरौला, रेहरा बाजार,गैडास बुजुर्ग, श्रीदत्तगंज, सादुल्लाह नगर के अपराधिक मामलों की सुनवाई का क्षेत्राधिकार मिला हुआ है। उसके बाद भी दोनों न्यायालय के पीठासीन अधिकारियों के पद रिक्त होने से मुकदमे की सुनवाई नहीं हो पा रही है। बताते चलें कि दोनों न्यायालय के पीठासीन अधिकारियों का स्थानांतरण विगत माह अलीगढ़ हो गया है। उसके बाद से किसी पीठासीन अधिकारियों की तैनाती उच्च न्यायालय ने अभी तक नहीं की है। अध्यक्ष ने अपने मांग पत्र में दोनों न्यायालयों पर पीठासीन अधिकारियों की तैनाती किए जाने की मांग की है।

# प्रेमी की परिजनों ने की पिटाई, पुलिस को सौंपा

**मां बाप को नींद की गोली खिला प्रेमी को बुलाती थी प्रेमिका**

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

गोरखपुर के तिवारीपुर थाना क्षेत्र में एक बेहद हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक किशोरी अपने मां-बाप के साथ धोखा करते हुए पिछले 3 माह से उन्हें खाने के साथ नींद की गोलियां दे रही थी। वह ऐसा इसलिए कर रही थी ताकि सभी लोग चैन की नींद सो जाएं और किशोरी अपने बॉयफ्रेंड को घर में बुला सके। लेकिन बुधवार की रात जब उसने ऐसा ही किया तो परिजनों को शक हुआ और उन्होंने मौके पर उसके बॉयफ्रेंड को पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी और युवक को पुलिस के हवाले कर दिया है। मामला तिवारीपुर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक दसवीं की छात्रा एक किशोरी का एक युवक से प्रेम प्रसंग था। पिछले तीन महीनों से किशोरी अपने माता-पिता को खाने में नींद की गोलियां देकर सुला देती थी और युवक को रात में अपने घर बुला लेती थी। मोहल्ले वालों को शक हुआ तो इसकी जानकारी किशोरी के माता-पिता को दी गई। पूर्व प्लानिंग के मुताबिक एक बार फिर से किशोरी ने बुधवार को अपने बॉयफ्रेंड को बुलाया और उसके पहले अपने माता-पिता को खाने में मिलाकर नींद की गोलियां दे दी।

लेकिन इस बार वे सतर्क थे और उन्होंने बेटी के परोसे गए खाने को नहीं खाया और युवक के आने का इंतजार करने लगे। जैसे ही आधी रात के बाद वह घर पहुंचा तो परिजनों ने उसे धर दबोचा और उसकी जमकर पिटाई कर दी। शोर सुनकर आसपास के लोग भी इकट्ठे हो गए। युवक के अभिभावकों को भी जानकारी दी गई।

# जुआ खेलते सात जुआड़ियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कालपी (जालौन)।** पुलिस का जुआरियों के खिलाफ अभियान जारी है। गुरुवार की देर शाम उन्होंने सोहरापुर गांव में छापा मारकर सात जुआड़ियों को गिरफ्तार किया है।

नगर व क्षेत्र में जुआ का खेल नया नहीं है बल्कि वर्षो से संचालित यह खेल कारोबार का रूप ले चुका है जिसके चलते यह प्रतिदिन कही न कही फड़ संचालित होता है तभी तो कई बार क्षेत्रीय पुलिस को बगैर बताए एस ओ जी मे महेवा ब्लाक क्षेत्र में जुए के अड्डे पर कार्रवाई कर चुकी है। हालांकि इस कार्यवाही के बाद भी यह बंद नहीं हुआ है और आलम यह है कि अभी भी कई जगह यह खेल चल रहा है जिसकी पुष्टि इलाकाई पुलिस की कार्यवाही भी कर रही है। बुधवार शाम को भी पुलिस ने पांच जुआरियों को पकड़ा था और गुरुवार शाम फिर ज्ञान भारती पुलिस चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह ने क्षेत्र के ग्राम सोहरापुर में छापामार कर शीलू पुत्र वीरेंद्र अहिरवार, खलील खान, नीरज कुमार, रमजानी, फिरोज मंसूरी, रिजवान, इरफान समेत सात लोगों निवासी सोहरापुर को जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से माल फड़ व तलाशी में 3550 रूपये भी बरामद हुए हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत गुटैटी दक्षिण वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/ मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 05/01/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गुटैटी दक्षिण द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 06/01/2024 से 12/01/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 12/01/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | हरपाल के घर से हरिनाम के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | 395022 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | नरेश के घर से रामसिंह के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | 264992 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**( रामपाल)** **(देव शर्मा)**
**प्रधान, गुटैटी दक्षिण, शमशाबाद** **सचिव, गुटैटी दक्षिण, शमशाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत न्यामतपुर भुक्सी वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/चतुर्थ राज्य वित्त/चौदहवां वित्त आयोग के अन्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 05/01/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

चतुर्थ राज्य वित्त/चौदहवां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत न्यामतपुर भुक्सी द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 06/01/2024 से 12/01/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 12/01/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | प्रमोद पाल व कैलाश पाल के घर से सीसी रोड तक इंटरलाकिंग कार्य | 176610 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**(शाहीन बेगम)** **(जगवीर सिंह)**
**प्रधान, न्यामतपुर भुक्सी, शमशाबाद** **सचिव, न्यामतपुर भुक्सी, शमशाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत चिलसरी वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/ग्रा0पं0/का0/मनरेगा-राज्य वित्त/पन्द्रहवें वि0/स्वच्छ भारत मिशन/टेण्डर प्रकाशन/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 05/01/2024

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा-राज्य वित्त/ पन्द्रहवें वित्त/ स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चिलसरी द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 06/01/2024 से 12/01/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 12/01/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | सोवरन के घर से महिपाल के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 377681 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | सोवरन के घर से महिपाल के घर तक दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य | 179198 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | जोगराज के घर से राजेश के घर तक दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य | 245588 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | जोगराज के घर से राजेश के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 388937 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान, (मंगली) ग्रा0पं0 चिलसरी, वि0ख0 शमशाबाद सचिव (विवेक कुमार)**

## कार्यालय ग्रा0पं0 मसेनी वि0ख0 बढ़पुर, जनपद फर्रु0

पत्रांक -मीमो/ग्रा0पं0कार्य/टेण्डर दिनांक 04/01/2024

पन्द्रहें वित्त/पंचम राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत मसेनी द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 05/01/2024 से 12/01/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 12/01/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | ग्राम पंचायत | सामग्री विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | जमानत राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजपाल के घर से सनीपाल के घर तक सीसी व नाली निर्माण | मसेनी | समस्त सामग्री स्टीमेट अनुसार | 1.26 | 2450 | 500 |
| 2 | रुपपाल के घर से ललित के घर तक सीसी व नाली निर्माण | मसेनी | // | 1.27 | 2500 | 500 |
| 3 | बंटी के घर से रमेश के घर तक सीसी व नाली निर्माण | मसेनी | // | 1.55 | 3100 | 500 |
| 4 | रामनरेश के घर से सुधीर की चक्की तक इंटरलाकिंग निर्माण | मसेनी | // | 1.94 | 3900 | 500 |
| 5 | अर्जेश पाल के घर से राजकुमार के घर तक सीसी व नाली निर्माण | मसेनी | // | 3.38 | 6700 | 500 |
| 6 | मीनू पाल के घर से सिद्दू के घर तक सीसी व नाली निर्माण | मसेनी | // | 1.88 | 3700 | 500 |
| 7 | हरिओम अवस्थी के घर से राघवेन्द्र राठौर के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण | मसेनी | // | 2.76 | 5500 | 500 |

**नियम व शर्ते-** 1-आपूर्तिकर्ता का जीएसटी रजिस्ट्रेशन, पेनकार्ड, आधार कार्ड की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है। 2-सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 3- निविदा बिना किसी सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान (समर सिंह) ग्राम मसेनी, वि0,ख0 बढ़पुर सचिव (अतुल अग्निहोत्री)**

## सूचना

मेरे पासपोर्ट और ड्राईवरी लाईसेंस में मेरा नाम रवि कुमार शर्मा अंकित हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड,अंक पत्र व अन्य अभिलेखों में रवि शर्मा अंकित है जो की सही है। भविष्य में मुझे रवि शर्मा के नाम से जाना पहचाना जाए।

**रवि कुमार शर्मा पुत्र स्वर्गीय मेवालाल शर्मा,निवासी ग्राम व पोस्ट अमीर नगर परगना मगदापुर, तहसील गोला थाना मोहम्मदी जिला खीरी।**


**समस्या**

## दुकानदारों के कब्जा जमा लेने से दोपहिया वाहनों को हो रही मुश्किल

# मुख्य बाजार में अतिक्रमणकारियों ने सड़कों को गलियों में बदला

**कालपी,जालौन।समृद्धि न्यूज**

नगर में अतिक्रमण दिन प्रतिदिन बड़ी समस्या बनता जा रहा है। अतिक्रमणकारी सड़कों और आम रास्तों को भी नहीं छोड़ रहे हैं जिससे वह दिन प्रतिदिन संकरी होती जा रही है लेकिन पालिका प्रशासन का ध्यान इस तरफ नही है और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान कागजों तक ही सीमित रह गया है।

वैसे तो अतिक्रमण कोई नई समस्या नहीं है जिम्मेदारों के शिथिल होते ही यह हावी हो जाते हैं। इसी वजह से नगर में सरकारी जमीन पर लगभग पांच हजार आशियाने बनकर खड़े हो गये हैं जिसका रिकार्ड पालिका परिषद के पास भी है सिलसिला यही नहीं थमा है। अतिक्रमणकारियों ने सड़कों और गलियों को भी नहीं बख्शा है। आलम यह है कि टरननगंज बाजार के साथ दमदमा और यहां तक कि प्रशासनिक जिम्मेदारों के निकलने वाली सड़क जहां से पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के जाने का रास्ता भी है लेकिन इसके बाबजूद उनकी अतिक्रमण पर नजर नहीं गयी और सरकारी भूमि पर मकान बनाकर रह रहे लोगों ने सड़क तक को अपनी चपेट में ले लिया है। लेकिन पालिका प्रशासन के साथ तहसील प्रशासन ने भी इस पर नजर नही डाली है।

## कागजों तक सीमित रह गया अतिक्रमण के खिलाफ अभियान



**कालपी।** पूर्व उप जिलाधिकारी अंकुर कौशिक आईएएस ने नगर में अतिक्रमण के खिलाफ मसौदा तैयार किया था जिसके लिए उन्होंने लोगों को स्वंय ही अतिक्रमण हटा लेने के निर्देश दिये थे जिसका असर भी हुआ था दमदमा में अतिक्रमणकारियों ने स्वयं ही चिन्हित सीमा से बाहर बने निर्माण को तोड़ना शुरू कर दिया था। इतना ही नहीं पालिका परिषद ने टरननगंज बाजार में नापजोख भी कर ली थी लेकिन अचानक उप जिलाधिकारी का स्थानांतरण हो गया था। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कागजों में ही दफ्न हो गई थी और तब से अब तक यह मामला ठंडा पड़ा है। आलम यह है कि अतिक्रमण और सरकारी जमीनों पर कब्जे का सिलसिला शुरू हो गया है और अगर इस पर विराम नही लगा तो लोगो का निकलना मुश्किल हो जाएगा। ईओ वेदप्रकाश यादव के अनुसार शीघ्र ही अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस भर्ती परीक्षा शुचिता एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराई जाएः एडीएम

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

- पुलिस भर्ती परीक्षा नकलविहीन व शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए अभी से तैयारी पूर्ण करें: एसपी
- पुलिस भर्ती परीक्षा संपन्न कराए जाने हेतु एसपी अमित कुमार आनंद और एडीएम आशीष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से कलेक्टेऊट के गांधी सभागार मे प्राचार्य एवं प्रधानाचार्यो के साथ की बैठक



**पुलिस भर्ती** परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद और अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक में विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा में भारी संख्या में परीक्षार्थी जनपद आएंगे। कहा कि परीक्षा को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण संपन्न कराए जाने हेतु केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल का इंतजाम किया जायेगा। कहा कि सजगता बरतने की जरुरत है, नकलविहीन परीक्षा करानी है, अतः कोई भी अभ्यर्थी नकल सामग्री लेकर केन्द्र में प्रवेश ना करने पाए। किसी भी दशा में परीक्षा में साल्वर नही बैठना चाहिए और किसी प्रकार की चीटिंग न हो इसके लिए गहनता से जांच की जाए। मानक के अनुसार सीसीटीवी कैमरे पूरे होने चाहिए। अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कहा कि सभी केंद्र व्यवस्थापक अपने विद्यालय में परीक्षार्थियों के लिए मानक के अनुसार बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने कहा कि 11 व 18 फ़रवरी को पुलिस परीक्षा कराई जाने हेतु सहमत बनी है। कहा कि उक्त तिथियों में कोई अन्य परीक्षा हो तो संबंधित चयनित विद्यालय सूचना उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि 2 वर्ग मीटर प्रति अभ्यर्थी के अनुसार धारण क्षमता होनी चाहिए। चयनित केंद्र में बिजली, पानी, शौचालय व फर्नीचर आदि सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होना चाहिए। किसी भी कक्ष में रद्दी कागज, कूड़ा करकट आदि कुछ भी नही पड़ा होना चाहिए। बैठक में अपर पुलिस डा. संसार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित संबंधित अधिकारी एवं विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# मैनपुरी सांसद डिंपल यादव का छिबरामऊ में पूर्वी बाईपास पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

कन्नौज से रही सांसद डिंपल यादव उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव पूर्वी बाईपास मैनपुरी जा रही थी जैसे ही कार्यकर्ताओं को मालूम हुआ कि मैनपुरी की संसद डिंपल यादव निकल रही हैं। वैसे ही बार एसोसिएशन के महासचिव चंद्रजीत यादव एडवोकेट विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी उमेश पाल के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता एकत्रित हो गए और उनका फूल मालाओं से स्वागत किया स्वागत के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा की 2024 का चुनाव लोकसभा हम चुनाव है इसमें सभी कार्यकर्ता नेतागढ़ मेहनत से काम करिए और पूर्व मुख्यमंत्री सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का हाथों को मजबूत करिए यही मेरी अपील है जिससे कि गरीब बेचारा लोगों की आवाज लोकसभा के अंदर उठ सके।

# विशेष लोक अदालत में अपने वादों का कराएं निस्तारणः लवली जायसवाल

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

- विशेष लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु पराविधिक स्वयंसेवकों को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश
- तिर्वा तहसील में लगाया गया लैंगिक समानता के प्रावधानों एवं महिलाओं की सुरक्षा सम्बन्धी जागरुकता शिविर

**जनपद न्यायाधीश** एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय परिसर में आगामी 22, 23 व 24 जनवरी को एनआई एक्ट की धारा 138 के मामले एवं 29, 30 एवं 31 जनवरी को विद्युत अधिनियम के अंतर्गत लंबित शमनीय दाण्डिक मामलों का निस्तारण विशेष लोक अदालत में किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने बताया कि उक्त लोक अदालत हेतु पक्षकार संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर अपने वादों को नियत कराते हुए अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित करवायें एवं आगामी विशेष लोक अदालत का लाभ उठाये। इसी क्रम में प्राधिकरण के कार्यालय में पराविधिक स्वयं सेवकों की बैठक आहूत की गयी बैठक में सचिव लवली जायसवाल ने पराविधिक स्वयं सेवकों के कार्यो की समीक्षा की एवं विशेष लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। कहा कि अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार करें। वहीं तिर्वा तहसील में पराविधिक स्वयं सेवको द्वारा महिलाओं के अधिकार, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन एवं लैंगिक समानता के प्रावधानों एवं महिलाओं की सुरक्षा सम्बन्धित जागरुकता शिविर लगाया गया। शिविर में बताया कि हमारे देश में लड़को और लड़कियों के बीच घरों एवं समुदायों में तथा समाज में प्रत्येक पहलू में लिंग के अनुसार असमानता दिखायी देती है। जिससे लड़के और लड़कियां दोनों पक्ष प्रभावित होते हैं लेकिन इसका प्रभाव ज्यादा लड़कियों पर पड़ता है। भारत में लड़कों की तुलना में लड़कियों की मृत्यु दर अधिक है, उनके विकास की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है एवं शिक्षा में भी भेदभाव दिखता है। कहा कि समाज मे लिंग भेद को खत्म करने के लिए समान अवसर बनाने के लिए हमे लड़कियों को समान अवसर देना होगा।

## तीन लोगों के खिलाफहुई गुण्डा एक्ट की कार्रवाई

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** थाना इन्दरगढ़ पुलिस ने आपराधिक गतिविधियो मे लगाम लगाए जाने हेतु 03 लोगों के खिलाफगुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। शासन की मशानुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अपराध एव अपराधियो के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना इन्दरगढ़ पुलिस ने क्षेत्र मे आपराधिक गतिविधियों मे लिप्त रामऔतार पुत्र बटेशुर निवासी ग्राम जिनौठी थाना इन्दरगढ़ व कुमार पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम जिनौठी थाना इन्दरगढ़ एवं दिनेशचन्द्र पुत्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम हरेईपुर के खिलाफ गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। पुलिस के अनुसार उक्त लोग क्षेत्र में गुण्डागर्दी व आये दिन मारपीट की वारदात को अंजाम दे रहे थे, जिससे क्षेत्र के लोगों में भय व्याप्त था। उच्चाधिकारियों के अनुमोदनोपरांत उक्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गई है।

# आलू को पिछेती झुलसा रोग से करें बचावः डा. कनौजिया

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** कृषि विज्ञान केन्द्र अनौगी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ वी.के. कनौजिया तथा उद्यान वैज्ञानिक डॉ अमर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस समय आलू की फ़सल में पिछेती झुलसा रोग की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। क्योंकि इस समय वातावरण में न्यूनतम तापक्रम 8 से 11 डिग्री सेल्सियस तथा आद्रता 87 प्रतिशत के आसपास है। अधिक आद्रता पिछेती झुलसा रोग के फैलाने में मदद कर रही है। इन संभावनाओं को देखते हुये किसान भाइयों को सलाह है। कि इस रोग के कारण पौधों की पत्तियां किनारे से ऊपर की तरफहल्की सी मुड़ने लगती हैं तथा किनारे से सूखने लगती हैं और सुखा हुआ भाग धीरे-धीरे कुरकुरा होने लगता है जिसे तोड़ने पर आसानी से टूट जाता है। जिन क्षेत्रों में झुलसा के लक्षण दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन स्थानों पर मैनकोजेब 63 प्रतिशत की 2 से 2.5 किग्रा/हे. की दर से पानी में घोल कर 7 से 10 दिनों के अंतराल पर छिड़काव करें। परंतु जहां रोग का प्रकोप हो गया है अथवा प्रारंभ हो रहा है वहां इसकी रोकथाम के लिए मेटालैक्सिल 8 प्रतिशत व मैनकोजेब 64 प्रतिशत ( रेडोमिल गोल्ड ) की 2.5 ग्राम दवा अथवा साइमोक्सनील 8 प्रतिशत व मैनकोजेब 64 प्रतिशत (कार्जेट) की 3 ग्राम दवा प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें अथवा अजोक्सीस्ट्रोबिन 11 प्रतिशत व ट्यूबुकोनाजोल 18.3 प्रतिशत की 1.5 मिली दवा प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर 7 से 10 दिनों के अंतराल पर छिड़काव करें तथा दवा के साथ स्टीकर अवश्य मिलाएं। फ़सल की निरंतर निगरानी करते रहें और उपरोक्त फफ़ुंदनाशी में से कोई एक का सावधानी पूर्वक छिड़काव करें।

# खबरें चलते-चलते

## हवन पूजन के साथ मनाई 29वीं वर्षगांठ

**छिबरामऊ कन्नौज।** पश्चिमी बाईपास स्थित श्रीराम रिसोर्ट में हवन पूजन करके पतंजलि योगपीठ (भारत स्वाभिमान ट्रस्ट) की 29वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। पतंजलि योगपीठ परिवार और भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के लोग शुक्रवार को सुबह 10 बजे गेस्ट हाउस में एकत्र हुए। सभी को पतंजलि योगपीठ हरिद्वार (भारत स्वाभिमान ट्रस्ट) के जिला प्रभारी योग गुरु सत्यराम यादव व यज्ञाचार्य सुरेश चंद्र शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कराया। इसमें सभी ने आहुतियां देकर स्वस्थ एवं समृद्ध भारत की कामना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रो. रामबख्स वर्मा ने कहा बिना किसी खर्च के शरीर को स्वस्थ रखने का सर्वोत्तम साधन नियमित योग करना है। जिला प्रभारी सत्यराम यादव ने कहा वह पतंजलि योगपीठ से जुड़कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हैं। भारत के अमृत महोत्सव के अंतर्गत इन दिनों 75 करोड़ सूर्यनमस्कार लगाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने का अभियान चल रहा है। जिले के सभी विद्यालय इस अभियान में अपना पंजीकरण करा रहे हैं। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। इस दौरान प्रदीप गुप्ता, राहुल गुप्ता, योगेंद्र सिंह यादव, कमला , विनोद मिश्रा, रामनिवास, सुभाष चंद्र, जोगराज सिंह, सतीश चंद्र शर्मा, शिशुपाल सिंह, अभिलाष सिंह, अरविंद सिंह, विजय यादव व सुधीर सविता आदि मौजूद रहे।

## ट्रेन से गिरे युवक की हुई मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ट्रेन से गिरकर युवक की मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस युवक के शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया। इसके बाद शव का पंचनामा भर के जिला अस्पताल भेजा गया। शुक्रवार को रामआश्रम से मलिकपुर के बीच एक युवक अचानक ट्रेन से गिर गया। जिससे घायल होकर युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंचे रामाश्रम चौकी प्रभारी चंद्रभान सिंह ने मृतक के शव की शिनाख्त करने का काफी प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। रामाश्रम चौकी प्रभारी ने बताया कि युवक के हाथ पर स्वदेश कुमार नाम गुदा हुआ है। इसके बाद कोतवाली पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

## रास्ते के विवाद में बच्चों से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम इंदुइयागंज निवासी प्रेम सागर पुत्र भैयालाल द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि सार्वजनिक रास्ते में मवेशी व चारपाई डालकर बैठे गांव के ही तीन लोगों ने उसकी बच्ची के डंडा मार कर घायल कर दिया। पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## दो लोगों पर की शांतिभंग की कार्रवाई

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** लेनदेन के विवाद को लेकर आपस में गाली गलौज के बाद झगड़ा फसाद कर रहे दो लोगों को कोतवाली पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर शांति भग की कार्रवाई की गई। शुक्रवार को उप निरीक्षक रावेंद्र सिंह ने क्षेत्र के ग्राम बनियानी में शेर सिंह पुत्र स्वर्गीय सोवरन सिंह व वीरभान पुत्र स्वर्गीय नवल सिंह को लेनदेन के विवाद को लेकर आपस में लड़ झगड़ कर शांति व्यवस्था भंग करने पर धारा 151 की कार्रवाई की गई है।

## तंमचा के साथ पकड़ा गया युवक

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** तिर्वा कोतवाली पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये युवक के खिलाफपुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही की है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध अभियान आपरेशन प्रहार के तहत शुक्रवार को तिर्वा कोतवाली पुलिस उप निरीक्षक गुलाब केशकर व सिपाही दुष्यन्त शर्मा ने एक संदिग्ध हालात में एक युवक को पकड़ लिया, तलाशी लेने पर उक्त युवक के पास से एक तमंचा 315 बोर व 01 कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उक्त युवक ने अपना नाम पंकज राजपूत पुत्र सुदामा प्रसाद निवासी ग्राम कमलेपुर्वा थाना तिर्वा बताया।

# कलश लेकर घर-घर पहुंच कर बांटे पत्र व अक्षत



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जहां एक ओर पूरे देश में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है। वहीं दूसरी ओर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने समर्थकों के साथ नगर के वार्डो का भ्रमण कर डोर टू डोर पहुंचकर नागरिकों को पत्रक, अक्षत भेंट किए। शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद कार्यवाहक जिलाध्यक्ष नीरज मिश्रा, सभासद प्रतिनिधि दीपक गुप्ता, बृजेश गुप्ता, संजीव गुप्ता उर्फ टीटू ने समर्थकों के साथ मोहल्ला रामकृष्ण नगर सहित कई वार्डों का पैदल भ्रमण करते हुए डोर टू डोर पहुंचकर नागरिकों को श्री राम जन्मभूमि से आए पत्रक व अक्षत वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम का दर्शन कर अपने जीवन को धन्य बनाएं। उन्होंने सभी नागरिकों से भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले उत्सव को घरों में रहकर दीपोत्सव मनाए जाने की अपील की है। कहां कि अयोध्या में भगवान श्री राम का मंदिर बनना बड़े ही हर्ष एवं गर्व की बात है। इस दौरान राकेश कौशल, अनिल गुप्ता, बृजेश कौशल, श्यामू गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अक्षत कलश यात्रा का शहर में पुष्प बरसाकर स्वागत किया गया

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**श्री अयोध्या** धाम में भगवान राम की प्रार्थना प्रतिष्ठा 22 जनवरी का निमंत्रण आम जनमानस के लिए अक्षत कलश यात्रा लेकर पूर्व राज्य मंत्री विधायिका ने किया नगर भ्रमण। पूर्व राज्य मंत्री विधायक का श्रीमती अर्चना पांडे ने अक्षत कलश यात्रा में कलश के साथ नगर भ्रमण पूर्वी बाईपास से प्रारंभ कर गंगेश्वर नाथ मंदिर कलश यात्रा संपन्न हुई पूर्वी बाईपास पर अक्षत कलश यात्रा का स्वागत भारतीय जनता पार्टी का जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर मिश्रा जिला उपाध्यक्ष गौरव द्विवेदी सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने पुष्प बरसा कर किया तालग्राम चौराहा पर चेयरमैन मनोज कुमार हिमांक त्रिपाठी रमाकांत त्रिपाठी सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने पुष्पा वर्षा कर किया सौरिख तिराह पर आशु तिवारी डॉक्टर वरुण निशांत दिक्षित सहित साइकिल कार्यकर्ताओं ने कलश यात्रा का पुष्प बरसा कर पूर्व राज्य मंत्री को माल्यार्पण कर स्वागत किया अस्पताल चौराहा पर मनोज दीक्षित राम चतुर्वेदी सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व राज्य मंत्री व कलश यात्रा का पुष्प वर्ष कर स्वागत किया रोडवेज बस स्टेशन पर नरेश गुप्ता मिंटू मिश्रा शहीद दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर अक्षत कलश यात्रा का स्वागत किया पुराना सौरिख बस स्टॉप पर अनुराग तिवारी डॉक्टर प्रदीप सहित सैकडौ भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया बृजेश मेडिकल स्टोर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अक्षत कलश यात्रा का वर्षा का स्वागत किया पोस्ट ऑफिस तिराह पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया हीरालाल वन इंटर कॉलेज तिराहा पर आलोक गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर अक्षत कलश यात्रा का स्वागत किया पीपल चौराहा पुरानी सब्जी मंडी बिशनगढ़ तिराहा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर अक्षत कलश यात्रा का भाव स्वागत किया।



# देवेंद्र देव बने सरस्वती शिशु मंदिर के प्रबंधक



पदाधिकारियों के साथ मौजूद देवेन्द्र देव — समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

- पदाधिकारी ने फूलमालाओं से किया स्वागत

**सरस्वती शिशु** मंदिर में प्रबंध समिति का चुनाव कराया गया। जिसमें सर्वसम्मति से भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव को प्रबंधक मनोनीत किया गया। पदाधिकारी ने नवमनोनीत प्रबंधक का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि समिति द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसका पूर्ण निष्ठा से निर्वहन किया जाएगा। शुक्रवार को नगर के मोहल्ला अफ्सरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में बाल कल्याण समिति का चुनाव कराया गया। चुनाव अधिकारी सत्येंद्र कुमार द्विवेदी, उपाध्यक्ष भारतीय शिक्षा समिति एवं चुनाव पर्यवेक्षक अनिल कुमार प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर तिर्वा के तत्वाधान में चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें शंभू दयाल गुप्ता एवं गौरीशंकर आर्य को संरक्षक, रामविलास शर्मा को अध्यक्ष, जितेंद्र कौशल एवं शिव प्रताप सिंह को उपाध्यक्ष, देवेंद्र देव को प्रबंधक, परशुराम देवल को सह प्रबंधक, धीरेंद्र आर्य कोषाध्यक्ष, सुधीर अग्रवाल, राजीव वर्मा, सचिन गुप्ता, अवधेश सिंह, आशा सिंह को सदस्य मनोनीत किया गया। इस दौरान प्रवेश निरीक्षक आत्मानंद, प्रधानाचार्य नवनीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# सिपाही हत्याकांड हिस्ट्रीशीटर के घर की छत से फायरिंग का वीडियो 12 दिन बाद वायरल

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**25 दिसंबर** को हुए सिपाही सचिन राठी हत्याकांड का एक वीडियो सामने आया वीडियो में एक लड़का हिस्ट्री सीटर मुन्ना यादव को पकड़ने गई पुलिस टीम पर छत से फायरिंग करता नजर आ रहा है जिसके बाद पुलिसकर्मी भगति नजर आ रहे हैं दावा किया जा रहा है कि वह लड़का कोई और नहीं बल्कि मुन्ना का नाबालिक बेटा है जो दो बार बंदूक को लोड करते हुए और पुलिस पर फायरिंग करते नजर आ रहा है यह वीडियो गांव के किसी युवक ने बनाया है जिसमें गोली चलने की आवाज साफ सुनाई पड़ रही है पुलिस का कहना है कि इसी फायरिंग के दौरान सिपाही सचिन को गोली लगी थी जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी यह वीडियो सिपाही हत्याकांड के 12 दिन बाद वायरल हुआ है फिलहाल में मामले हिस्ट्रीशीटर मुन्ना जेल में बंद है उसका नाबालिक बेटा किशोर सुधार ग्रह में बंद फर्रुखाबाद है उसके किला अनुमान घर को पुलिस और प्रशासन ने बीते दिन बुलडोजर से दस्त कर दिया हैपहले एक नजर सिपाही हत्याकांड पर दरअसल हिस्ट्री सीटर मुन्ना यादव के खिलाफ गैर जमानती वारंट ब्ल्यू जारी होने के बाद छिबरामऊ के धरनी धनपुर नगरिया गांव में 26 दिसंबर की ग्राम शाम बिशनगढ़ थाने की पुलिस उसे पकड़ने गई थी यहां पुलिस टीम पर हिस्ट्री सीटर मुन्ना और उसके नाबालिक बेटे ने फायरिंग कर दी थी इस दौरान थाने की सिपाही सचिन राठी को गोली लगने से मौत हो गई थी अलका की कुछ देर बाद ही पुलिस ने मुन्ना यादव और उसके बेटे के पैर में गोली मार कर दोनों को पकड़ लिया था घायल अवस्था में बाप बेटे को तिर्वा के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था जहां 5 दिन का इलाज के बाद आरोपी हिस्ट्री सीटर मुन्ना यादव व उसके बेटे को 30 दिसंबर की देर रात अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया इसके बाद मुन्ना को हनुमान जी जय और उसके नाबालिक बेटे को फर्रुखाबाद के लिए बाल सुधार गृह भेज दिया गयाहत्याकांड और हिस्ट्री सीटर मुन्ना यादव का घर गिरने जाने के बाद अब एक वीडियो सामने आया है जो इस 26 दिसंबर को बताया जा रहा है वीडियो में एक लड़का हिस्ट्री सीटर के किला नुमा घर की छत पर से पुलिसकर्मियों के ऊपर गोली चलाता नजर आ रहा है वीडियो घर से करीब 400 मीटर की दूरी से बनाया गया है लेकिन वीडियो में गोली चलने चलने की आवाज साफ सुनाई दे रही है पुलिस का दावा है कि जब थाने का फोर्स मुन्ना के में गेट पर खड़ा था तभी अचानक छत से गोलीबारी शुरू हो गई जब तक पुलिस जवाबी फायरिंग कर पाती तब तक एक गोली सिपाही सचिन राठी को लग जा लग गई गोली लगने के बाद पुलिस कुर्मी चिल्लाते हुए दिखाई दे रहे हैं की गोली लग गई है इसके बाद वह एक बाइक पर तीन पुलिसकर्मी सिपाही को घायल अवस्था में ले जाते नजर आ रहे हैं यह गोली मुन्ना यादव का बेटा चला रहा था गोली चलने के बाद गांव के कुछ लोग वीडियो के ब्लास्ट में कह रहे की हिस्ट्री सीटर मुन्ना यादव को भी गोली लगी है हल्का की पुलिस अफसर वीडियो को लेकर कुछ कहने से बचते नजर आ रहे हैं सिपाही हत्याकांड के बाद पुलिस और प्रशासन ने हिस्ट्री सीटर पर शिकंजा कसना शुरू किया जांच पड़ताल में हिस्ट्री सीटर का घर की जमीन पर बना मिला था इसके बाद कल यानी गुरुवार को हत्याकांड के 11 दिन सुबह 10=00 बजे अतिरिक्त पुलिस बलऔर पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपधीक्षक पांच स्थानों का फोर्स और उन अधिकारियों के साथ दो बुलडोजर लेकर पहुंचे पहले धरनी धरपुर नगरिया गांव में किले नुमा घर की बाउंड्री बल गिरे इसके बाद 1 घंटे में ही पूरे घर को गिरा दिया।









# असामाजिक तत्वों ने अम्बेडकर की मूर्ति तोड़ी, प्रशासन ने नई मूर्ति लगवायी

- अज्ञात पर मुकदमा दर्ज, डीएम समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थानान्तर्गत गांव** बिहार में लगी अम्बेडकर मूर्ति को बीती रात असामाजिक तत्वों ने तोड़ दी। सुबह जब लोगों ने मूर्ति टूटी हुई देखी, तो रोष फैल गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। जिस पर एसएचओ अमरपाल सिंह, इन्सपेक्टर क्राइम अभयचन्द्र ने उच्चाधिकारियों को सूचना दी और तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। कुछ ही देर में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एस0डी0एम0 और क्षेत्राधिकारी पुलिस अरुण कुमार भी मौके पर पहुंच गए। प्रशासन ने सबसे पहले उसी टूटी मूर्ति को यथावत करके उसका रंगाई पुताई करवाकर नई मूर्ति भी लाने के लिए व्यवस्था की। इधर घटना की सूचना पाकर तमाम अम्बेडकर अनुयाई मौके पर पहुंच गये। आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी आवेशित, जिलाध्यक्ष नितिन गौतम, देवसिंह कठेरिया, बसपा के जिला प्रभारी सर्वेश भारती, यादव समाज उत्थान सेवा समित के राष्ट्रीय अध्यक्ष यदुवीर सिंह यादव आदि लोग भी मौके पहुंचे। सभी लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मूर्ति तोडने वाले पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाये। अध्यक्ष सुखेन्द्रसिंह कठेरिया ने ग्राम प्रधान पर सीधा-सीधा आरोप लगाया कि मूर्ति जीर्णोद्धार के लिए लगभग 2 लाख रुपया आया था। जिसमें उन्होंने घपला किया है। मैंने इसकी शिकायत की, तो वह रंजिश मानने लगे। उसी रंजिश में मूर्ति तोड़ी गई है। पत्रकारों के समक्ष सी0ओ0 अरुण कुमार ने बताया है फिलहाल अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच में जो भी आरोपी आयेगा उस पर सख्त कार्यवाई की जायेगी। समाचार लिखे जाने तक नई मूर्ति आ चुकी थी। जिसे लगाया जा रहा था।




प्रशासन द्वारा रंग-रोगन करायी गयी क्षतिग्रस्त मूर्ति



लायी गयी नई मूर्ति को उतरवाते लोग — समृद्धि न्यूज

# घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर नकदी जेवर चोरी, जांच में मामला संदिग्ध



चोरी के बाद टूटी पड़ी अटैची व बिखरा सामान — समृद्धि न्यूज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज**

**घर के** मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर चोर नकदी, जेवर चोरी कर ले गए। घटना की सूचना पर पहुंची मेरापुर पुलिस ने जांच पड़ताल की।

गुरुवार की रात मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव बरखिरिया निवासी जोगेन्द्र सिंह यादव के घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर चोर अन्दर घुस गए और कमरों में रखे बक्से से सोने, जांदी के जेवर तथा परचून की दुकान की गोलक में रखे 12,500 रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। घटना वाली रात्रि जोगेन्द्र अपने बच्चों सहित गांव में बने दूसरे घर में सोए थे। शुक्रवार सुबह 5 बजे जब जोगेन्द्र सिंह अपने दूसरे घर से गांव के बीचों बीच बने घर में आए तब उन्हें घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद उन्होंने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। डायल 112 पुलिस ने घटना स्थल पर पंहुच कर जांच पड़ताल की। कुछ ही देर में मौके पर पंहुची मेरापुर थाना पुलिस ने भी घटना की जांच की। जोगेन्द्र सिंह के अनुसार चोर मेरे घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर बक्से में रखी एक सोने की चेन, झाले, पांच अंगूठी, जांदी की तोड़िया, एक गुच्छा, करधनी एवं मेरी परचून की दुकान की गोलक से 12,500 रुपय की नकदी चोरी कर ले गए है। घटना के सम्बन्ध में मेरापुर थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया चोरी की घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। जांच पड़ताल की

## मां-बेटे को पीटने में पिता-पुत्रों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव हथौड़ा निवासी अरविंद पुत्र बृजनंदन सिंह ने गांव के ही नन्हें पुत्र साधू तथा नन्हें के पुत्र राहुल व कन्हैया के विरुद्ध गाली-गलौज व मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 3 जनवरी की रात 7 बजे अरविंद अपने परिजनों के साथ खाना खा रहे थे कि तभी उक्त सभी आरोपित गाली-गलौज करते हुए मेरे घर पर आए और मेरी मां को लाठी-डंडों से मारने पीटने लगे। जब मैंने बचाने का प्रयास किया तो उक्त आरोपितों ने मेरे साथ भी मारपीट कर दी। मारपीट में मेरी मां का सिर फट गया और उनके शरीर में गुम चोटें आयीं। मेरापुर पुलिस ने उपचार हेतु घायल महिला को सीएचसी मोहम्मदाबाद भेज दिया और उसके पुत्र की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच अचरा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार के सुपुर्द कर दी।

# खबरें चलते-चलते

## परिजनों की डांट फटकार से घबराये बच्चे घर से हुए फरार



**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** परिजनों की डांट फटकार से घबराये बच्चे परिजनों को बिना बताये घर से निकल गये और ट्रेन में बैठकर कानपुर जा पहुंचे। पुलिस ने जीआरपी की मदद से सीसीटीवी कैमरे खंगाले और बच्चों को सकुशल अनवरगंज स्टेशन कानपुर से बरामद कर परिजनों तो सौंप दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर असादुल्लाह निवासी सौरव उम्र 13 वर्ष पुत्र ओमपाल तथा आशीष उम्र 12 वर्ष पुत्र संतराम बीते दिवस परिजनों को बना बताएं गुम हो गए थे। बच्चों के अचानक गायब होने पर परिजनों ने चिंता जताते हुए आसपास तथा रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की थी। पता नहीं चलने पर रात्रि के समय सूचना शमशाबाद थाना पुलिस को दी थी। सूचना पर शमशाबाद थाना पुलिस ने फौरी कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी कैमरे खंगाले। सीसीटीवी के जरिए पता चला दोनों बच्चे फर्रुखाबाद स्टेशन से ट्रेन द्वारा कानपुर जा चुके हैं। शमशाबाद पुलिस ने सक्रियता दिखाकर जीआरपी के सहारे अनवरगंज स्टेशन पर दोनों बच्चों को बरामद कर लिया। थाना अध्यक्ष शमशाबाद बलराज भाटी ने बताया जीआरपी के सहयोग से दोनों बच्चों को अनवरगंज स्टेशन से बरामद कर परिजनों को को सौंप दिया गया है।

## नगर पंचायत कार्यालय पर मनायी गयी कल्याण सिंह की जयंती

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत कार्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय बाबू कल्याण सिंह की जयंती पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने फूलमाला पहनाकर उनको नमन किया। नवाबगंज नगर पंचायत कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने अपनी टीम के साथ उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा पूर्व राज्यपाल भाजपा के कद्दावार नेता रहे बाबू कल्याण सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई। इस पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया की स्वर्गीय बाबू कल्याण सिंह राजपूत ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा काम किया तथा वह जनप्रिय नेता थे। उनके ही मार्गदर्शन पर चलकर हम लोग आज आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के सभी लोग बाबूजी के आदर्शों पर चलें। उन्होंने कहा कि बाबूजी ने राम मंदिर मुद्दे को अपनी मजबूत समर्थन दिया था। उन्होंने बाबूजी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत, विकास गंगवार, हितांशु गंगवार, अहिलकर राजपूत, नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## गृह कलह से तंग आकर युवक ने खाया जहर, सीएचसी में भर्ती

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम ख्वाजा अहमदपुर कटिया निवासी एक 18 वर्षीय युवक ने परिजनों से विवाद होने पर जहर खाकर जान देने की कोशिश की। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को युवक का परिवार में किसी बात को लेकर आपसी विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा की परिजनों द्वारा कुछ भला बुरा कह दिया गया। जिससे आहत युवक ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे युवक की हालत बिगड़ गयी। जिससे परिजन घबरा गये और आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर भर्ती कराया। जहां उसका इलाज जारी है।

# जेएनवी रोड स्थित ब्रह्माकुमारी केंद्र पर तीन दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जेएनवी रोड** स्थित ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माउंटआबू से पधारी बहन नन्दा ने एएसपी व एसडीएम को सम्मानित किया।

जानकारी के अनुसार जय नरायन वर्मा रोड फतेहगढ़ स्थित सेवा केंद्र पर एक तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माउंटआबू से वरिष्ठ बहन नन्दा उपस्थित रहीं। उन्होंने गुजरात में 10 वर्ष तक इन्जीनियर डिग्री कर सरकारी नौकरी की। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह तथा एसडीएम अमित भारद्वाज मौजूद रहे। नन्दा बहन ने दोनों अधिकारियों को सम्मानित किया। इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि इस संस्था में आकर मुझे बहुत शांति मिलती है। यह संस्था मानव में आध्यात्मिक ज्ञान को जागृत करती है। जिससे व्यक्ति को मानसिक रुप से शांति मिलती है और वह बुरे कार्यों का भी त्याग कर देता है। इसलिए सभी को इस संस्था से अवश्य जुड़ना चाहिए। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह संस्था बहुत अच्छी कार्य कर रही है। आजकल की भागदौड़ भरी जिन्दगी में मनुष्य इतना व्यस्त हो गया कि वह पूजा आदि के लिए समय निकाल नहीं पा रहा है। जबकि जीवन में पूजा पाठ भी बहुत जरुरी है। जिससे मनुष्य का ध्यान बुरे कार्यों की तरह नहीं जाता है। ऐसा ही कार्य यह संस्था भी कर रही है। जो मनुष्य के अंदर आध्यामिक ज्ञान विकसित करती है। इस अवसर पर सुमन बहन सहित कई बहनें मौजूद रहीं।




एसडीएम अमित भारद्वाज को सम्मानित करतीं बहन नन्दा — समृद्धि न्यूज

# अस्पताल कर्मचारियों के साथ मारपीट व तोड़फोड़ करने के मामले में चार पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अस्पताल में घुसकर कर्मचारियों के साथ मारपीट व तोड़फोन करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार संजय कुमार कटियार पुत्र स्व0 डॉ0 प्रकाशचंद्र कटियार निवासी आवास विकास कालोनी ने थानाध्यक्ष कादरीगेट विनोद शुक्ला को दिये गये प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि उसका आवास विकास कालोनी में लीला हॉस्पिटल है। बीते दिन एक अज्ञात युवक अस्पताल में घुस आया और उसने साबुन मांगा। जिस पर कर्मचारी अनिकेत सिंह जाटव, अमित सैनी व सुमित कटियार ने साबुन देने से मना कर दिया। जिस पर उक्त अज्ञात युवक गाली-गलौज करने लगा। मोबाइल पर उसने अपने साथियों को बुला लिया। उसने व उसके साथियों ने उपरोक्त कर्मचारियों के साथ जमकर मारपीट व अस्पताल में तोड़फोड़ की। सूचना मिलने पर मैं परिवारीजनों के साथ अस्पताल पहुंचा। जिस पर हमलावरों ने हम लोगों पर भी ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। भीड़ इकट्ठा हो जाने पर उपरोक्त लोग जानीमाली धमकी देते हुए बाइकों से भाग गये। इन हमलावरों में से रजत यादव निवासी मोहल्ला मेमरान, आर्यन पटेल उर्फ सूरज पुत्र राकेश गंगवार पूर्व सभासद निवासी आवास विकास, अभय यादव निवासी आवास विकास, ऋषभ यादव व छोटू शुक्ला को पहचान लिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अनियंत्रित कार की टक्कर से मूंगफली विक्रेता की ठेली हुई क्षतिग्रस्त

- वाहन के इंतजार में खड़े लोग बाल-बाल बचे, हजारों का नुकसान
- दुर्घटना करने के बाद कार चालक मौके से कार सहित हुआ फरार

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित कार की टक्कर से मूंगफली विक्रेता व टी स्टाल दुकान का तख्त क्षतिग्रस्त हो गया,जबकि वहां पर खड़े लोग बाल-बाल बच गये। दुर्घटना के बाद कार चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कुइयांखेड़ा निवासी दिनेश कुमार फैजबाग चौराहे पर मूंगफली की ठेली लगाकर अपने परिवार की गुजर बसर करता है। जबकि पड़ोस में ही नगला सेठ निवासी उदयवीर राजपूत का टी स्टाल है। गुरुवार की रात्रि करीब 10 बजे अचानक एक अज्ञात कार का चालक जो अनियंत्रित गति से कायमगंज से फर्रुखाबाद जा रहा था। फैजबाग चौराहे से गुजरते समय अचानक कार चालक संतुलन खो बैठा और खड़ी ठेली को टक्कर मारता हुआ टी स्टाल के तख्त को तोड़ दिया। इस दुर्घटना में मूंगफली विक्रेता दिनेश कुमार का काफी नुकसान हो गया, जबकि पड़ोसी उदयवीर राजपूत का भी तख्त टूट गया। यहीं पर रखी एक भट्टी भी टूट गई। वहीं बसों के इंतजार में खड़े यात्री भी बाल-बाल बच गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों ने शोर मचाते हुए जब कार चालक को पकड़ने का प्रयास किया, तो कार चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। हालांकि चौराहे पर गस्त कर रहे होमगार्ड के जवानों ने कार चालक को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन कार चालक सभी को चकमा देकर फरार हो गया।



दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त ठेली व तख्त — समृद्धि न्यूज

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अमृतपुर,समृद्धि न्यूज।** युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को शाम करीब 6.45 बजे शाम को फखरपुर ग्राम प्रधान ने पुलिस को सूचना दी कि फखरपुर के जंगलों में किसी अज्ञात व्यक्ति का शव फांसी पर लटका हुआ है। जिसकी उम्र करीब 25 वर्ष है। इस सूचना पर थाना अध्यक्ष मय फोर्स के मौके मौके पर पहुंचे। साथ ही फील्ड यूनिट टीम को भी सूचना दी गयी। मृतक की पहचान कराने पर उसकी पहचान ग्राम करनपुर घाट निवासी शिवराज पुत्र खुशीराम के रूप में हुई। फिलहाल पुलिस ने शव को नीचे उतरवा लिया है और आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। मौके पर ग्राम प्रधान शिवत्त तिवारी व चौकीदार प्रमोद के अलावा अन्य ग्रामवासी मौजूद हैं।

# विधायक व नगर पंचायत अध्यक्ष ने वितरित किये कंबल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बढ़ती सर्दी के प्रकोप को देखकर राजस्व विभाग ने नगर पंचायत कार्यालय पर क्षेत्रीय विधायक व नगर अध्यक्ष द्वारा कंबल वितरण कराया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज नगर पंचायत कार्यालय पर बढ़ती सर्दी के प्रकोप को देखकर तहसीलदार उच्च अधिकारियों के निर्देशन में लेखपाल सचिन मिश्रा द्वारा दो सैकड़ा से अधिक लोगों को कंबल वितरण करवाया गया। जिसमें लेखपाल ने सभासदों के हिसाब से लिस्ट तैयार करवाई थी। उनके हिसाब से ही लेखपाल ने कंबल वितरण करवाया। जिसमें कई लोग मायूस लौट गए। नगर पंचायत कार्यालय पर क्षेत्रीय विधायक सुशील शाक्य तथा नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत, अधिशासी अधिकारी त्रिवेंद्र कुमार के द्वारा कंबलों का वितरण करवाया गया। जिसमें ठंड के प्रकोप को देखते हुए गरीबों ने राहत की सांस ली। वहीं पहले से सूची तैयार होने पर कई लाभार्थी सूची में नाम न होने से मायूस लौटे। जिनको दोबारा वितरण के समय उनका नाम जोड़ने की बात कही गई। वहीं क्षेत्रीय विधायक ने सुशील शाक्य ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का व्याख्यान किया। इस मौके पर अमृतपुर विधानसभा के क्षेत्रीय विधायक सुशील शाक्य, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत, अधिशासी अधिकारी त्रिवेंद्र कुमार तथा भाजपा नेता योगेंद्र सिंह राठौर, स्वदेश, मंडल अध्यक्ष कमल भारतद्वाज, सभासद राहुल यादव, बादल मंसूरी, कुलदीप कुमार सहित सभी सभासद तथा ब्लॉक के वरिष्ठ लिपिक विकास गंगवार, लेखा सहायक हितांशु गंगवार, अहिलकर राजपूत, अमित कुमार गुप्ता, नरोत्तम राठौर, रोहन सिंह, अमित कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



कंबल वितरित करते नगर पंचायत अध्यक्ष व विधायक आदि — समृद्धि न्यूज

# घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते दिन तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से भोले बाबा के दर्शन कर लौट रहे ई-रिक्शा सवार वृद्धा मायादेवी तथा बालक अभय की मौत हो गयी थी, जबकि पाँच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार को एक और घायल महिला की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार कायमगंज बीते दिन पटियाली से भोले बाबा के सत्संग से लौट रहीं महिला व पुरुषों में माया देवी समेत दो की मौत हो गयी थी, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। घायलों में रेशमा उम्र 60 वर्षीय पत्नी बृजभान निवासी सिकन्दरपुर थाना शमशाबाद को गम्भीर हालत में कानपुर रेफर कर दिया गया था। जहां उनका इलाज चल रहा था। हालत में सुधार न होने पर परिजन उन्हें घर ले आये थे। शुक्रवार को उनकी मौत हो गयी। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# चोरों ने घर व दुकान से उड़ायी नकदी व जेवरात

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**चोरों ने** घर व दुकान को निशाना बनाकर हजारों की नकदी व जेवरात पार कर दिये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। आये दिन हो रहीं चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अताईपुर बरी मोहल्ला निवासी रवेन्द्र पुत्र अमर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी परचून की दुकान घर के बाहर स्थित है। बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखी चीनी, गुटखा, मसाले, सरसों का तेल तथा गुल्लक से 12 हजार 200 रुपये की नकदी चुरा ले गये। जब सुबह रवेंद्र दुकान खोलने पहुंचा, तो उसे चोरी होने की जानकारी हुई। उसने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी है। वहीं दूसरी घटना में क्षेत्र के ग्राम अताईपुर जदीद निवासी चन्द्रशेखर पुत्र रामभरोसे के घर में बीती रात अज्ञात चोरों ने घुसकर कमरें का ताला तोड़कर अन्दर प्रवेश कर गये। अन्दर बक्से में रखे सोने के एक जोड़ी कुंडल, चाँदी की तोड़िया चोर चुरा ले गये। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल की। आये दिन हो रहीं चोरियों की घटनाओं से जनता की नींद उड़ी हुई है। बीते दिन शमशाबाद में करीब तीन स्थानों पर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। ग्रामीणों का कहना है कि सर्दी के चलते पुलिस रात्रि में गश्त नहीं करती है। जिसके कारण चोरी की घटनायें हो रही हैं।



चोरों द्वारा तोड़ा गया बक्सा व बिखरा पड़ा सामान

## बरसीम में किया जहरीली दवा का छिड़काव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम कलौली महबुल्लापुर निवासी हेमसिंह पुत्र जयचंद निवासी ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया मेरे खेत में बरसीम खड़ी थी। जिसमें मेरे ही गांव के सचिन पुत्र महेश चंद्र ने जहरीली दवा का छिड़काव कर दिया। आज जब हम अपने खेत में वरसीम काटने गए, तो बरसीम एवं सरसों मुरझाई हुई थी। लोगों ने बताया कि आपके खेत में जहरीली दवा का छिड़काव किया गया। जानकारी करने पर पता चला मेरे ही गांव के सचिन ने मेरे खेत में जहरीली दवा का छिड़काव किया है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का शासन दिया।

# समस्याओं को लेकर किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते किसान नेता समृद्धि न्यूज

**भारतीय किसान** यूनियन ने 14 सूत्रीय समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। कलेक्ट्रेट पहुंचकर किसान यूनियन के लोगों ने नारेबाजी करते हुए समस्याओं का हल कराने की मांग की।

ज्ञापन में मांग की है कि देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने और खाद्यान की स्थिति को सुधारने के लिए मजबूत करने के आधार पर कृषि है। कृषि प्रधान देश में भारत के कृषकों के लिए चुनौती पूर्ण साबित हो रहा है। ऐसे में भारतीय किसान यूनियन कृषकों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मांग करता है कि किसानों की सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली का वायदा किया गया। अभी तक मुफ्त बिजली नहीं करायी गई है। प्रदेश सरकार ने निजी नलकूपों पर मीटर लगवाने को तत्काल प्रभाव से रोकें। गन्ने की पिराई सत्र को दो माह से अधिक समय हो चुका है और गन्ने का भाव घोषित नहीं किया गया है। शीघ्र भाव घोषित कर 500 रुपये प्रति कुंटल गन्ने का भाव घोषित कर भुगतान किया जाये। प्रदेश के कई चीनी मीलों पर आज भी करोड़ों रुपये का गन्ना भुगतान बांकी है। धरना प्रदर्शन हो चुका है अभी तक किसानों को पैसा नहीं मिला है शीघ्र भुगतान किया जाये। किसानों के सामने छुट्टा जानवरों की समस्या बनी हुई है। उससे निराकरण किया जाये। एमएसपी गारंटी कानून बनाने में केंद्र सरकार पहल करें। फसलों की बुआई तथा उर्वरक केंद्रों पर पूर्ण मात्रा में उपलब्ध करायी जाये। भूमि अधिग्रहण नीति के तहत किसानों को अनुकूल बनाया जाये। लखीमपुर काण्ड के दोषियों को सजा दी जाये। प्रदेश में सूखे व बाढ़ की चपेट में आये जनपदों के किसानों को तत्काल मुआवजा दिया जाये। प्रदेश सरकार बीज कम्पनियों को बीज उपलब्ध कराने व बाहरी देश की कम्पनियों से शीघ्र समझौता किया जाये आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अरविन्द राजपूत, प्रभाकांत मिश्रा, लक्ष्मीशंकर जोशी, मुकेश शर्मा, राजीव, रजनी तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# नववर्ष की बधाई के साथ पत्रकारों को किया गया सम्मानित

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज


कार्यक्रम के दौरान मौजूद पत्रकार समृद्धि न्यूज

**विश्व हिंदू** महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व समाजसेवी श्याम बिहारी अवस्थी निवासी बलीपट्टी रानीगांव के द्वारा अमृतपुर कस्बा में स्थापित एक ढाबा पर समस्त क्षेत्रीय पत्रकारों को आमंत्रित कर भुने हुए आलू खिलाकर नव वर्ष की बधाई के साथ शाल उढ़ाकर सम्मानित किया। श्याम बिहारी अवस्थी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का एक ऐसा स्तंभ है जो हमारे समाज के ऊपर हो रही कुरीतियों से समाज को बचाता है, जहां भी समाज के साथ अन्याय हो रहा होता है, वहां पत्रकार अपने जान की परवाह न करते हुए समाज के साथ खड़े होते हैं व अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हैं। इस अवसर पर पत्रकार पुष्पेंद्र भदौरिया, डॉ0 रामऔतार शर्मा, प्रताप सिंह यादव, विमल पाठक, डॉ0 पीडी शुक्ला, प्रशांत अवस्थी, बृजकांत दीक्षित, निशांत अवस्थी, गोपाल प्रकाश सक्सेना, राममुरारी शुक्ला, अनुज प्रताप सिंह, सर्वजीत सिंह, रामू राजपूत, अनिल अग्निहोत्री, ओमप्रकाश अग्निहोत्री, श्याम मोहन मिश्रा, रोहित अवस्थी, अजय चतुर्वेदी, सुमित अवस्थी, रोशन अवस्थी सचिन अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

# छात्राओं ने गुलदस्ता सजाओ प्रतियोगिता में लिया भाग

▸ दृष्टि वर्मा रही प्रथम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



गुलदस्ता सजाती प्रतिभागी छात्रायें

**युवा महोत्सव** समिति के तत्वाधान में चल रही प्रतियोगिताओं के दौर में शुक्रवार को समिति के सभागार में गुलदस्ता सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्राकृतिक और कृत्रिम फूलों से गुलदस्तेदान को सजाया गया। आकर्षित फूलों से गुलदस्ता में विधिधता में एकता दिखायी दी। युवाओं ने बताया कि गुलदस्ता सजावट का अहम हिस्सा है। हर घर में किसी न किसी तरह के गुलदस्ते देखे जा सकते है। हर कार्यालय व घरों में मेजों पर गुलदस्ता सजा देखा जा सकता है। सजावट से मन को शांति मिलती है। प्राकृतिक पुष्पों के गुलदस्ते अच्छे होते है। उनमें अच्छी ऊर्जा का संरक्षण होता है। गुलदस्तों में लाइट की भी व्यवस्था की गई। जाहन्वी ने बताया कि वास्तु शास्त्र के अनुसार कृत्रिम फूलों को नहीं रखना चाहिए। घर में रखे हुए पेंट के डिब्बे से आकर्षण गुलदस्ता बनाया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दृष्टि वर्मा, द्वितीय स्थान पर जाहन्वी वर्मा, ईशू बाथम, ललिता कुशवाहा रही। तृतीय स्थान पर भक्ति सक्सेना, अक्षरा कश्यप, गौरी कुशवाहा रही। प्रतियोगिता में कृष्णकांत अक्षर, सच्चिदानंद मिश्रा, सुनील सक्सेना ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई। इस मौके पर अध्यक्ष डा0 संदीप शर्मा ने सभी को धन्यवाद दिया।

## सपा की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय आवास विकास पर जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे सम्पन्न होगी। जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी विवेक यादव ने बताया कि पार्टी के सभी पदाधिकारी, फ्रंटल संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को बैठक में आमंत्रित किया गया है।

## जनता की समस्यायें सुनने के लिए सपा का कैम्प आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को महानगर समाजवादी पार्टी की जनता की समस्याओं को सुनने के लिए महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के नेतृत्व में नवाब न्यायमत खां पश्चिम में कैम्प लगाकर समस्यायें सुनी जायेगी। जिसके प्रभारी रवि बाल्मीकि है। यह जानकारी महानगर अध्यक्ष राघवदत्त मिश्रा ने दी है।

# 95वीं बार रक्तदान कर राजीव गोयल बने प्रेरणा श्रोत



लोहिया अस्पताल में रक्तदान करते भाविप के सदस्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत विकास परिषद पांचाल शाखा के रक्तदान शिविर में सदस्य इंजीनियर राजीव गोयल ने 95वीं बार रक्तदान कर प्रेरणा श्रोत बने। उनके सानिध्य में पांचाल शाखा संरक्षक कन्हैया लाल जैन की पुत्री आयुषी जैन ने सातवीं बार व प्रांजली जैन ने चौथी बार, आकाश जैन ने तीसरी बार रक्तदान किया। डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में शाखाध्यक्ष आलोक गुप्ता व संजीव बाथम, गिरीश ने उत्साहवर्धन किया और कहा कि रक्तदान महादान है।

# शिक्षकों ने स्व. ओमप्रकाश शर्मा की मनायी जयंती


ओमप्रकाश शर्मा की जयंती मनाते शिक्षक समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष स्व0 ओमप्रकाश शर्मा की जयंती शिक्षक संघ ने विभिन्न विद्यालयों में मनायी। शहर के रस्तोगी इंटर कालेज, क्रिश्चियन इंटर कालेज, विजय सोमभदंत इंटर कालेज, राजेन्द्र नगर इंटर कालेज, पुरषोत्तम इंटर कालेज में शिक्षकों ने ओमप्रकाश शर्मा के चित्र पर उन्हें याद किया। जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे ने उनकी जयंती पर विचार रखे और कहा कि शिक्षकों के हितों के लिए पूरे जीवन भर संघर्ष किया और न्याय की लड़ाई लड़ी। इस मौके पर नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, संतोष दुबे, सतेन्द्र सिंह, अवधेश प्रभु खोजी आदि लोग मौजूद रहे। जनपद के लगभग दो दर्जन से ज्यादा विद्यालयों में उनकी जयंती मनायी गई।

# वरिष्ठ अधिवक्ता की सम्पत्ति कब्जा करने का प्रयास कर रहे है रोमिल, सोमिल

▸ मिल रही धमकियों के संदर्भ में भवन स्वामी ने उच्चाधिकारियों को भी करा चुके है अवगत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गैर कानूनी तरीके से प्रतिबंधित दावों की बिक्री करने वाले रोमिल, सोमिल अग्रवाल पर पहले से ही मारपीट व दलित उत्पीड़न का एक मुकदमा चल रहा है। अपने मालिक की जगह कब्जाने व संपत्ति हड़पने का प्रयासरत है यह भी मामला सामने आया है।

कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के निकट मिलिट्री चौराहा एक बैंक के पास स्थित रोमिल, सोमिल अग्रवाल के मेडिलक स्टोर पर बीते दिनों नगर मजिस्ट्रेट ने छापा मारा था। किसी प्रकार का कोई कागज न दिखाने पर इस संदर्भ में नगर मजिस्ट्रेट ने औषधि निरीक्षक को कार्यवाही करने के लिए कहा। जिसके बाद दो दिन पूर्व औषधि निरीक्षक ने छापा मारकर प्रतिबंधित दवाएं पकड़ी। इस दौरान लाइसेंस मांगने पर दवा की बिक्री करने वाले रोमिल, सोमिल लाइसेंस नहीं दिखा सके। जिस पर पूर्ण रूप से दवा की बिक्री पर प्रतिबंध लगाते हुए औषधि विभाग ने विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है। बताते चलें जिसमें दुकान की है वह जगह ऋषिराज की है, वह उच्च न्यायालय लखनऊ वर्तमान समय में राज्य विधि अधिकारी के पद पर कार्यरत है। उनसे कृष्ण कुमार अग्रवाल ने किराए के रूप में दुकान ली थी। उनकी संपत्ति हड़पने के नियत से पूर्व में उनके पुत्र रोमिल, सोमिल अग्रवाल ने उनके नौकर दीपू कनौजिया के साथ 29 सितंबर 2022 को मारपीट की व जाति सूचक गालियां देकर अपमानित किया था। जिसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। दबंग दुकानदार ने इतना ही नहीं भवन स्वामी ऋषिराज के बहनोई मधुकर सक्सेना को भी मोबाइल फोन पर धमकी दी थी। सूत्रों की माने तो दबंग दुकानदार ऋषिराज को किसी न किसी फर्जी मुकदमे में फंसाकर सम्पत्ति हड़प लेने की सामने आयी है। दबाव बनाने के उद्देश्य से दीपू कनौजिया के खिलाफ झूठा प्रार्थना पत्र दिया था, जिसे मुख्य नायक मजिस्ट्रेट द्वारा खारिज कर दिया गया और रिवीजन भी न्यायालय ने निरस्त कर दी थी। सम्पत्ति पर बुरी नजर रखने वाले किराएदार कृष्ण कुमार अग्रवाल को बेदखली के लिए ऋषिराज द्वारा मुकदमा दायर किया गया, जो विचाराधीन है। भवन स्वामी ऋषिराज को बार-बार मिल रही धमकियों के संदर्भ में पुलिस अधीक्षक को 19 सितंबर 2023 को लिखित प्रार्थना पत्र लेकर अवगत कराया कि कृष्ण कुमार अग्रवाल उनके विरुद्ध साजिश रचकर झूठा मुकदमा लगाकर फंसा सकते हैं। ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा की गई कार्रवाई से पूर्व में भी सितंबर में भी छापा पड़ा था, तब भी कई अमितितायें पाई गई थी।

# फिट इंडिया टीचर्स क्रिकेट प्रीमियर लीग में राजेपुर वारियर्स ने दर्ज की जीत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



ट्राफी प्राप्त करते विजेता खिलाड़ी समृद्धि न्यूज

**राजेपुर वारियर्स** बनाम कायमगंज किंग्स 11 के बीच में खेला गया। जिसमें राजेपुर वारियर्स टीम के कप्तान ललित यादव ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजेपुर वारियर्स की शुरुआत अच्छी रही। बल्लेबाजी करने उतरे जितेन्द्र प्रताप सिंह ने 52 गेंदों में 114 रन की पारी खेली और भानू प्रताप सिंह 22 गेंदों में 47 रन और अरुण यादव ने 05 गेंदों में 22 रन की पारी खेली और टीम का स्कोर 16 ओवर में 03 विकेट खोकर 227 रन बनाए और कायमगंज किंग्स 11 को 228 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में कायमगंज किंग्स 11 टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई। कायमगंज किंग्स 11 के कप्तान 18 में 30 रन बनाए। जिससे कायमगंज किंग्स 11 का स्कोर 10.5 ओवर में 73 रन पर आलआउट हो गयी। राजेपुर वारियर्स की तरफ से बोलिंग में विमलेश कुमार ने 3.5 ओवर में 10 रन देकर 04 विकेट लिए और कायमगंज किंग्स 11 की टीम इस मैच को 154 रन से हार गयी। इस मैच का मैन ऑफ दा मैच जितेंद्र प्रताप सिंह को पुरस्कार दिया गया। वहीं दूसरा मैच नवाबगंज इंडियंस बनाम फर्रुखाबाद बेसिक 11 के बीच खेला गया। जिसमे नवाबगंज इंडियंस के कप्तान नरेन्द्र राजपूत ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी फर्रुखाबाद बेसिक 11 की शुरुआत अच्छी नहीं हुई, लेकिन बल्लेबाज पुष्कर मिश्रा ने 21 गेंदों में 21 और सचिन यादव ने 20 गेंदों में 33 रन बनाए। जिससे टीम का स्कोर 16 ओवर में 06 विकेट के नुकसान पर 111 रन बनाए और नवाबगंज इंडियंस को 112 रन बनाने का लक्ष्य दिया। नवाबगंज इंडियंस के बल्लेबाज सुबोध कुमार ने 33 गेंदों में 54 रन बनाए। नवाबगंज इंडियंस ने 12.3 ओवर में 02 विकेट खोकर मैच जीत लिया। मैच का मैन ऑफदा मैच का पुरस्कार सुबोध कुमार को दिया गया। मैच के दौरान कमेठी के सदस्य संजीव कटियार (अध्यक्ष पिजहूं), कुलदीप यादव (सचिव पिजहूं), विमलेश कुमार (जिला क्रिकेट प्रभारी पिजहूं), गुरमीत सिंह, शिवम, विपिन, अरुण यादव (ब्लॉक व्यायाम शिक्षक राजेपुर), सुमित, रविखरे, सचिन यादव, विकाश सोलंकी, देवेन्द्र, राजू कनौजिया, योगेश राणा, प्रियांक तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## जनपद का पांचाल नगर नामकरण करने की सदर विधायक ने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सदर विधायक मेजर सुनील द्विवेदी ने मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन प्रमुख सचिव को सौंपकर मांग की है कि महाभारत काल में फर्रुखाबाद पांचाल प्रदेश का अंग था। जिसका नाम कालांतर में फर्रुखाबाद पड़ा। अतः इसका नामकरण पांचाल नगर किया जाये। साथ ही मां गंगा के तट पर पांचाल घाट पर प्रतिदिन विशिष्ट जन स्नान करने आते है। लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन स्नान करते है। ऐसे में हरिद्वार हर की पौड़ी की तर्ज पर पांचाल घाट का सौंदर्यीकरण कराया जाये। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले माघ मेला श्री राम नगरिया एवं विकास प्रदर्शनी पांचाल घाट पर लाखों लोग आते है। ऐसे में सरकारी मान्यता प्रदान की जाये, आदि मांगों को लेकर पत्र सौंपा।

# खबरें एक नजर में

## तदर्थ शिक्षकों की सेवा समाप्ति व ओपीएस बहाल करने की शिक्षकों ने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महावीर इंटर कालेज नगला खैरबंद में शिक्षक एवं कर्मचारी ने तदर्थ शिक्षकों की सेवा समाप्ति को वापस लेने व एनपीएस को समाप्त कर ओपीएस को लागू करने तथा राज्य कर्मचारियों एवं शिक्षकों की भांति कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने के लिए अनवरत संघर्ष करने का संकल्प लिया। सभी ने इस त्याग को हाथ उठाकर प्रतिज्ञा ली। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य, फूल सिंह शाक्य सहित दो दर्जन शिक्षक मौजूद रहे। वहीं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशीय नेतृत्व के आवाह्न पर कई विद्यालयों में शिक्षक-शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने संघर्ष के बारे में चर्चा की और संकल्प दिवस मनाया। मण्डलीय अध्यक्ष महिपाल सिंह, जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य ने संगठन के पुराने आंदोलनों के बारे में चर्चा की और कहा कि शिक्षकों की संख्या 8 थी, जिसमें चार अध्यापक पहले दिन आंदोलन में जेल गये और 17 दिन बाद वापस आये। संगठन इन संघर्षों में उनके साथ है।

## प्रधानाचार्य परिषद ने डा. यज्ञदत्त शर्मा को दी श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रधानाचार्य परिषद के प्रधान संरक्षक डा0 यज्ञदत्त शर्मा का बीते दिन आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर एनएकेपी बालिका इंटर कालेज लोहाई रोड पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। पूर्व प्रधानाचार्य वीरेन्द्र मिश्रा ने कहा कि इलाहाबाद व झांसी क्षेत्र के पूर्व एमएलए एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रधानाचार्य परिषद के संस्थापक पुरोधा थे। डा0 यज्ञदत्त शर्मा संत प्रवृत्ति और कल्याणकारी थे। महान व्यक्तित्व को श्रद्धांजलि सभा में याद किया गया। उनका जाना शिक्षा जगत की अपूर्ण क्षति बताया गया। इस मौके पर डा0 मिथलेश अग्रवाल, प्रधानाचार्य इंदू मिश्रा, अनिल सिंह, डा0 बृजभूषण सिंह, धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी, डा0 संदीप चतुर्वेदी, महेन्द्र वर्मा, राघवेन्द्र मिश्रा, अजय पाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## डा. यज्ञदत्त शर्मा शिक्षकों के लिए थे प्रेरणा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा, महामंत्री प्रेमपाल सिंह ने भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में आपात बैठक कर प्रधानाचार्य परिषद के प्रेरणा श्रोत डा0 यज्ञदत्त शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डा0 यज्ञदत्त शर्मा प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक थे। इलाहाबाद स्नातक क्षेत्र से निर्वाचित हुए। उन्होंने शिक्षकों की समस्यायें सरकार के समक्ष रखी और उनका निराकरण कराया। उनके निधन पर शिक्षा जगत को क्षति हुई है। सभी ने श्रद्धांजलि सभा में उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष दिनेश चद्र वर्मा, प्रेमपाल सिंह, शिवओम दुबे, करुणेन्द्र सिंह, डा0 ओमपाल सिंह, अवधेश यादव, प्रमोच चन्द्र गंगवार, राघवेन्द्र सिंह यादव, बलविन्दर सिंह, सत्यप्रकाश, वेदराम वर्मा, शिवपाल सिंह यादव, राकेशचन्द्र, रजिन्द्र सिंह, सुनील कुमार दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

## बाबूजी कल्याण सिंह जनप्रिय नेता थेः विकास राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लोकप्रिय जननेता तथा राम मंदिर आंदोलन में अतुलनीय योगदान देने वाले उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह बाबूजी की प्रतिमा पर युवा नेता एवं समाजसेवी विकास राजपूत ने लखनऊ पहुंचकर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग कल्याण सिंह को प्यार से बाबूजी पुकारते थे और उन्हें 26 अगस्त 2014 को राजस्थान का राज्यपाल नियुक्त किया गया। उन्हें प्रखर राष्ट्रवादी राजनेता के रूप में जाना जाता था। वह दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। विवादित बाबरी मस्जिद विध्वंस होने के समय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ही थे। साथ ही उन्होंने अयोध्या में मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन के लिए मजबूत समर्थन भी व्यक्त किया था। उन्हें वर्ष 2022 में भारत का दूसरा सर्वोच्च पुरस्कार पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया है।

## मेला रामनगरिया परिसर तम्बाकू निषेध क्षेत्र घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियांवन के लिए पांचाल घाट क्षेत्र में आयोजित होने वाले माघ मेला श्रीराम नगरिया में कोटापा अधिनियम 2003 के उल्लंघन पर सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जायेगी। 25 जनवरी से 25 फरवरी तक मेला रामनगरिया परिसर को तम्बाकू निषेध क्षेत्र घोषित किया गया है। जिलाधिकारी ने पत्र घोषित कर क्षेत्र को निषेध घोषित किया है।

## व्यापार मण्डल के जिला उपाध्यक्ष बने शिवम त्रिपाठी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी ने शिवम त्रिपाठी उर्फ रंजन निवासी कृष्णा नगर कालोनी कादरीगेट को जिला उपाध्यक्ष मनोनित किया है। सह महामंत्री प्रमोद गुप्ता व जिला चेयरमैन सर्वेश अग्रवाल एवं युवा जिलाध्यक्ष राहुल वंशल ने शिवम त्रिपाठी को पदाधिकारी बनने पर बधाई दी है।

# लोधी जागृति मंच ने मनायी पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


कल्याण सिंह की केक काटकर जयंती मनाते लोधी जागृति मंच के लोग

**लोधी जागृति मंच** ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 कल्याण सिंह की केक काटकर जयंती मनायी। लोधी जागृति मंच के जिलाध्यक्ष मनोज राजपूत के निवास पर पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के चित्र पर तिलक लगाकर माल्यार्पण किया गया और केक काटकर उनकी जयंती मनायी गई। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि नमामि गंगे कानपुर क्षेत्र के सह संयोजक धीरेन्द्र वर्मा ने विचार रखे और उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि स्व0 कल्याण सिंह ने राममंदिर बनने के लिए पूरा प्रयास किया। आज उनका सपना साकार हो रहा है। कार्यक्रम में अजय राजपूत, विश्वनाथ राजपूत, नरोत्तम राजपूत, कैलाश राजपूत, आरसी राजपूत, कौशल राजपूत ने विचार रखे। इस अवसर पर उधन सिंह राजपूत, प्रदीप राजपूत, राजू राजपूत, जवाहर लाल राजपूत, अजय पाल सिंह, राहुल राजपूत, अंकुर राजपूत, रवि वर्मा, विनोद वर्मा, आकाश राजपूत, जितेन्द्र शाक्य, रामऔतार राजपूत, देवेन्द्र राजपूत, आदेश राजपूत, राघवेन्द्र राजपूत आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह की जयंती पर बांटे गये कम्बल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



कल्याण सिंह की जयंती पर कम्बल वितरित करते शिव महेश दुबे व रूपेश गुप्ता

**शुक्रवार को** आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह की जयंती एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी का जन्मदिन मनाया गया। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित प्रबुद्ध जन संगोष्ठी एवं कंबल वितरण का कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे रहे। शिव महेश दुबे ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की 92वीं जयंती है, पूरा देश उनका राम मंदिर निर्माण आंदोलन के नायक के रूप में जानता है। एक इंटर कॉलेज के शिक्षक के रूप से उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री व राज्यपाल बनने तक का सफर किया। वह पार्टी की एक जुझारू और संघर्षील कार्यकर्ता थे। उनका सारा जीवन पार्टी और प्रदेश की सेवा के लिए समर्पित रहा। राम मंदिर आंदोलन में बाबरी ढांचा गिरने के बाद राम भक्त कार सेवकों पर कार्यवाही करने के सवाल पर उन्होंने अपने पद का त्याग करना उचित समझा, राम भक्तों की रक्षा करने के लिए उन्होंने अपने मुख्यमंत्री के पद का त्याग करते हुए बहुमत की सत्ता का बलिदान कर दिया। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 मुरली मनोहर जोशी जनसंघ भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक है। जिन्होंने छोटे से कार्यकर्ता के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की और जनसंघ व भाजपा के कई बड़े आंदोलन में मुख्य भूमिका निभाकर पार्टी को शीर्ष पर पहुंचाने में कार्य किया। रूपेश गुप्ता ने कहा कल्याण सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में पहली बार बीजेपी की बहुमत की सरकार बनी थी। उनके नेतृत्व की सरकार ने प्रदेश में सुशासन की नींव रखी थी जहां पर हर वर्ग के लिए न्याय की उचित व्यवस्था थी। लोधी महासभा के प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने पिछड़े समाज के उत्थान के लिए कार्य किया। संगोष्ठी का संचालन धर्मेंद्र राजपूत ने किया। पूर्व जिलाध्यक्ष डा0 भूदेव राजपूत, संदीप शाक्य, हिमांशु गुप्ता आदि ने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर, फतेहचंद वर्मा, डीएस राठौर, संजीव गुप्ता, गोपाल राठौर, रश्मि दुबे, शिवांग रस्तोगी, अमरदीप दीक्षित, प्रदीप सिंह, ऋषिपाल सिंह, कृष्ण मुरारी राजपूत आदि मौजूद रहे।

# ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट रैंकिंग में भारत को पछाड़ा, टॉप पर हुई काबिज

**केपटाउन, एजेंसी।**

सात विकेट की जीत से दक्षिण अफ्रीका से दो मैचों की सीरीज ड्रा कराने के बावजूद भारत को शुक्रवार को जारी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया ने शीर्ष स्थान से हटा दिया। आस्ट्रेलिया ने अपनी सरजमीं पर चल रही तीन मैच की सीरीज में पाकिस्तान पर 2-0 की अजेय बढ़त बनायी हुई है जिसकी मदद से टीम रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंचने में सफल रही। सीरीज का तीसरा मैच सिडनी में खेला जा रहा है।




अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, ''ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर चल रही सीरीज में शानदार प्रदर्शन ने एक बार फिर नंबर एक टेस्ट टीम बनने में मदद की। पिछली बार ऑस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी फाइनल की जीत के बाद थोड़े समय के लिये शीर्ष पर रहा था।'' रैंकिंग में पिछले अपडेट में भारत के पास ऑस्ट्रेलिया के साथ 118 रेटिंग अंक बराबर होने के बावजूद ज्यादा अंक थे। लेकिन दक्षिण अफ्रीका से दो मैच की सीरीज 1-1 से बराबर रहने के कारण भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से पिछड़ गयी। आईसीसी ने कहा, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर होने और आस्ट्रेलिया के पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच में जीत से पैट कमिंस की टीम टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गयी। विज्ञप्ति के अनुसार, यह आस्ट्रेलिया के लिए साल की ताजा उपलब्धि है, उसने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में जीत हासिल की थी। भारत हालांकि न्यूलैंड्स में जीत के बाद चार टेस्ट में 54.16 प्रतिशत अंक के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर है। इन चार टेस्ट में दो जीत, एक हार और एक ड्रा शामिल है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में दक्षिण अफ्रीका दूसरे, न्यूजीलैंड तीसरे और आस्ट्रेलिया चौथे स्थान पर है। प्रत्येक टीम के 50 प्रतिशत अंक हैं। आईसीसी ने साथ ही कहा, ऑस्ट्रेलियाऔर पाकिस्तान के बीच चल रहा तीसरा टेस्ट तथा भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला से टेस्ट टीम रैंकिंग में और बदलाव होगा जिसमें महत्वपूर्ण आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक और शीर्ष स्थान भी शामिल हैं।

हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर

# करो या मरो टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए भारत तैयार




**रांची, एजेंसी।**

एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के शुरू होने में केवल एक सप्ताह बचा है, हॉकी प्रशंसकों के बीच उत्साह काफी बढ़ गया है क्योंकि टीमें पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 के लिए स्थान बुक करने के लिए शीर्ष 3 स्थान बनाने की होड़ में हैं। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही टीमों में मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी, पूर्व एशियाई खेलों के चैंपियन जापान, चिली और चेक गणराज्य को पूल ए में रखा गया है, जबकि मेजबान भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका, न्यूजीलैंड और इटली के साथ पूल बी में रखा गया है।

मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ स्थल गतिविधियों से भरा हुआ है, जिसमें भाग लेने वाली टीमें शहर में आ रही हैं और उस मैदान पर अपनी क्षमता का परीक्षण कर रही हैं, जिसने हाल ही में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी, जहां सविता के नेतृत्व वाले भारत ने खिताब जीता था।

## खबरें एक नजर में

### रामसर को भेजा उदयपुर को वेटलैंड सिटी घोषित करने का प्रस्ताव

**उदयपुर।** केन्द्र सरकार ने पहले वेटलैंड सिटी एक्रिडिटेशन के लिए राजस्थान के उदयपुर, मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल और इंदौर शहर का नाम शामिल किया है। केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने इन तीनों शहरों को वेटलैंड घोषित करने का प्रस्ताव स्विट्जरलैंड रामसर संस्था को भेजा है। इन शहरों को आर्द्रभूमि (वेटलैंड) वाले शहर का टैग वाले इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल सकती है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने एक्स अकाउंट पर यह जानकारी दी। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि देश के पहले तीन शहरों इंदौर, भोपाल और उदयपुर को रामसर साइट के नामांकन के लिए पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लक्ष्य शहरी क्षेत्र से सटे आर्द्रभूमि के संरक्षण और उचित उपयोग के साथ स्थानीय आबादी के लिए सामाजिक-आर्थिक लाभ को बढ़ावा देना है।उदयपुर से जुड़े प्रस्ताव की बात करें तो गत 9 अक्टूबर 2023 को उदयपुर की जिला पर्यावरण समिति की बैठक में उदयपुर को वेटलैंड सिटी बनाने का प्रस्ताव अनुमोदित किया था। समिति अध्यक्ष जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में उदयपुर शहर को वेटलैण्ड सिटी घोषित कराने के प्रस्ताव पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया था।

### जल जीवन मिशन ने 14 करोड़ ग्रामीण घरों में नल कनेक्शन लगाने की उपलब्धि हासिल की

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने जल जीवन मिशन के तहत देश में 14 करोड़ (72.71 प्रतिशत ) ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान करने का महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार कर लिया है। केवल चार वर्षों में ग्रामीण नल कनेक्शन 3 करोड़ से बढ़कर 14 करोड़ हो गया है। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार जल जीवन मिशन ने गोवा, तेलंगाना , हरियाणा , गुजरात , पंजाब, हिमाचल प्रदेश और तीन केंद्र शासित प्रदेशों पुडुचेरी, डी एंड डी एंड एनएच और ए एंड एन द्वीप समूह ने शत प्रतिशत कनेक्शन के आंकड़े तक पहुंच गया। इसी तरह से मिजोरम में 8.68 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में 98.48 प्रतिशत और बिहार में 96.42 प्रतिशत नल जल कनेक्शन देने का कार्य पूरा हो चुका है। इसके साथ 2 लाख से ज्यादा गांव और 161 जिले अब हर घर जल पहुंच गया है । घरेलू कनेक्शन के अलावा जल जीवन मिशन ने देश भर में 9.24 लाख (0.65 प्रतिशत ) स्कूलों और .57 लाख (86.63 प्रतिशत ) आंगनवाड़ी केंद्रों में नल के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की है। 112 आकांक्षी जिलों में नल के पानी की पहुंच लांच के समय 21.41 लाख (7.86 प्रतिशत ) घरों से बढ़कर आज 1.6 करोड़ (72.08 प्रतिशत ) घरों तक पहुंच गई है । 5.29 लाख से अधिक ग्राम जल और स्वच्छता समितियां व पानी समितियां बनाई गई हैं।

### अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप की भागीदारी बढ़े : सोमनाथ

**हैदराबाद।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष सोमनाथ ने शुक्रवार को कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में स्टार्टअप और उद्योगों की भागीदारी और अधिक बढ़ायी जानी चाहिए। श्री सोमनाथ ने शुक्रवार को यहां जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेएनटीयू) के 12वें दीक्षांत समारोह में मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए औद्योगिक विकास और विरासत में हैदराबाद की अग्रणी स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने देश की प्रतिष्ठा में चंद्रयान-3 के योगदान को गर्व से स्वीकार किया तथा असफलताओं पर काबू पाने और तीन परियोजनाओं में सफलता हासिल करने के महत्व पर जोर दिया। इसरो अध्यक्ष ने स्वयं के अनुभवों पर विचार करते हुए अपने पूरे करियर में रॉकेट डिजाइन में गलतियां करने की बात स्वीकार की और उन असफलताओं को भविष्य की जीत के लिए मूल्यवान सबक के रूप में रेखांकित किया। श्री सोमनाथ ने विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग के संबंध में जेएनटीयू के कुलपति के साथ चर्चा का खुलासा किया, जिसमें कम लागत पर परियोजनाएं शुरू करने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया।

# सुएज इंडिया ने एशिया के सबसे बड़े एसटीपी का कराया भ्रमण

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



राजधानी के सीवेज मैनेजमेंट के लिए उत्तरदायी संस्था सुएज इंडिया ने लखनऊ में एशिया के सबसे बड़े सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) भरवारा का 60 मास्टर ट्रेनर्स को भ्रमण कराया। यह भ्रमण स्वच्छता कर्मियों के तीन दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का हिस्सा था। इस ट्रेनिंग में 60 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण के अंतिम दिन, 5 जनवरी को सुबह 10:00 बजे, इन मास्टर ट्रेनर्स ने लखनऊ में 345 एमएलडी भरवारा एसटीपी का दौरा किया इस अवसर पर सुएज इंडिया के परियोजना निदेशक राजेश मठपाल ने प्रशिक्षण शिविर के सकुशल समापन पर हर्ष जताते हुए कहा, सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास एवं उनकी स्वच्छता व्यवस्था पर किया जा रहा बहुमूल्य प्रयास काफी सराहनीय है जिसकी जितनी भी तारीफ की जाएं कम है।

स्वच्छता कार्यों में शामिल श्रमिकों की सुरक्षा और सम्मान में वृद्धि के उद्देश्य से मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित करने के लिए यूनिसेफ के सहयोग से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। 3 जनवरी से 5 जनवरी तक आयोजित प्रशिक्षण में लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर, चित्रकूट, झाँसी और अयोध्या जिलों के 60 मास्टर ट्रेनर्स ने भाग लिया।

# तेलुगु का लक्ष्य चेन्नई क्विक गन्स की अजेय लय को तोड़ना

**कटक, एजेंसी।**




शुक्रवार शाम यहां खेले जाने वाले अल्टीमेट खो-खो सीजन 2 के 21वें मैच में जीएमआर समूह के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी तेलुगु योद्धास का मुकाबला टेबल टॉपर्स चेन्नई क्विक गन्स से जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में होगा। तेलुगु योद्धास, जो वर्तमान में 15 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर हैं। योद्धास, क्विक गन्स से आगे निकल सकते हैं। जो वर्तमान में जीत के साथ 16 अंकों के साथ पहले स्थान पर हैं। क्विक गन्स ने क्रिसमस के दिन रिवर्स मैच में योद्धास पर 38-32 की जीत हासिल की थी। योद्धास लगातार तीन जीत के साथ सकारात्मक परिणाम लेकर आगे बढ़ना चाहेगी। तेलुगू योद्धास ने अपने आखिरी मुकाबले में मुंबई खिलाड़ीस के खिलाफ 40-22 से शानदार जीत दर्ज की थी, जबकि सीजन में अजेय रही चेन्नई क्विक गन्स ने ओडिशा जगरनॉट्स के खिलाफ अपना पिछला मैच 30-30 से बराबर किया था। मैच से पहले, तेलुगु के कप्तान प्रतीक वाइकर ने कहा, हम जीत की लय जारी रखना के साथ आकर्षक खो-खो खेलना चाहते हैं।

हम चेन्नई का सामना करते समय पिछले परिणामों के बारे में सोच रहे हैं क्योंकि हर मैच एक नई चुनौती है। हम प्रत्येक मैच को एक समय पर लेते हैं। हम अपने खेल को लेकर आश्वस्त हैं और हमें सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद है। योद्धास वर्तमान में टीम टोटल पॉइंट्स (243) और टीम अटैकिंग पॉइंट्स (218) में लीग का नेतृत्व करते हुए एक प्रमुख शक्ति के रूप में अपनी स्थिति सुरक्षित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, वे 96 अंकों के साथ टीम टच पॉइंट चार्ट में दूसरे स्थान पर हैं। मैट पर उल्लेखनीय निरंतरता का प्रदर्शन करते हुए, कप्तान प्रतीक वाइकर न केवल 42 अंकों के साथ टॉप वजीर तालिका में शीर्ष पर हैं, बल्कि आठ डाइव के साथ पोल डाइव्स चार्ट में भी शीर्ष पर हैं। लीग में उभरती प्रतिभाओं में से 20 वर्षीय डिफेंडर आदित्य गणपुले महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहे हैं। खेले गए सात मैचों में से चार सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर ऑफ द मैच पुरस्कारों के साथ, वह अपने कलाबाजी और फुर्तीले कौशल में सफल रहे हैं।

# गौतम नवलखा को नहीं मिली राहत

**मुंबई,एजेंसी।** जमानत पर रोक बरकरार सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बॉम्बे हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक बढ़ा दी, जिसमें राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अनुरोध के बाद भीमा-कोरेगांव हिंसा मामले में कार्यकर्ता गौतम नवलखा को जमानत दी गई थी। अदालत ने एजेंसी की अपील को भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के पास भेज दिया, जब उसे बताया गया कि एल्गार परिषद-माओवादी लिंक मामले में अन्य आरोपियों के समान जमानत मामले शीर्ष अदालत की अन्य पीठों के समक्ष लंबित हैं। एनआईए ने बॉम्बे हाईकोर्ट के 19 दिसंबर के आदेश को चुनौती देते हुए अपील की थी, जिसमें 72 वर्षीय कार्यकर्ता को जमानत दी गई थी। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश को तीन सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया था ताकि एनआईए शीर्ष अदालत में अपील दायर कर सके, जो 9 जनवरी को समाप्त होने वाली थी।

# नौ माह में यूपी पहुंचे 32 करोड़ से अधिक पर्यटक

**लखनऊ।** वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश आने वाले पर्यटकों की संख्या जहां 31.85 करोड़ थी। वहीं, 2023 के शुरुआती नौ महीने में ही 32 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने यूपी को एक्सप्लोर किया है। इसमें बड़ी संख्या विदेशी पर्यटकों की भी है। प्रदेश में सर्वाधिक पर्यटकों ने काशी का रुख किया, जबकि प्रयागराज और अयोध्या आने वाले सैलानियों की संख्या भी करोड़ों में रही।नौ माह में काशी पहुंचे 8.42 करोड़ सैलानीउत्तर प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि साल 2023 कई मायने में यूपी के लिए नये कीर्तिमान स्थापित करने वाला साल रहा। जहां एक ओर केंद्र और प्रदेश की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं में यूपी प्रथम पायदान पर रहा तो वहीं पर्यटन का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। साल 2023 में जनवरी से लेकर सितम्बर तक उत्तर प्रदेश आने वाले देसी सैलानियों की संख्या 31 करोड़, 91लाख, 95 हजार,206 रही।

# एनसीसी कैडेट देश के युवाओं के लिए रोल मॉडलः उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मकता की ओर मोड़कर युवा विकास और राष्ट्रीय प्रगति के एक नए युग की शुरुआत करने के लिए एनसीसी की सराहना की। उपराष्ट्रपति ने एनसीसी कैडेटों को भारत के उत्थान में महत्वपूर्ण हितधारक बताते हुए कहा कि वे देश के युवाओं के लिए रोल मॉडल हैं। धनखड़ ने शुक्रवार को नई दिल्ली में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर-2024 के उद्घाटन के दौरान सभा को संबोधित करते हुए एनसीसी कैडेट के रूप में अपने दिनों को याद करते हुए कहा कि कैडेट भावना शाश्वत और स्थायी है। उपराष्ट्रपति ने कैडेटों से गरिमा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का आग्रह करते हुए 2047 तक भारत को वास्तव में विकसित राष्ट्र और विश्व नेता बनाने के लिए उत्साह, वीरता और समर्पण के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। पिछले साल एनसीसी कैडेटों को दी गई सलाह को याद करते हुए धनखड़ स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल लेनदेन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के योगदान में उनकी प्रभावशाली भागीदारी को देखकर प्रसन्न थे।



आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक नेशनल चैम्पियनशिप

# दीपा, प्रणति, राकेश व गौरव का शानदार प्रदर्शन, जीते पदक

**भुवनेश्वर, एजेंसी।**



सीनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक नेशनल चैंपियनशिप का समापन गुरुवार को देश भर के शीर्ष जिमनास्टों के शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ।

रेलवे की प्रणति दास के लिए राष्ट्रीय चैंपियनशिप का तीसरा दिन यादगार रहा क्योंकि उन्होंने ऑलअराउंड महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर रहने के अलावा डबल गोल्ड अनइवन बार्स और फ्लोर एक्सरसाइज जीता। उनकी टीम साथी प्रणति नायक ने वॉल्ट में स्वर्ण और बैलेंस बीम में कांस्य पदक जीतकर दो पदक जीते। इस बीचए त्रिपुरा का प्रतिनिधित्व करने वाली दीपा करमाकर ने महिलाओं की प्रतियोगिता में कुल तीन पदक गोल्ड ;ऑल.अराउंड सिल्वर ;वॉल्ट और सिल्वर ;अनइवेन बार्स जीते। ओडिशा के राकेश कुमार पात्रा ने डबल गोल्ड ;ऑल.अराउंड और रिंग्स पैरेलल बार्स में सिल्वर और हॉरिजॉन्टल बार में ब्रॉन्ज मेडल के साथ चैंपियनशिप का समापन किया।

सर्विसेज के गौरव कुमार ने भी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चार पदक जीते। ऑलअराउंड में कांस्य के अलावा उन्होंने फ्लोर एक्सरसाइज में स्वर्ण और पैरेलल बार्स और हॉरिजॉन्टल बार में दो रजत पदक जीते। रेलवे के सिद्धार्थ वर्मा ने तीन पदक जीते। वह ऑलअराउंड में दूसरे स्थान पर रहे और वॉल्ट में स्वर्ण और पॉमेल हॉर्स में रजत पदक जीता। वहीं हरियाणा के योगेश्वर ने हॉरिजॉन्टल बार में गोल्ड और पॉमेल हॉर्स में ब्रॉन्ज मेडल जीता।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में ओडिशा के खेल एवं युवा सेवा सचिव विनील कृष्णा ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। इसके अलावा जिम्नास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधीर मितल और ओडिशा जिमनास्टिक एसोसिएशन और एएम एनएस इंडिया के अधिकारी भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के बाद खेल सचिव विनील कृष्णा ने कहा यह देखना वास्तव में बहुत खुशी की बात है कि जिस तरह से यहां जिमनास्टिक नेशनल चैंपियनशिप हुई है सभी शीर्ष जिमनास्ट यहां आए हैं और इस चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं। हमें वास्तव में खुशी है कि हमारे चैंपियनशिप के लिए बुनियादी ढांचे का इस तरह से उपयोग किया गया है।

मैं उन सभी को धन्यवाद देता हूं जो यहां कलिंगा स्टेडियम में आयोजित इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप का हिस्सा रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि सभी को एक यादगार अनुभव होगा और उम्मीद है कि मैं हर साल जिमनास्टिक्स परिवार को बार-बार देखूंगा। जिम्नास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधीर मित्तल ने जूनियर और सीनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक नेशनल चैंपियनशिप 2023.24 के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए ओडिशा सरकार के खेल और युवा सेवा विभाग को धन्यवाद और बधाई दी। उन्होंने कहा मैं राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सफलतापूर्वक आयोजन में महासंघ का समर्थन करने के लिए ओडिशा के खेल विभाग को बधाई देना चाहता हूं। मैंने पहले कभी किसी आयोजन संस्था से इस तरह का सक्रिय दृष्टिकोण नहीं देखा है हम वास्तव में इसके लिए आभारी हैं।

पहली बार हमने जूनियर और सीनियर दोनों राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने की जिम्मेदारी एक राज्य को दी है और हमने ओडिशा को उनके बुनियादी ढांचे के कारण दिया है। मुझे यकीन है कि यह बुनियादी ढांचा और दृष्टिकोण आने वाले दिनों में निश्चित रूप से अच्छे परिणाम देगा।

जिम्मेदारी | राजस्थान में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा

# सीएम भजनलाल के पास गृह, दीया कुमारी को मिला वित्त

- किरोड़ीलाल मीणा बने कृषि ग्रामीण विकास और आपदा प्रबंधन के मंत्री
- बाबूलाल खराड़ी को जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग व हीरालाल नागर को मिला ऊर्जा विभाग



**जयपुर, एजेंसी।**

जयपुर राजस्थान में भजनलाल सरकार के मंत्रियों में विभागों का बंटवारा कर दिया गया है सीएम भजनलाल शर्मा के पास गृह और आबकारी विभाग है तो वहीं डिप्टी सीएम दीया कुमारी को वित्त, पर्यटन सहित 6 विभाग दिए गए हैं डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा को परिवहन के साथ 4 और विभागों की जिम्मेदारी मिली है कृषि ग्रामीण विकास और आपदा प्रबंधन के मंत्री किरोड़ीलाल मीणा बनाए गए हैं।

इस तरह शिक्षा विभाग प्रारंभिक शिक्षा और संस्कृत शिक्षा की जिम्मेदारी मदन दिलावर को दी गई है तो वहीं जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग बाबूलाल खराड़ी और ऊर्जा विभाग हीरालाल नागर को दिया गया है बता दें कि राजस्थान में 30 दिसंबर को 22 मंत्रियों ने शपथ ली थी इसके बाद से विभागों के बंटवारे को लेकर कवायद शुरू हो गई थी।

**जानें किसे मिला कौन सा विभाग मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा:** सीएम भजनलाल शर्मा के पास गृह विभाग, आबकारी विभाग और एंटी करप्शन ब्यूरो समेत 8 विभाग हैं।

डिप्टी सीएम दीया कुमारी को वित्त विभाग, पर्यटन विभाग और महिला एवं बाल विकास समेत 6 विभाग मिले हैं डिप्टी सीएम प्रेम चंद बैरवा डिप्टी सीएम प्रेम चंद बैरवा को उच्च शिक्षा विभाग और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग समेत 4 विभाग मिले हैं। डॉ किरोड़ी लाल मीना मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीना को कृषि विभाग सहित 4 विभाग मिले हैं राज्यवर्धन राठौड़ मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ को वाणिज्य एवं उद्योग और खेल विभाग समेत 5 विभाग मिले हैं।

# महिलाएं पर्सनल हाइजीन को कर सकती हैं मेंटेन

शरीर का हाइजीन मेंटेन रखना जरूरी नहीं, बल्कि हमारी जरूरत भी होती है। क्योंकि हाइजीन का ध्यान न रखने पर हमारे शरीर में बैक्टीरिया पनपने लगते हैं।

जिससे स्किन इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। वहीं पीरियड्स और वजाइनल हेल्थ में कई बदलाव होने से महिलाओं को इंफेक्शन की संभावना हो सकती है। इसलिए जरूरी होता है कि फुल बॉडी हाइजीन पर विशेष ध्यान दिया जाए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि महिलाओं को शरीर हाइजीन को मेंटेन रखने के लिए किन टिप्स को फॉलो करना जरूरी होता है।

**समय पर बदलें पैडः**

कई महिलाएं पीरियड्स के दौरान पूरा दिन एक ही पैड लगाए रखती हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि पैड न चेंज करने से आपको वजाइनल इंफेक्शन का खतरा हो सकता है। बता दें कि पैड पर ज्यादा समय गंदा ब्लड लगा रहने से बैक्टीरिया पनपने का खतरा बना रहता है। ऐसे में आपको वजाइनल इंफेक्शन भी हो सकता है। इसलिए हर 4 से 6 घंटे के अंतराल पर पैड जरूर बदलना चाहिए।तेजी से गलने लगेगा शरीर का एक्स्ट्रा फैट, रोजाना करें इस हेल्दी चाय का सेवन

**न पहनें टाइट पैंट्सः**

बहुत ज्यादा टाइट पैंट्स पहनने से थाइज और वजाइना में पसीना आने लगता है। जिससे बैक्टीरियल इंफेक्शन होने का खतरा हो सकता है। जिससे आपको खुजली के साथ इरिटेशन भी हो सकता है। इसलिए बहुत ज्यादा देर के लिए टाइट पैंट्स पहनने से बचना चाहिए। खासकर पीरियड्स के दौरान टाइट कपड़े पहनने की गलती न करें। वरना यह क्रैम्प्स की वजह भी बन सकती है।

**न यूज करें रेजरः**

हेयर रिमूव का इस्तेमाल करने से त्वचा सॉफ्ट और क्लीन रहती है। लेकिन कई लोग रेजर का इस्तेमाल करने के दौरान सावधानी नहीं बरतते हैं। क्योंकि रेजर का इस्तेमाल करने से पहले त्वचा को अच्छे से हाइड्रेट करना चाहिए। वहीं इसते इस्तेमाल के बाद त्वचा को मॉइस्चराइज करना चाहिए। ऐसा न करने पर आपको खुजली और जलन की समस्या हो सकती है।

**न पहनें गीले कपड़ेः**

कई बार नहाने के बाद शरीर को सही से पोंछे बिना कपड़े पहन लेते हैं। ऐसे में आपको बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा हो सकता है। गीले शरीर पर कपड़े पहनने से शरीर नमी के संपर्क में आता है। जिसके कारण शरीर में खुजली हो सकती है। ऐसा होने पर आपको पूरा दिन अंकम्फर्ट महसूस हो सकता है। इसलिए नहाने के बाद शरीर को अच्छे से जरूर पोछें। फिर शरीर को माइस्चराइज करें।

**ब्रेस्ट को करें मॉइस्चराइजः**

शरीर के हाइजीन को मेंटेन रखने के दौरान ब्रेस्ट हाइजीन को नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे में आपको त्वचा संबंधी समस्या हो सकती है। इसलिए महिलाओं को ब्रेस्ट हाइजीन का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। ऐसे में नहाने के बाद शरीर को अच्छे से पोछें। फिर ब्रेस्ट को मॉइस्चराइज करना न भूलें। इससे आपकी त्वचा हाइड्रेट रहेगी। इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

